सच, सिर्फ सच **
वॉयस ऑफ लखनऊ
गुरुवार, 08 मई, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 124, पेज 12, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 106 अंकों की उछाल
पीओके व पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ठिकानों पर भारत के मिसाइल हमले के बाद सेंसेक्स 105.71 अंक चढ़कर 80,746.78 अंक पर बंद हुआ। } 10

रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से लिया संन्यास
रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की जिससे सबसे लंबे प्रारूप में उनके भविष्य को लेकर सभी अटकलें खत्म हो गईं। } 11

....सिर उठाया तो फिर मारेंगे

वायुसेना के ऑपरेशन सिंदूर की विदेश सचिव विक्रम मिसरी व दो महिला अफसरों–सेना की सिग्नल कोर की कर्नल सोफिया कुरैशी व वायुसेना की हेलीकॉप्टर पायलट विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने दी जानकारी।

विदेश सचिव विक्रम मिसरी

सिग्नल कोर की कर्नल सोफिया कुरैशी

वायुसेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह

ऑपरेशन 'सिंदूर' से देश को मिली नयी ताकत
एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय सशस्त्र बलों ने पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेते हुए सख्त जवाबी कार्रवाई में मंगलवार देर रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए, जिनमें आतंकवादी समूहों लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के गढ़ भी शामिल हैं। विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ एक मीडिया ब्रीफिंग में दो महिला अधिकारियों-सेना की सिग्नल कोर की कर्नल सोफिया कुरैशी और भारतीय वायुसेना की हेलीकॉप्टर पायलट विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया कि यह अभियान देर रात 1:05 बजे से 1:30 बजे तक चलाया गया और सभी लक्ष्यों को कुशलतापूर्वक नष्ट कर दिया गया।

भारत की नपी-तुली, टकराव को नहीं बढ़ाने वाली, संतुलित और जिम्मेदाराना कार्वाई 25 मिनट तक चली। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि भारत ने 22 अप्रैल के पहलगाम हमले के दोषियों और साजिशकर्ताओं को न्याय के कठघरे में लाने के लिए आनुपातिक हमले करने का निर्णय लिया, क्योंकि पाकिस्तान की ओर से उसके नियंत्रण वाले क्षेत्रों में ...शेष पृष्ठ 10 पर

एयरस्ट्राइक में मसूद अजहर का खानदान खत्म
एजेंसी

लाहौर। जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मौलाना मसूद अजहर ने बुधवार को कबूल किया कि बहावलपुर में उसके संगठन के मुख्यालय पर भारतीय मिसाइल हमले में उसके परिवार के 10 सदस्य और चार करीबी सहयोगी मारे गए हैं। अजहर के हवाले से जारी एक बयान में कंहा गया कि बहावलपुर में जामिया मस्जिद सुभान अल्लाह पर हमले में मारे गए लोगों में जैश सरगना की बड़ी बहन और उसका पति, एक भांजा और उसकी पत्नी, एक भांजी और परिवार के पांच अन्य बच्चे शामिल हैं। बयान में कहा गया कि हमले में अजहर के एक करीबी सहयोगी और उसकी मां तथा दो अन्य करीबी साथियों की भी जान चली गई। इसमें कहा गया, क्रूरता के इस कृत्य ने सारी हदों को पार कर लिया है। अब दया की कोई उम्मीद नहीं की जानी चाहिए। अजहर को 1999 में विमान आईसी-814 के अपहृत यात्रियों की रिहाई के ऐवज में जेल से छोड़ा गया था। उसके बाद से बहावलपुर जैश का अड्डा बना हुआ था। संयुक्त राष्ट्र ने मई 2019 में अजहर को वैश्विक आतंकवादी घोषित किया था। तब चीन ने जैश प्रमुख को आतंकवादी घोषित करने के प्रस्ताव पर अपनी रोक को हटा लिया था। उस समय नई दिल्ली ने पहली बार संयुक्त राष्ट्र से इस बाबत संपर्क किया था। अजहर अप्रैल 2019 से कभी सार्वजनिक तौर पर नहीं दिखा है और माना जाता है कि वह बहावलपुर में किसी सुरक्षित जगह पर छिपा हुआ है। यह समूह भारत में कई आतंकवादी हमलों में ...शेष पृष्ठ 10 पर

यूपी में रेड अलर्ट

लखनऊ। भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी ठिकानों पर किए गए मिसाइल हमलों के मद्देनजर बुधवार को उत्तर प्रदेश में रेड अलर्ट घोषित कर दिया गया। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने राज्य पुलिस के एक्स खाते से पोस्ट कर कहा ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना द्वारा आतंकी ठिकानों पर की गई कार्वाई के मद्देनजर उत्तर प्रदेश में रेड अलर्ट घोषित किया गया है। पोस्ट में कहा गया उत्तर प्रदेश पुलिस की सभी फील्ड इकाइयों को रक्षाबलों से समन्वय स्थापित करने एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस सतर्क है, ...शेष पृष्ठ 10 पर

योजना के अनुरूप लक्ष्यों पर किया सटीक हमला
एजेंसी



नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि भारत की सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और इसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों को नष्ट करने में सटीकता, सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ कार्वाई करके इतिहास रच दिया है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत निर्धारित लक्ष्यों को योजना के अनुसार सटीकता के साथ नष्ट कर दिया गया। भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान और इसके कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकवादी ठिकानों पर हमले के कुछ घंटों बाद सिंह ने यह बात कही। पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ सशस्त्र बलों की जवाबी कार्वाई की सराहना करते हुए सिंह ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के जरिये भारत ने अपनी धरती पर हुए हमले का जवाब देने के अपने अधिकार का प्रयोग किया है। सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादियों को प्रशिक्षित करने वाले शिविरों को नष्ट करने में सटीकता, सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ कार्वाई करके इतिहास रच दिया। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा, हमने केवल उन लोगों को मारा, जिन्होंने हमारे निर्दोष लोगों की हत्या की। आज हमारे सशस्त्र बलों ने जो किया है, उसे पूरी दुनिया ने देखा है। यह कार्वाई बहुत सोच-समझकर और नपे-तुले तरीके से की गई। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों का मनोबल तोड़ने के उद्देश्य से यह कार्वाई उनके ठिकानों और अन्य ...शेष पृष्ठ 10 पर

विशेष खबर मुख्यमंत्री ने राजधानी लखनऊ के रिजर्व पुलिस लाइन में नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल में देखी तैयारियां

बहन–बेटियों का सिंदूर छीनने वालों को खोना पड़ा खानदान : योगी
विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकियों को करारा जवाब है और जिन्होंने भारत की बहन बेटियों का सिंदूर छीनने की कोशिश की, उन्हें अपना खानदान खोना पड़ा है।

पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी शिविरों पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना के सटीक हमलों की पृष्ठभूमि में, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को नागरिकों से सतर्क रहने और ऐसे महत्वपूर्ण समय में राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अपने कर्तव्यों को पूरा करने का आग्रह किया। लखनऊ में रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल में एक सभा को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा प्रत्येक नागरिक को यह समझना चाहिए कि आपातकालीन स्थितियों में, देश पहले

आता है। हमें अपने सुरक्षा बलों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा होना चाहिए और अपनी सतर्कता, एकता और प्रतिबद्धता के माध्यम से उनका मनोबल मजबूत करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और देश की सेना की बहन-बेटियों के प्रति संवेदना का प्रतीक है। सेना के पराक्रम को जनता का भी पूरा समर्थन है। उन्होंने पहलगाम हमले पर सेना की कार्वाई को निर्णायक बताया। सीएम बोले, देश की आन बान और शान के साथ किसी को खिलवाड़ नहीं करने देंगे। देश सर्वप्रथम है। भारत माता के खिलाफ जिन्होंने साजिश रची है उन्हें इसका परिणाम भुगतना होगा। देश की नागरिक सुरक्षा तैयारियों का आकलन करने के लिए केंद्र द्वारा पहले ही राष्ट्रव्यापी मॉक ड्रिल की घोषणा की गई थी, और पूरे दिन पूरे उत्तर प्रदेश में इसी तरह के अभ्यास आयोजित किए गए। पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले में एक नेपाली नागरिक सहित 26 लोगों की जान चली गई थी। इस हमले में सशस्त्र बलों द्वारा की गई त्वरित जवाबी कार्वाई की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश की जनता की ...शेष पृष्ठ 10 पर

चारधाम यात्रा में सुरक्षा के सख्त इंतजाम
केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ सीएम धामी की उच्चस्तरीय बैठक
प्रमुख संवाददाता

देहरादून। पाकिस्तान से तनाव के चलते चारधाम यात्रा में तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के सख्त इंतजाम किये जायेंगे। इसके साथ ही उत्तराखण्ड में स्थित राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों, ऊर्जा संयंत्रों व बांधों की सुरक्षा के विशेष इंतजाम किये जायेंगे। इस आशय के निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उच्चस्तरीय बैठक में अधिकारियों को दिए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की वर्चुअल बैठक में प्रतिभाग करने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में उच्चाधिकारियों के साथ बैठक की।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सीमाओं की परिस्थितियों को देखते हुए चारधाम यात्रा, उत्तराखंड में स्थित महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और बांधों और ऊर्जा संयंत्रों की सुरक्षा के लिए विशेष इंतेजाम किये जायें। उन्होंने कहा कि इस समय राज्य में चारधाम यात्रा चल रही है, जिसमें लाखों तीर्थयात्री प्रतिभाग कर रहे हैं इसलिए यात्रा मार्ग सहित चारों धामों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जायें। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से लगे राज्य के सभी क्षेत्रों में सुरक्षा की दृष्टि से पुख्ता इंतजाम किये जायें, सीमांत क्षेत्रों में होने वाली संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाए। उन्होंने कहा कि इस समय राज्य में चारधाम यात्रा चल रही है, जिसमें लाखों तीर्थयात्री प्रतिभाग कर रहे हैं इसलिए यात्रा मार्ग सहित चारों धामों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में कई राष्ट्रीय महत्व के प्रतिष्ठान हैं, इन संस्थानों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी ...शेष पृष्ठ 10 पर

C M Y K

सीएम ने देखी मॉकड्रिल में जवानों की जांबाजी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। रिजर्व पुलिस लाइन लखनऊ में बुधवार रात ब्लैक आउट किया गया। यहां हमले से रेस्क्यू की मॉक ड्रिल की गई। इसमें शहर के 5 हजार लोग पहुंचे थे, जिन्हें युद्ध के दौरान कैसे सावधान रहा जाए यह बताया-और सिखाया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी पुलिस लाइन में आधे घंटे मौजूद रहे।

- **मैदान में खेल रहे बच्चों पर हुआ हमला डीजीपी डीएम व सीपी लखनऊ समेत कई अफसर रहे मौजूद**

पुलिस लाइन के माहौल को देख कर लग रहा था कि यह कोई कालोनी है जहां पर बच्चे खेल कूद रहे हैं और भजन-कीर्तन चल रहे थे। इसी दौरान उन पर हमला हो गया। साथ ही मोहल्ले में आग लग गई। बचाव के लिए मॉक ड्रिल की गई।

अस्पताल पहुंचाने का का सीन किया गया क्रिएट : मॉक ड्रिल से पहले दिन में रिहर्सल की गई। उसमें बमबारी-भगदड़ का सीन क्रिएट किया गया। सिविल डिफेंस टीम को सूचना दी गई कि बमबारी हुई है और भगदड़ मची है। कई लोग घायल हो गए हैं। इस सूचना पर पुलिस जवानों के साथ सिविल डिफेंस के लोग घटनास्थल पर पहुंचते हैं और लोगों को बाहर निकालते हैं। मेडिकल पोस्ट पर लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया जाता है। इससे पहले मंगलवार को भी पुलिस लाइन में मॉक ड्रिल का रिहर्सल किया गया था। जिसमें सिविल डिफेंस के लोग सायरन बजते ही जमीन पर लेट गए और हाथों से अपने दोनों कान बंद कर लिए था। गोली लगने या हमलों के दौरान क्या किया जाए, इसकी ट्रेनिंग भी आम लोगों को दी गई थी। भारत के पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक के बाद बुधवार को दिनभर शहर में जश्न का माहौल रहा। लोग तिरंगा लेकर सड़कों पर निकले। आर्मी के लिए जिंदाबाद के नारे लगाए। उट योगी ने आदेश दिया कि सभी विभाग अलर्ट रहें। सोशल मीडिया की निगरानी की जाए। मार्क ड्रिल समाप्ति के बाद मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों पर पुलिस कमिश्नर ने सभी मातहतों को कोई चूक न हो इसके लिए आदेशित किया और सजग रहने के लिए बताया।

आतंकवाद को खत्म करने में सरकार के साथ : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। अखिलेश यादव ने कहा है कि आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए भारत सरकार जो फैसले लेगी समाजवादी पार्टी उसके साथ है। सपा का कहना है कि जड़ पर वार कीजिए उसको खत्म कीजिए। जब जड़ पर हमला होगा तो टहनियां अपने आप समाप्त हो जाएगी।

अखिलेश यादव बुधवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ के डॉ. राम मनोहर लोहिया सभागार में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन के अवसर पर मीडिया को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सपा नई दिल्ली में होने वाली सर्वदलीय बैठक में अपनी राय रखेगी। भाजपा को आतंकवाद से और सख्ती से मुकाबला करना होगा। यह बहुत संवेदनशील मामला है। हमारी फौज पूरी तरह सक्षम है मुंहतोड़ जवाब देने के लिए। उन्होंने कहा कि सजग रहने से ही सीमा की सुरक्षा हो सकती है। इसमें कोई चूक स्वीकार्य नहीं होगी। हमें अपनी सेना पर पूरा भरोसा है। उसकी वजह से हम सुरक्षित हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में अन्याय और अत्याचार चरम पर है। भाजपा वोट के लिए कुछ भी कर सकती है। इसमें एक निवर्तमान होने वाले सीएम ओसीएम हैं और दो डीसीएम डिप्टी चीफ मिनिस्टर हैं। इनको न हाता भाता है न तिलक लुभाता है। भाजपा सरकार विपक्ष और खासकर ब्राह्मणों के खिलाफ राजनीतिक दुर्भावना से फैसले लेती है।

यादव ने कहा कि पीडीए में ब्राह्मण भी शामिल हैं। पीडीए में हर पीड़ित शोषित शामिल है। हम सब मिलकर 2027 में भाजपा सरकार को हटाने का काम करेंगे। भाजपा के हटने पर ही लोग खुशहाल होंगे और उन्हें अन्याय, अत्याचार से छुटकारा मिल सकेगा।

नेता विरोधी दल विधानसभा माता प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि भाजपा जाति विशेष की सरकार है। वह समाज का नियंता है। ब्राह्मण अब 2027 में भाजपा को हटाकर अखिलेश यादव के नेतृत्व में सपा की सरकार बनाएगा। इससे पूर्व संचालन कर रहे पूर्व मंत्री पवन पाण्डेय ने कहा कि भाजपा सरकार में ब्राह्मणों पर लगातार अत्याचार हो रहा है। अभी हत्याएं हो रही है। कहीं सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने तमाम घटनाएं गिनाईं और कहा कि अब हमें मिलकर भाजपा को सत्ता से बेदखल करना है। कार्यक्रम में शिवपाल सिंह यादव, माता प्रसाद पाण्डेय, अवधेश प्रसाद, राजेन्द्र चौधरी, श्यामलाल पाल, अभिषेक मिश्र, कुशल तिवारी, गणेश शंकर पाण्डेय, संतोष पाण्डेय, यासर शाह आदि प्रमुख नेता उपस्थित रहे।

मोदी ने देश की राजनीति में लिखा एक नया इतिहास : लक्ष्मण

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जाति जनगणना कराये जाने के ऐतिहासिक फैसले पर बुधवार को लखनऊ के सहकारिता भवन में संगोष्ठी एवं आभार सभा सम्पन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के लक्ष्मण रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश सरकार में मंत्री व भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने की। कार्यक्रम को पूर्व सांसद व भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री संगम लाल गुप्ता ने भी संबोधित किया। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश महामंत्री व एमएलसी रामचंद्र प्रधान ने संचालन किया।

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के. लक्ष्मण ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जातीय जनगणना कराये जाने का फैसला लेकर भारत की राजनीति में एक नया इतिहास लिखने का काम किया है। जातीय जनगणना कराने से विशेष कर भारत के अन्य पिछड़े एवं अति पिछड़े वर्ग के लोगों को अपनी संख्या की पहचान होगी और संख्या के अनुपात में संवैधानिक अधिकारों को पाने का अवसर मिलेगा।

प्रधानमंत्री के इस ऐतिहासिक फैसले का ओबीसी मोर्चा एवं ओबीसी समाज हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करता है। उन्होंने कहा कि अफसोस कि गैर भाजपाई किसी भी सरकार ने जातीय जनगणना कराने का कभी साहस नहीं जुटाया और आज उनकी पार्टी के नेता राहुल गांधी, अखिलेश यादव तथा तेजस्वी यादव जैसे अनेको पिछड़ा वर्ग विरोधी सोच रखने वाले, आज मोदी के जातीय जनगणना कराने के फैसले का श्रेय लेने की होड़ में खड़े हो गये हैं। अच्छा होता कांग्रेस, सपा, राजद जैसे सभी गैर भाजपाई दलों के नेता भारत के पिछड़े वर्ग के लोगों से माफी मांगते।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने लोकसभा में आश्वासन दिया था कि जाति जनगणना पर कैबिनेट में विचार किया जाएगा। इसके बाद एक समिति का भी गठन किया गया जिसमें अधिकांश राजनैतिक दलों ने जातिगत आधार पर जनगणना की संस्तुति की लेकिन तत्कालीन केंद्रीय गृह मंत्री पी चिदम्बरम ने 2011 की जनगणना जातिगत आधार पर कराने का विरोध किया और कहा कि जातियों की गिनती जनगणना में नहीं बल्कि अलग से करायी जाएगी। इसके बावजूद कांग्रेस की सरकार ने जाति जनगणना की जगह एक सर्वे करवाया जिस पर 4893.60 करोड़ रूपये खर्च किये गये लेकिन जातिगत आकड़े प्रकाशित नही हुए क्योंकि इस सर्वे में 8.19 करोड़ गलतियां पायी गयी।

पाकिस्तान को करतूतों की मिली सजा : मौलाना कारी

विशेष संवाददाता (vol)

देवबंद/सहारनपुर। भारतीय सेना द्वारा बीती रात पाकिस्तान स्थित कुछ आतंकवादी ठिकानों पर की गई कार्रवाई को लेकर जहां पूरे देश में राहत और संतोष की लहर है, वहीं देश के तमाम अमन पसंद तबकों ने भी इसे हालिया आतंकी घटनाओं के जवाब में एक जरूरी और मजबूरन उठाया गया कदम बताया है।

इस मौके पर जमीयत दावातुल मुस्लिमीन के संरक्षक व मशहूर उलेमा मौलाना कारी इसहाक गोरा ने अपने बयान में कहा कि आतंकवाद किसी मजहब या कौम की नुमाइंदगी नहीं करता। यह एक नासूर है जो इंसानियत और समाज दोनों के लिए खतरा है। पाकिस्तान की सरजमीन से वक्त वक्त पर जो दहशतगर्दी हिंदुस्तान में फैलाने की कोशिशें की जाती रही हैं, वे निहायत अफसोसनाक और निंदनीय हैं। अभी हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में जो दर्दनाक हादसा पेश आया, उसने पूरे मुल्क को गम और गुस्से में डाल दिया। उन्होंने भारतीय सेना की कार्रवाई को संतुलित शब्दों में सराहते हुए कहा कि हमारी सेना ने जो कदम उठाया है, वह मुल्क की हिफाजत के लिहाज से एक जिम्मेदाराना और साहसिक कार्रवाई है। ये कोई हमला नहीं, बल्कि अपने मुल्क की सुरक्षा में किया गया जायज बचाव है। मैं अल्लाह से दुआ करता हूं कि हमारी सेना को मजबूती अता फरमाए और उसे हर खतरे से महफूज रखे। मौलाना कारी इसहाक गोरा ने अपने बयान में विशेष रूप से यह स्पष्ट किया कि कि हिंदुस्तान एक अमन पसंद मुल्क है, और यहां की आवाम खास तौर पर मुसलमान हमेशा शांति, इंसाफ और मोहब्बत के हामी रहे हैं।

विस अध्यक्ष ने सेना के साहसिक नेतृत्व को सराहा

लखनऊ। यूपी विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के अंतर्गत भारतीय सेना द्वारा दिखाए गए शौर्य, पराक्रम और साहसिक नेतृत्व को नमन करते हुए सराहना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने एक बार फिर यह सिद्ध किया है कि भारत की रक्षा-संस्थाएं हर चुनौती का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम हैं। यह ऑपरेशन भारतीय सशस्त्र बलों की रणनीतिक कुशलता, अद्वितीय समर्पण और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। महाना ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके दृढ़ संकल्प और सशक्त नेतृत्व ने राष्ट्र को गौरव और आत्मगौरव की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। प्रधानमंत्री के निर्देशन में भारत आज न केवल अपनी सीमाओं की रक्षा कर रहा है, बल्कि विश्वपटल पर भी एक सशक्त राष्ट्र के रूप में उभर रहा है। महाना ने देशवासियों से आह्वान किया कि वे सेना के इस शौर्यगाथा को यथोचित सम्मान दें और एकजुट होकर राष्ट्र की एकताए अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के लिए संकल्पित रहें।

आतंक का जवाब घर में घुसकर देगा भारत : केशव

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ऑपरेशन सिंदूर चलाए जाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई दी है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की हत्या का भारतीय सेना ने आपरेशन सिंदूर से करारा जवाब दिया। यह नया भारत है, दहशतगर्दी का जवाब पाकिस्तान में घुसकर, आतंक की फैक्ट्री को तहस-नहस करके दिया जाता है। सेना के शौर्य पर गर्व है। शहीद पर्यटकों को विनम्र श्रद्धांजलि। अब हर आंसू का हिसाब चुकता होगा।

जयंत चौधरी ने भारतीय सेना को दी बधाई

लखनऊ। रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने भारतीय सेना को बधाई देते हुए ट्वीट किया है भारत माता की जय। राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी ने भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को सलाम करते हुए कहा कि पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा किये गये कायराना हमले का मुंहतोड़ जवाब हमारी देश की सेना और हमारी सरकार ने दिया है। हमारा अखण्ड भारत ऐसी स्थिति में पक्ष-विपक्ष एक साथ खड़ा होकर पाकिस्तान के मंसूबे पर पानी फेरने का काम करेगा। रालोद देश की सेना और सरकार के हर कदम के साथ खड़ा है। उन्होंने भारत सरकार से आग्रह किया कि इस मुहिम को तब तक जारी रखा जाय जब तक हमारे पड़ोसी मुल्क से एक-एक आतंकी का सफाया न हो जाय। उन्होंने आपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर भारतीय सेना को बधाई दी और कहा कि देश का प्रत्येक नागरिक आज अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहा

सेना के पराक्रम को सलाम : अजय राय

लखनऊ। दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की उपस्थिति में कांग्रेस कार्य समिति की एक आपात और महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। जिसमें सर्वसमत्ति से यह निर्णय लिया गया कि देश एक महत्वपूर्ण दौर से गुजर रहा है। कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से अपनी सेना के साथ इस निर्णायक दौर में खड़ी है। अतः पूरे देश में अगली सूचना तक पार्टी द्वारा निर्धारित सभी कार्यक्रम स्थगित कर दिये गये हैं। इस मौके पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि आज जो हमारी भारतीय सेना ने कार्य किया है जिससे समस्त देशवासियों का मस्तक गर्व से ऊंचा हो गया है। पहलगाम में शहीदों को इससे अच्छी श्रद्धांजलि नहीं दी जा सकती। हम अपनी सेना के पराक्रम और साहस को सलाम करते हैं।

लोकदल ने की भारतीय सेना की सराहना

लखनऊ। भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमला कर आतंकियों को करारा जवाब दिया है। दोबारा ऐसी घटना न हो, इस घटना से अलर्ट रहने की जरूरत है। उन्हें मुंहतोड़ जवाब ऐसे ही देना चाहिए। आज इस बदले से पहलगाम आतंकी हमले में मरने वाले लोगों को श्रद्धांजलि मिली है और उन्हें न्याय मिला है। भारतीय सेना की इस कार्रवाई पर सुनील सिंह ने भी सराहना की।

सिंदूर स्ट्राइक ने भारतीयों का सीना चौड़ा किया

लखनऊ। स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन मंत्री रवींद्र जायसवाल ने भारतीय सेना द्वारा किए गए स्ट्राइक पर कहा है कि जिस मांग का सिंदूर उजड़ा था सिंदूर स्ट्राइक ने भारतीयों का सीना चौड़ा कर दिया है। देश के 140 करोड़ भारतीयों का सीना चौड़ा हुआ है। सबके सीने 56 इंच के हुए है, सैल्यूट है भारतीय सेना को। बधाई है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कि उन्होंने बहनों के सिंदूर का बदला सिंदूर स्ट्राइक से लिया। ये हमला वहीं हुआ है जहां आंतकवादी गतिविधियां हैं। पाकिस्तान के सामान्य नागरिकों को छेड़ा नहीं गया। पाकिस्तान अगर सुधरा नहीं तो उसे भुगतना पड़ेगा।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद अयोध्या में अस्थायी मोर्चे बनाये गये, ड्रोन से की निगहबानी

लखनऊ। भारत द्वारा पाकिस्तान के आतंकी संगठनों के कैम्पों पर तबाह किए जाने के बाद अयोध्या में राममंदिर के कारण सुरक्षा बढ़ा दी गई है। नगर की सीमाओं सहित अंदर के क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जल, थल और नभ ने सुरक्षा की निगहबानी की जा रही है। खासतौर पर रात के समय आवागमन करने वालों से पूछताछ की जा रही है। अयोध्या धाम जंक्शन परिसर में आरपीएफ ने अस्थाई मोर्चा बनाकर सशस्त्र पुलिसकर्मी तैनात कर दिया है। सरयू नदी में रात के समय जल पुलिस की गतिविधि बढ़ गई है। रामजन्मभूमि परिसर हाई अलर्ट पर है। आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए बुधवार की सुबह ही मॉक ड्रिल किया गया। पूरे परिसर में सुरक्षा एजेंसियों की सक्रियता को परखा गया। रेड जोन के अलावा यलो जोन के प्रमुख स्थल पर भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बम और डॉग स्क्वाड टीम स्थलों के अगल बगल गहन चेकिंग कर रही हैं। राम जन्मभूमि परिसर से सटे पूरे रामकोट क्षेत्र के दुकानदारों को किसी भी व्यक्ति पर शक होने पर पुलिस को तत्काल सूचित करने को कहा गया है। केंद्र और प्रदेश की खुफिया एजेंसी सहित एसओजी होटल, धर्मशाला और होमस्टे में छापा मार कार्रवाई कर रही हैं। आरपीएफ के उप निरीक्षक अरविंद तिवारी ने बताया कि स्टेशन परिसर में सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं। जिसमें अस्थायी रूप से मोर्चा बनाकर 24 घंटे पुलिसकर्मी की तैनाती कर दी गई है। उन्होंने बताया इसी के साथ ट्रेनों के आने और जाने पर उसकी भी जांच की जा रही है। हर यात्री पर पुलिस की नजर है।

भारत चेतावनी नहीं देता सीधा ध्वस्त करता है : ओमप्रकाश राजभर

लखनऊ। प्रदेश के पंचायत राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा है कि पाकिस्तान याद रखेगा, ये बदला नहीं आग का महासंग्राम था। बम से ज्यादा भारी पड़ा हिंदुस्तान का इरादा।! ये नया भारत है, पहले चेतावनी नहीं देता, सीधा ध्वस्त करता है। उन्होंने आपरेशन सिंदूर के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया।

सेना ने दिया आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब : कपिल देव

लखनऊ। ऑपरेशन सिंदूर चलाए जाने को लेकर व्यवसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिलदेव अग्रवाल ने बुधवार को बयान जारी कर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आतंकी हमले का भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया है। पाकिस्तान में घुसकर आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर भारत की सेना ने ईंट का जवाब गोली से दिया है। भारत ने यह दुनिया को बता दिया कि वह अहिंसावादी व सहिष्णु है लेकिन कमजोर नहीं। कोई इस तरह उसके देशवासियों की जान लेगा तो वह करारा जवाब देगा। सेना पर गर्व है और इस आपरेशन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को बधाई।

बसपा ने की आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना की कार्रवाई की प्रशंसा

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों के खिलाफ भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की बुधवार को सराहना की। बसपा प्रमुख मायावती ने भी एक्स पर पोस्ट कर कहा, कि पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने की भारतीय सेना की आपरेशन सिंदूर कार्रवाई गौरवमय व सराहनीय। भारतीय सशस्त्र बलों ने पहलगाम आतंकी हमले के दो सप्ताह बाद सख्त जवाबी कार्रवाई करते हुए मंगलवार देर रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किये, जिनमें आतंकवादी समूहों लश्कर-ए-तोएबा और जैश-ए-मोहम्मद के गढ़ भी शामिल हैं।

देहरादून में हवाई हमला होने की स्थिति को लेकर हुई मॉकड्रिल

प्रमुख संवाददाता

देहरादून । देहरादून मे दोपहर 4:15 बजे शहर में हवाई हमले की स्थितियों की माकड्रिल की गयी। मिसाइल हमले की सूचना प्राप्त होते ही जिलाधिकारी सविन बंसल ने घटना पर शहर वासियों को सायरन के माध्यम से अलर्ट करवाते हुए, जिले में आईआरएस सिस्टम को सक्रिय किया। संबंधित अधिकारियों को तत्काल अपने-अपने कार्य क्षेत्र पर उपस्थित होने व राहत एवं बचाव कार्य करने के दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी सविन बंसल ने पहुंचे एनआईसी सेंटर में स्थापित कंट्रोल रूम पहुंच कर बचाव अभियान व आइआरएस की कमान संभाली।

एमडीडीए कालोनी में हुआ मिसाइल हमला : देहरादून की एमडीडीए कॉलोनी में मिसाइल हमले की स्थिति की माकड्रिल की गई। कालोनी में मिसाइल हमले से एक बिल्डिंग गिर गयी है। जिसमें कुछ लोग हताहत भी हुए है। मेडिकल टीम, एसडीआरएफ टीम एवं अन्य टीम मौके पर रवाना हुई और बचाव अभियान शुरू किया गया।

आईएसबीटी देहरादून के पास बमबारी से मची भगदड़ : आईएसबीटी के पास बमबारी जैसी विस्फोट होने से भगदड़ होने की स्थितियों की माकड्रिल की गयी। बमबारी की घटना के कारण लोगों में भगदड़ मच गयी है। मेडिकल टीम, एसडीआरएफ टीम एवं अन्य टीम मौके द्वारा राहत बचाव कार्य गतिमान है। मिसाइल हमले व बमबारी की घटना का देहरादून में डीएम सविन बंसल व एसएसपी अजय सिंह की अगुवाई में आईटीबीपी, पुलिस, एनडीआरएफ व एसडीआरएफ माध्यम से घायलों का सर्च एंड रेस्क्यू का सफल माकड्रिल किया गया है।

- **डीएम देहरादून सविन बंसल पहुंचे एनआईसी सेंटर, संभाली आइआरएस की कमान**
- **सायरन बजाकर शहरवासियों को हमले के माध्यम से किया गया अलर्ट**
- **देहरादून की एमडीडीए कालोनी में मिसाइल हमले की सूचना पर पहुंची मेडिकल व एसडीआरएफ की टीमें**
- **आईएसबीटी देहरादून में बमबारी से भगदड़ की मिली सूचना, बचाव में जुटीं मेडिकल व एसडीआरएफ की टीमें**

'ऑपरेशन सिंदूर' पर लखनऊ ने मनाया जश्न, लड्डू बंटे, पटाखे फोड़े

बाजारों और घरों में खुशियां, लोगों ने ऑपरेशन सिंदूर को खूब सराहा

लखनऊ। आपरेशन सिंदूर चलाकर भारत की सेना ने पाकिस्तान के नौ आतंकी ठिकानों को नष्ट किए जाने की जानकारी पाकर राजधानी में हर तरफ खुशी की लहर दौड़ गई। गली, चौराहों पर तिरंगा यात्रा निकाली गईं तो बाजारों और घरों में लोगों ने पटाखे छुड़ाएं तो मिठाई बांटकर बधाई दी। पहलगाम में मृतकों की विधवाओं के सिंदूर का बदला लेने पर भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर को खूब सराहा। लड्डू बांटे गए। देर रात हुई कार्रवाई के बाद सुबह ही लखनऊ में लोग सड़क पर उतर कर खुशी का इजहार करने लगे। स्कूलों में बच्चों को मॉक ड्रिल की जानकारी दी गई तो सरकारी कार्यालयों व निजी दफ्तरों में पूरे दिन भारत की जवाबी कार्रवाई पर ही चर्चा होती रही। लोग बोले– सेना ने बहनों का सिंदूर मिटाने वालों का नाम मिटा दिया। हिंदू हो या मुस्लिम, बच्चे या फिर महिलाएं और बुजुर्ग, हर किसी ने गौरवान्वित स्वर में कहा हम भारतीय, जय हिन्द।

इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के चेयरमैन ने लहराया तिरंगा

भारत के ऑपरेशन सिंदूर पर लखनऊ के इस्लामिक सेंटर आफ इंडिया के चेयरमैन मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने हाथों में तिरंगा झंडा लहराया। इसके साथ ही खुशी जाहिर की। साथ में बच्चों ने भी तिरंगा फहराया। मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने कहा पहलगाम हमले के 15वें दिन भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाक पर एयर स्ट्राइक से हर तरफ खुशी का माहौल है। भारतीय सेना के जवानों ने जिस तरीके से पीओके पर आतंकवादियों के ठिकाने पर हमला किया है इसका हम खैर मकदम करते हैं। जब से पहलगाम में हमला हुआ था तभी से देश का हर नागरिक भारतीय सेना की तरफ उम्मीद की निगाह से देख रहा था। आज तमाम लोग देश के खुशियां मना रहे हैं जश्न मना रहे हैं। चौक इलाके में स्टेडियम के पास लोग इक्कठा हुए। इस दौरान तिरंगा झंडा लहरा कर वंदे मातरम, भारत माता की जय, हिंदुस्तान जिंदाबाद, इंडियन आर्मी जिंदाबाद के नारे लगाए गए। इस मौके पर बड़ी संख्या में महिलाएं भी मौजूद रहीं और इस जश्न का हिस्सा बनीं। दारुल उलूम फरंगी महल के छात्रों और शिक्षकों ने बुधवार को हाथों में तिरंगा लेकर भारतीय सेना के जवाबी हमले की खुशी जाहिर की। सभी ने हाथों में तिरंगा लेकर हिंदुस्तान जिंदाबाद और भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाए।

मुंशी पुलिया चौराहे पर जलाये गये पटाखे

मुंशी पुलिया चौराहे पर पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर की गई ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के बाद जश्न का माहौल दिखा। इस आक्रामक एयर स्ट्राइक को लेकर टेंट कैटर्स एंड डेकोरेटर व असोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश ने खुशी जताई और पटाखे फोड़े।

1090 चौराहे पर भारत माता के जयकारे पकिस्तान मुर्दाबाद के लगे नारे

1090 चौराहे पर विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के लोगों ने जश्न मनाया। विश्व हिंदू रक्षा परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने कहा कि पाकिस्तान में ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकी कैंपों पर हिंदुस्तानी बारूद बरसाकर उन्हें नेस्तानाबूद कर दिया है। इसे पहलगाम आतंकी हमले के बाद एक आक्रामक बदले के तौर पर हम देख रहे हैं। सैकड़ों की संख्या में लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी और भारतीय सेना को बधाई दी। भारत ने कहा कि पीएम मोदी के छप्पन इंच के सीना ने एक एतिहासिक ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान के कई ठिकानों पर एयर स्ट्राइक कर हजारों आतंकवादियों को मार गिराया। लोगों ने कहा कि, जेहादियों ने कहा था जाओ मोदी को बता देना, जाओ बता दिया, हिंदुस्तान ने पाकिस्तान को जवाब में दिया एयर स्ट्राइक। इस दौरान मौजूद लोगों ने हिंदुस्तान जिंदाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद, भारतीय सेना जिंदाबाद, प्रधान मंत्री मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए। प्रदर्शन करने वाले लोगों के हाथ मे ढेरों तख्तियां थी जिसमें, धर्म पूछ कर गोली मारी अब भारी कीमत चुकाओगे, भारत की आत्मा पर हमला किया अब मिट्टी में मिल जाओगे, जब तक तोड़ेंगे नहीं तबतक छोड़ेंगे नहीं, धर्म बताना प्रारम्भ हो गया जैसे स्लोगन लिखे थे।

अमीनाबाद बाजार में तिरंगा मार्च, व्यापारी बोले-सेना पर गर्व है

उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मण्डल ने देश की सेना पर गर्व करते हुए तीनों सेनाध्यक्षों, देश के सैनिकों, प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री, गृह मंत्री को बधाई दी। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि वर्तमान भारत विश्व की महाशक्ति में से एक है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर देश की सेना के अदम्य शौर्य, पराक्रम और संकल्प का सजीव प्रमाण है। हमें अपनी सेना पर गर्व है। उन्होंने कहा पाकिस्तान के विरुद्ध और बड़ी कार्रवाई भारत करें, देश के व्यापारी एवं देश की जनता साथ है। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मण्डल के तत्वावधान में अमीनाबाद प्रभारी हिमांशु गुप्ता के नेतृत्व में अमीनाबाद बाजार में तिरंगा मार्च निकाला गया। मार्च में व्यापारियों ने भारत माता की जयघोष करते हुए देश के वीर सैनिकों, तीनों सेनाध्यक्षों, प्रधानमंत्री, गृह मंत्री एवं रक्षा मंत्री को बधाई दी तथा ढोल नगाड़े बजाकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर व्यापारियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई।

सेना के सम्मान में बिजलीकर्मियों ने निकाली तिरंगा सम्मान यात्रा

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर बुधवार को राजधानी समेत उत्तर प्रदेश के सभी जिलों और परियोजनाओं पर भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम के सम्मान में बिजली कर्मियों ने तिरंगा रैली निकाली। निजीकरण के विरोध में शक्तिभवन पर चल रहा क्रमिक अनशन छठे दिन जारी रहा। संघर्ष समिति ने अवैध ढंग से नियुक्त किये गये ट्रांजैक्शन कंसलटेंट ग्रान्ट थॉर्टन की नियुक्ति निरस्त करने और निजीकरण की प्रक्रिया वापस लेने की मांग की है। शक्तिभवन पर चल रहे क्रमिक अनशन स्थल से बिजली कर्मचारियों और अभियन्ताओं ने तिरंगा रैली निकाली। सैकड़ों बिजली कर्मी हाथों में राष्ट्रध्वज लिये हुए भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम के समर्थन में नारे लगाते हुए जीपीओ स्थित गांधी प्रतिमा तक गये। संघर्ष समिति के आह्वान पर इसी प्रकार सभी जनपदों और परियोजनाओं पर तिरंगा रैली निकाल कर भारतीय सेना के साथ एकजुटता का प्रदर्शन किया गया।

पैदल मार्च निकाल सेना का बढ़ाया मनोबल

■ अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल के सैकड़ों पदाधिकारियों ने दारुलशफा कार्यालय से राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के नेतृत्व में सेना का मनोबल बढ़ाने के लिए पैदल मार्च निकाला। व्यापारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर देश की सेवा और प्रधानमंत्री पर गर्व करते हुए पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान जैसे आतंकी देश के लिए यह सबक बहुत जरूरी था। क्योंकि सत्य यही है की दर्द कहां तक पाला जाए, युद्ध कहां तक टाला जाए और तू भी है राणा का वंशज फेक जहां तक भाला जाए।

आतंकी हवाई हमला, लड़ाकू विमान की गड़गड़ाहट की गूंज, ताबड़तोड़ बमबारी

मॉकड्रिल: ब्लैक आउट होने पर सिविल डिफेंस की अहम भूमिका

लखनऊ। युद्ध के दौरान हवाई हमला बजते सायरन और चौतरफा अंधेरा हवाई लड़ाकू विमान की गड़गड़ाहट की गूंज और ताबड़तोड़ बमबारी शुरू हो गई। हवाई हमले में हुए विस्फोट से इमारतों का ढहने से कई स्थानों पर आगजनी, वाहन क्षतिग्रस्त, आमजनों की चीख पुकार जैसी आपदा की स्थिति में नागरिको व घायलों की सूचना मिलते ही सिविल डिफेंस वार्डेन सेवा के स्वयंसेवकों द्वारा बचाव व राहत कार्य की शुरूआत हुई। बुधवार को राजधानी के रिजर्व पुलिस लाइन ग्राउंड में हुई नागरिक सुरक्षा की ओर से आयोजित वृहद स्तर पर मॉकड्रिल में आतंकी हमले से बचाव कार्य किये गये। ब्लैकआउट मॉकड्रिल में चीफ वार्डेन श्री अमरनाथ मिश्रा सिविल डिफेंस टीम के साथ रेस्क्यू जुटे। आतंकी हवाई हमले में लगी भीषण आग और आग में फंसे लोगों को अत्याधुनिक उपकरणों की मदद से चीफ वार्डेन अमरनाथ मिश्रा ने घायल को रेस्क्यू किया। सिविल डिफेंस के चीफ वार्डेन अमरनाथ मिश्रा ने बताया कि मॉकड्रिल ब्लैकआउट जो कि युद्ध के दौरान जनधन की क्षति को कम करने के लिए क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था को तत्काल रोक लगाना। जलते हुए गैस सिलेंडर को बाहर निकालकर उसकी आग पर काबू पाना। हवाई हमले में घरों में लगी आग को बुझाने, घरों में फंसे लोगों को बचाओ कार्य और घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार देने का कार्य सिविल डिफेंस के वाडेनों द्वारा ही संभव हो सकता है जिसको बखूबी निभाते हैं। सिविल डिफेंस की ओर से ब्लैकआउट मॉकड्रिल समय समय आयोजित की जाती रही है। भारत सरकार के गृह मंत्रालय की गाइड लाइन के अनुसार देश के 244 स्थानों पर सिविल डिफेंस के तत्वाधान में किया जाना सुनिश्चित किया गया था, जिसके परिपेक्ष्य में सिविल डिफेंस से जुड़ी गतिविधियों को निरंतर किया जाता रहा है। वृहद स्तर पर ब्लैकआउट मॉकड्रिल अभ्यास ताकि स्वयंसेवकों और प्रशिक्षित हो सकें और अधिक से अधिक आम नगारिकों को भी जागरुक किया जा सके। नागरिक सुरक्षा के डिप्टी चीफ वार्डेन गुरप्रीत सिंह सेठी, स्टॉफ ऑफिसर ऋतुराज रस्तोगी, उपनियंत्रक अनिता प्रताप, वरिष्ठ सहायक उपनियंत्रक मनोज वर्मा, सहायक उपनियंत्रक ऋषि कुमार, ममता रानी, प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, राजेंद्र श्रीवास्तव, रामगोपाल सिंह, नफीस अहमद सहित वाडेनों प्रतिभाग किया।

लाइट बंद कर 15 मिनट के लिए रोकी मेट्रो

सरकार के दिशानिदेर्शों के अनुसार, उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (यूपीएमआरसी) ने भी मॉक ड्रिल करने के लिए ब्लैक आउट में हिस्सा लिया। इसके तहत लखनऊ मेट्रो के आईटी कॉलेज मेट्रो स्टेशन पर पूरी तरह लाइट बंद कर ट्रेन रोक दी गईं। यहां ब्लैक आउट लगभग 15 मिनट के लिए शाम 7.25 बजे से 7.40 बजे तक रहा। वहीं आगरा में 8 बजे मेट्रो के सभी स्टेशनों पर 15 स्टेशनों पर ब्लैक आउट हुआ। इन दोनों जगहों ट्रेनों का ऑपरेशन रोक दिया गया। कानपुर में 9.30 बजे का समय प्रस्तावित है। सरकार के दिशानिर्देश पर यह ब्लैक आउट हुआ जिस दौरान किसी भी आपातस्थिति में ट्रेनों का संचालन, यात्रियों की सुरक्षा और ट्रेनों को रेगुलेट करने जैसी कई तैयारियों को परखा गया।

रेलवे स्टेशन पर हुआ मॉक ड्रिल

वर्तमान मे सुरक्षा परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए, उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल द्वारा सुरक्षा तैयारियों को परखने एवं आपातकालीन स्थितियों से निपटने की क्षमता को और सुदृढ़ करने बुधवार को मण्डल रेल प्रबंधक ने लखनऊ सहित अयोध्या कैंट एवं अयोध्या धाम स्टेशनों का निरीक्षण किया एवं स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था को परखा साथ ही मण्डल के विभिन्न स्टेशनों पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।लखनऊ रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु आतंकी हमले जैसी आकस्मिक स्थिति का परिदृश्य तैयार कर मॉक ड्रिल की गई। इस अभ्यास में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

लविवि में एनसीसी कैडेट ने किया सिविल डिफेन्स मॉक ड्रिल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में 64 यूपी बटालियन एनसीसी, 63 यूपी बटालियन एनसीसी, 3 यूपी नेवल व 5 यूपी एयर एनसीसी के कैडेट्स द्वारा संयुक्त तत्वावधान में सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल कार्यक्रम लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के निर्देशन में आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनसीसी के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) मेजर जनरल विक्रम कुमार रहे।

प्रो अलोक कुमार राय ने वक्तव्य में एनसीसी को राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक सशक्त माध्यम बताया और कैडेटों को अनुशासन, तत्परता, और सेवा-भाव के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। महानिदेशक (एडीजी) मेजर जनरल विक्रम कुमार ने कैडेटों को आपदा प्रबंधन, संकट की स्थिति में त्वरित और प्रभावशाली प्रतिक्रिया, और नेतृत्व कौशल से युक्त व्यवहार की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य कैडेटों को युद्ध जैसी आपातकालीन परिस्थितियों जैसे बम विस्फोट, अचानक ब्लैकआउट, अथवा किसी घायल को अस्पताल पहुंचाने जैसी स्थिति में अनुशासित और समन्वित ढंग से कार्य करने हेतु प्रशिक्षित करना था। अभ्यास के दौरान कैडेटों ने वास्तविक परिस्थितियों का सामना करते हुए रणनीतिक संचालन, प्राथमिक चिकित्सा सहायता, और संकट प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं का अभ्यास किया। यह अनुभव न केवल उनके मानसिक और शारीरिक बल को सुदृढ़ करता है, बल्कि उनमें टीमवर्क और सेवा भाव की भावना को भी प्रबल करता है। कार्यक्रम में दोनों बटालियनों के वरिष्ठ अधिकारी एवं विश्वविद्यालय से जुड़े एनसीसी अधिकारी सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर लड्डू खिलाकर मनायी गयी खुशियां

लखनऊ। ऑपरेशन सिंदूर और भारतीय सेना के पराक्रम के उपलक्ष्य में प्रसन्नता व्यक्त करने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग में प्रो मनोज अग्रवाल के कक्ष में शिक्षक एवं शोध छात्र-छात्राओं ने लड्डू खिलाकर एक दूसरे को बधाइयां दी। इस अवसर पर भारतीय सेना का पराक्रम और ओपरेशन सिंदूर विषय पर बोलते हुए अर्थशास्त्र विभाग के प्रो मनोज अग्रवाल ने कहा कि अभूतपूर्व कार्यवाही है। सभी निशाना अचूक रहा है। अन्याय सहन करना सबसे बड़ा पाप है। भारत बहुत तेजी से आर्थिक और सामरिक रूप से उभर रहा है। सफल रणनीति के साथ यह सफल ऑपरेशन सिद्ध करता है कि भारत अब अन्याय नहीं सहेगा।

पाकिस्तान पर स्ट्रायक पर लोगों से बातचीत

भारतीय सेना की कार्रवाई प्रशंसनीय

भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर की गई कार्यवाही बहुत ही प्रशंसनीय एवं न्यायोचित है। अतुल मिश्रा महामंत्री राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उ प्र ने कहा कि पहलगाम में निहत्थे पर्यटकों की अमानवीय हत्याओं एवं आतंकवाद पर अंकुश लगाने के लिए उचित कदम है। भारत सरकार ने आतंकवाद एवं उसको संरक्षण देने वालों को साफ संदेश दे दिया है। नागरिकों की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है और किसी भी नागरिक को चोट पहुंची तो ऐसा। ही करारा जवाब दिया जाएगा।

भारतीय सेना का साहस, हर देशवासी का विश्वास

भारतीय सेना द्वारा कल रात पीओके में की गई सर्जिकल कार्रवाई पर पूरे देश को गर्व है। यह साहसिक कदम आतंकवाद के विरुद्ध हमारी अडिग नीति का प्रतीक है। आर.एस. राय संस्थापक, विद्युत संविदा मजदूर संगठन ने कहा कि हम, विद्युत संविदा मजदूर संगठन की ओर से, भारतीय सेना को सलाम करते हैं और इस निर्णायक कार्रवाई का पूर्ण समर्थन करते हैं। देश के 140 करोड़ नागरिकों की तरह हम भी सेना के साथ चट्टान की तरह खड़े हैं। भारतीय सेना का साहस, हर देशवासी का विश्वास है।

भारत की तरफ से सभी देश खड़े हैं

यह 2024 का भारत देश है जो स्वयं शस्त्र बनाकर दुश्मनों पर प्रहार करने के लिए हर समय तैयार है अब कोई भी देश की तरफ आंख उठायेगा तो उसे कठोर परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना होगा। राजेश सेन, सामाजिक कार्यकर्ता का कहना था कि बीती रात भारत की सेना ने जिस बहादुर के साथ दुश्मन के घर में घुसकर दुश्मनों को मारा है यह पूरा विश्व देख रहा है पाकिस्तान डर के मारे दूसरे देशों से सहयोग करने की मांग कर रहा है लेकिन इस समय भारत के तरफ से सभी देश खड़े हैं, ज्यादातर से देशजानते हैं कि भारत एक मजबूत शक्तिशाली देश बन चुका है।

आतंकवादियों के खिलाफ पूरा विश्व लड़ रहा है

आतंकवादियों के खिलाफ हम ही लड़ाई नहीं लड़ रहे हैं पूरा विश्व लड़ रहा है। अमरनाथ मिश्रा, लखनऊ उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष ने कहा कि जिस तरह से भारतीय सेना ने दुश्मनों को दुश्मनों के घर में घुसकर मारा है यह दिखाता है कि हम सभी दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दे सकते हैं हम तो व्यापारी हैं हम लोगों भी कहीं भी जरूर कोई भी तरह का पड़े तो हम पूरी तरह से तैयार है, सेना अपना काम कर रही है तो व्यापारी भी अपने देश के लिए हर समय तैयार है पाकिस्तान शुरू से ही हमारा दुश्मन देश रहा है।

भारतीय सेना के वीर सैनिकों को सैल्यूट करती हूं

भारतीय सेना के वीर सैनिकों को सैल्यूट करती हूं, जिस तरह पाकिस्तान में बैठे आतंकियों को उनके ठिकाने पर सबक सिखाया गया है यह निश्चित ही प्रशंसनीय है। ममता त्रिपाठी, सामाजिक कार्यकर्ता ने कहा कि सेना जब दुश्मनों के घर में घुसकर मारती है जब भी भारत देश के दुश्मनों ने आंखे दिखाई है तो सेना ने मुहतोड़ जबाब दिया है, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में पूरा देश एक जूट होकर सेना का हौसला बढ़ा रहा है, भारत बदल रहा है पहले से सेना कई गुना मजबूत हो चुकी है।

ऑपरेशन सिंदूर से रखा मारे गये लोगों की पत्नियों का मान

लखनऊ विश्वविद्यालय के हिन्दी साहित्य के परास्नातक छात्र विकास तिवारी ने कहा कि ऑपरेशन का नाम सिंदूर रखकर पहलगाम हमले में मारे गए लोगों की पत्नियों का मान रखा गया। हिंदू संस्कृति में विवाहित महिलाओं के लिए सिंदूर का संबंध उनके सुहाग से होता है। ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम हमले में मारे गए नवविवाहित पुरुषों की विधवाओं के दुख को दशार्ता है। भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना की संयुक्त ताकत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में स्थित 9 आतंकी ठिकानों को सटीकता से निशाना बनाकर ध्वस्त कर दिया।

भारतीयों का सिर गर्व से शिखर पर

लखनऊ विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के रिसर्च स्कॉलर गुलशन पाण्डेय ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारतीय सेना ने जो आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर किया है। उससे हम भारतीयों का सर गर्व से शिखर पर है, यह प्रतीकात्मक ऑपरेशन सिंदूर आतंकियों के समर्थकों के लिए भी रामबाण की तरह काम करेगा। भारत का हर युवा हिंदुस्तान के साथ खड़ा है, अगर जरूरत पड़ती है तो सरहद पर भी जाने को तैयार हैं हम।

ऑपरेशन सिंदूर भारत का संदेश

सिटी लॉ कॉलेज के विधि के छात्र शिखर पुरी ने कहा कि मैं कहता हूं, मैं बढ़ता हूं, मैं नभ की चोटी चढ़ता हूं, कुचला जाकर भी धूल-सा, आंधी-सा और उमड़ता हूं। यह शब्द नहीं, भारत की आत्मा की पुकार है, ऑपरेशन सिंदूर ने दिखाया, हमारी नारी और युवा शक्ति का अहसास। कर्नल सोफिया और व्योमिका ने सैन्य सफलता की नयी मिसाल कायम की। भारत के युवा अब सिर्फ सपना नहीं देखते, उसे साकार करते हैं। ऑपरेशन सिंदूर भारत का संदेश है, 'हम शांति चाहते हैं, पर जवाब देना भी जानते हैं।'

ऑपरेशन सिंदूर रक्षा का यज्ञ

सिटी लॉ कालेज के एलएलबी (आनर्स) के द्वितीय सेमेस्टर के हिमांशु त्रिपाठी ने कहा कि जब कश्मीर की वादियों में हमारे वीर जवानों पर कायराना हमला हुआ, तब भारत की आत्मा कांपी नहीं, वह जली, धधकी और गरजी! यह नया भारत है, जो सहिष्णु जरूर है, पर दुश्मन की कायरता पर महाशक्ति बनकर टूटता है। ऑपरेशन सिंदूर, भारत की उस ज्वाला का नाम है, जो मातृभूमि के आंचल पर लगे हर कलंक को आग से धो देती है। हमारी वायुसेना के सिंहों ने जब सीमा पार गरजना शुरू की, तो दुश्मन की धरती कांप उठी। हवा चीरती हुई मिसाइलें गईं और आतंकी ठिकानों पर ऐसा कहर बरपा कि पाकिस्तान को सांस लेना तक भारी लगने लगा।

सेना की बहादुरी ने किया गौरवान्वित

लखनऊ विश्वविद्यालय की व्यावहारिक अर्थशास्त्र की शोध छात्रा मानसी वर्मा ने कहा कि भारतीय सेना को मिशन सिंदूर में उनकी अद्वितीय सेवा और बलिदान के लिए ढेर सारी बधाई। आपकी बहादुरी और निष्ठा ने देश को गौरवान्वित किया है। आपकी वीरता और देशभक्ति के लिए धन्यवाद। भारतीय सेना जिंदाबाद! मिशन सिंदूर एक महत्वपूर्ण और साहसिक अभियान है, जिसमें भारतीय सेना ने अपनी बहादुरी और निष्ठा का प्रदर्शन किया है। इस मिशन की विशेषता यह थी कि सेना ने अत्यधिक ऊंचाई और प्रतिकूल मौसम की स्थिति के बावजूद इस कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया।

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

डीजीपी ने प्रदेश के सभी अफसरों को किया अलर्ट

ऑपरेशन सिंदूर के बाद डीजीपी ने दिया महत्वपूर्ण स्थलों की सुरक्षा व सभी मूवमेंट गोपनीय रखने के निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ₹ऑपरेशन सिंदूर₹ को लेकर उत्तर प्रदेश के निवासियों एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा को लेकर यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार नें पुलिस अफसरों को अलर्ट करते हुए हेतु महत्वपूर्ण निर्देश दिये है।

डीजीपी प्रशांत कुमार नें सभी जिलों और कमिश्नरेट्स तथा पुलिस इकाइयों को तत्काल प्रभाव से अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा है। डीजीपी नें महत्वपूर्ण व सवेदनशील प्रतिष्ठानों की सुरक्षा को लेकर कहा है कि सभी महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा को सुदृढ़ और उन्नत किया जाए ।भौतिक सुरक्षा, निगरानी प्रणाली और परिधि सुरक्षा को हर हाल में मजबूत किया जाए ।इसके अलावा डीजीपी नें आंतरिक सुरक्षा अभ्यास को लेकर कहा है कि इसके तहत मॉक ड्रिल आयोजित की जाए ।डीजीपी नें कहा कि पूरी तैयारी के साथ पूर्व ब्रीफिंग और बाद की डिब्रीफिंग की व्यवस्था की जाए । संबंधित सभी सुरक्षा इकाइयों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए । डीजीपी नें पुलिस परिसरों और संसाधनों के ऑडिट को लेकर कहा कि पुलिस लाइन, कार्यालय, डिपो , पुलिस यूनिट्स और नियंत्रण कक्ष को सुरक्षित किया जाए । एक संपूर्ण संसाधन ऑडिट किया जाए और कमी पाए जाने पर शीघ्र समाधान किया जाए ।

डीजीपी नें कहा कि पुलिस वेबसाइट और पुलिस सर्वर के साथ-साथ साइबर सुरक्षा सुदृढ़ की जाए : डीजीपी नें कहा है कि महत्त्वपूर्ण स्थानों पर प्रवेश नियंत्रण को लेकर कहा है कि महत्त्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर प्रवेश नियंत्रण व्यवस्था को कड़ा किया जाए ।पहचान पत्रों की जांच और सत्यापन सुनिश्चित की जाए ।डीजीपी नें कहा एजेंसियों के साथ समन्वय बनाये ।सेना, वायुसेना, नागरिक सुरक्षा, खुफिया इकाइयाँ और अन्य सम्बंधित एजेंसियों से बेहद समन्वय बनाये। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी समन्वय की खुद ही जिम्मेदारी लें ।डीजीपी नें सामरिक आवागमन की व्यवस्था को लेकर कहा है कि सुरक्षित और गोपनीय आवाजाही सुनिश्चित की जाए ।राजमार्गों और रेलवे पर सैन्य काफिले गोपनीय रहे। डीजीपी नें कहा कि वायुसेना के लिए एटीएफ व ईंधन की आपूर्ति करने वाले रेलवे पुलों और ट्रैकों की सुरक्षा की जाए ।सभी मूवमेंट को ह्लनीड टू नोह्व आधार पर गोपनीय रखा जाए । डीजीपी नें सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों पर सतर्कता को लेकर कहा कि सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील जिलों को उच्च सतर्कता पर रखी जाए ।संवेदनशील क्षेत्रों में बल की तैनाती बढ़ाई जाए ।आरक्षित बलों को त्वरित कार्रवाई के लिए तैयार रखा जाए ।डीजीपी नें कहा कि प्रमुख सेवाओं व तेल पाइपलाइन व संचार टावर और ओएफसी केबल लाइनें तथा जलापूर्ति प्रणालियाँ और भंडारण व बिजली सब-स्टेशन और ताप विद्युत संयंत्र की प्रमुख सुरक्षा की जाये ।डीजीपी नें कहा कि खुफिया तंत्र को सक्रिय किया जाए और समुचित सुरक्षा व्यवस्था की जाए ।सोशल मीडिया की निगरानी चौबीस घंटे की जाये। इसकी मॉनिटरिंग साइबर सेल द्वारा की जाए ।अफवाह फैलाने और भ्रामक सूचनाओं को लेकर कड़ी कार्रवाई की जाए ।डीजीपी नें कहा कि नियंत्रण कक्ष और मोबाइल वाहन सतर्कता को लेकर कहा है कि जिला नियंत्रण कक्ष को उच्च सतर्कता पर रखा जाए ।112 आपातकालीन वाहनों को मुस्तैद रखा जाए ।डीजीपी नें कहा कि वरिष्ठ अधिकारी और जिला प्रशासन, नागरिक सुरक्षा, सेना, वायुसेना और सभी हितधारकों के साथ सक्रिय समन्वय बनाये रखे ।डीजीपी नें कहा कि सभी कर्मियों को पुलिस युद्ध निदेर्शों की जानकारी दें ।सभी हवाई अड्डों के फनल क्षेत्रों की जाँच की जाए ।हवाई सुरक्षा इकाइयों के साथ संयुक्त कार्यवाही की जाए । भारत नेपाल सीमा पर निरंतर चौकसी बरतते हुए, अन्य सुरक्षा बलों के साथ समन्वय स्थापित रखते हुए नियमित गश्त की जाये।

सैय्यद सालार मसूद गाजी की दरगाह पर लगने वाले उर्स का विवाद पहुंचा हाई कोर्ट

विधि संवाददाता (vol)

लखनऊ। बहराइच में सैय्यद सालार मसूद गाजी की दरगाह पर सालाना लगने वाले उर्स पर इस बार प्रतिबंध लगाने का मामला हाई कोर्ट पहुंच गया है। इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने इस मसले पर दाखिल याचिका पर सुनवायी करते हुए राज्य सरकार को अपना पक्ष रखने को कहा है।मामले की अगली सुनवायी 14 मई को होगी।

यह आदेश जस्टिस राजन राय व जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ला की पीठ ने वक्फ नंबर 19 दरगाह शरीफ , बहराइच की ओर से दाखिल रिट याचिका पर पारित किया।याची की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता लालता प्रसाद मिश्रा का तर्क था कि यह दरगाह 1375 ए0डी0 में फिरोजषाह तुगलक ने सैय्यद सालार मसूद गाजी की याद में बनवाया था ।यहां पर काफी लंबे समय से हर साल जेठ के महीने में एक माह का उर्स चलता है जिसमें देष विदेष से चार पांच लाख लोग आते हैं।कहा गया कि इस बार उर्स 15 मई से षुरू होना है किन्तु स्थानीय प्रषासन ने इस बार उक्त उर्स की इजाजत देने से इंकार कर दिया है ।अधिवक्ता मिश्रा का तर्क था कि जिलाधिकारी को उर्स रोकने का कोई अधिकार नहीं है क्योंकि 1 अप्रैल 1987 को जारी एक षासनादेष के तहत प्रशासन को ही उक्त उर्स की व्यवस्था करने को कहा गया है।याचिका में जिलाधिकारी के आदेश को चुनौती दी गयी है।याचिका का विरोध करके कहा गया कि उर्स करीब पांच किमी के दायरे में लगता है ।जिलाधिकारी ने जो आदेष दिया है वह एलआईयू व अन्य महकमों की रिपोर्ट के आधार पर दिया है ।कहा गया कि दरगाह के भीतर उर्स लगने पर कोई रोक नहीं है।वहीं जब अधिवक्ता मिश्रा ने अपने सहयोगी अधिवक्ता सैय्यद हुसैन की ओर से उन्हें दी गयी सूचना पर कोर्ट से कहा कि दरगाह के आस पास का डेढ़ स्कावयर किमी का क्षेत्र दरगाह का है तो कोर्ट ने उनसे दरगाह के नाम पर दर्ज कागजात मांग लिया जिसे पेश करने के लिए समय मांगा गया ।

ट्रैक्टर से कुचलकर युवक की हत्या, रोड किनारे मिला शव

लखनऊ। इंदिरानगर इलाके में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिवार ने ट्रैक्टर कुचलकर हत्या करने का आरोप लगाया है। आक्रोशित परिजनों ने कार्रवाई न होने तक शव को घर के पास रखकर प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंचे वरिष्ठ अधिकारियों ने समझाकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

इंदिरानगर के जरहरा निवासी सूरज यादव पुत्र झब्बू यादव ट्रैक्टर चलाता था। मृतक के भाई शोभित ने बताया मंगलवार शाम राज जायसवाल काम से ले जाने की बात कहकर अपने साथ ले गया था।इसके बाद वापस नहीं लौटा। परिजनों ने तलाश की तो उसका शव बुधवार सुबह नेवादा पावर हाउस के पास मिला। परिजनों का आरोप है कि सूरज की ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या की गई है।इसके बाद शव को सड़क किनारे फेंककर आरोपी फरार हो गए।परिजनों ने राज जायसवाल नाम के व्यक्ति पर आरोप लगाया है। पुलिस से शिकायत के बाद भी कार्रवाई न होने पर परिजनों ने घर के बाहर शव रखकर विरोध प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि आरोपी पर कार्रवाई की जाए।जब तक कार्रवाई नहीं होगी तब तक शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। मौके पर पहुंचे पुलिस के अधिकारियों ने पीड़ित परिवार को समझाकर शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। एसीपी गाजीपुर अनिध्य विक्रम सिंह का कहना है परिवार की तहरीर पर राज जायसवाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। भाई शोभित ने बताया सूरज कभी-कभार राज का ट्रैक्टर चलाने जाता था। राज मिट्टी खनन का काम करता है। मंगलवार रात 8 बजे राज घर से बुलाकर ले गया था। बुधवार सुबह करीब 7 बजे राज ने कॉल करके बताया तुम्हारे भाई की मौत हो गई है। नेवादा पावर हाउस पहुंच कर देखा तो उसके शरीर पर ट्रैक्टर के पहिए के निशान और शरीर पर चोट के निशान थे।मुहं से खून निकल रहा था।इसके पहले भी पैसे के लेनदेन को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था।जिसके बाद से सूरज ने उसके साथ जाना बंद कर दिया था।

खड़े डंपर में घुसी डीसीएम, ड्राइवर व क्लीनर की दर्दनाक मौत

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। थाना क्षेत्र में रात के अंधेरे में अवैध मिट्टी खनन में लगे डम्फर दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। दिन में सड़क किनारे आंडा तिरछा डम्फर खड़ा कर आराम फरमा रहे ड्राइवरों के कारण अक्सर दुर्घटनाये हो रही हैं।

बुधवार सबेरे गोपरामऊ स्थित पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर एक डम्फर खड़ा था ।दूसरी तरफ से तेज रफ्तार आ रही डीसीएम उसी डम्फर में घुस गई ।तेज धमाका हुआ ।आसपास के लोग आ गए ।डीसीएम के केबिन में फंसे ड्राइवर तथा क्लीनर के घायल होने की सूंचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई।

पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दमकल विभाग की सहायता से जेसीबी और हाइड्रा की मदद से दोनों घायलों को सीयचसी पहुंचाया ।डॉक्टरों ने दोनों को मृत करार दिया ।पुलिस ने दोनों के शव पीएम हेतु मच्युरी भेज दिया। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान गौतम बुद्ध नगर के थाना जारचा स्थित क्लौन्दा गांव निवासी चालक चौतीस वर्षीय वसीम तथा क्लीनर बत्तीस वर्षीय नाजिम के रूप में हुई है ।पुलिस ने दोनों मृतकों के परिजनों को सूंचना दे दी है ।इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

तेज रफ्तार बाइक सवार आगे जा रहे लोडर में जा भिड़ा: बंथरा इलाके में बुधवार को तेज रफ्तार बाइक सवार आगे जा रहे लोडर वाहन में जा भिड़े। इस हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस बुलाकर सरोजनी नगर सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को छुट्टी दे दी गई। बताते हैं कि उन्नाव जिले के सोहरामऊ स्थित बल्लू खेड़ा निवासी राजन (32) और उसके गांव का कल्लू उर्फ सुशील (35) बुधवार को दोपहर बाद एक ही बाइक से बंथरा की ओर से बनी की तरफ जा रहे थे। तभी कटी बगिया में आगे जा रहे लोडर वाहन से उनकी बाइक जा भिड़ी। बाइक को राजन चला रहा था, जबकि सुशील बाइक पर पीछे बैठा था। इस हादसे में राजन और सुशील घायल हो गए। साथ ही उनकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन एंबुलेंस बुलाकर उन्हें इलाज के लिए सरोजनीनगर सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को छुट्टी दे दी गई। वहीं स्थानीय लोगों की माने तो दोनों काफी नशे में धुत थे।

बाइक सवार को डंपर ने मारी टक्कर, हालत गंभीर

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। बुद्धवार को एक ओर जहां कठिंगरा अंडर पास क्रॉस करने के दौरान शक्करखेड़ा निवासी बाइक सवार फैजल की बाइक में चंडीगढ़ के वाली जीप मॉडल कार ने जोर दार टक्कर मार दी ।टक्कर इतनी जोरदार थी कि टक्कर लगते ही फैजल छिटक कर दूर जा गिरा ।स्थानीय लोगों और कार चालक की सहायता से घायल को जय हॉस्पिटल ले जाया गया जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। वहीं दूसरी ओर मोहान रोड पर महतवा मोड़ के पास दोपहर लखनऊ की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे डंपर ने सामने से आ रही टाटा मैजिक में सामने से टक्कर मार दी ।भारी वाहन की टक्कर से टाटा मैजिक के लगभग परखच्चे ही उड़ गए ।मैजिक में बैठी सवारियों के होश उड़ गए ।मैजिक चालक संजय निवासी बाबाखेड़ा उन्नाव और कुलदीप निवासी बारहखेड़ा की हालत गम्भीर बताई जा रही है ।मैजिक में सवारी कर रहे पृथ्वी पाल, आलिया व अन्य को पुलिस की मदद से ट्रामासेंटर भेजा गया है ।वहीं डंपर चालक मौके पर गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। घटनाओं के विषय में काकोरी थाना प्रभारी सतीश चन्द्र राठौर ने बताया कि दोनों घटनाओं से संबंधित वाहनों को कब्जे में ले लिया गया है घायलों के परिवार वालों को घटना की सूचना दे दी गई ।पुलिस दोनों वाहन चालकों की तलाश कर रही है ।घायल पक्षों से तहरीर मिलते ही आगे की कार्यवाही की जाएगी। मोहान रोड पर हुई घटना के बारे में उन्होंने बताया कि महीनों से मोहान रोड पर इंटरलॉकिंग का कार्य चलने के चलते वन वे की तरह रोड पर ट्रैफिक लोड बना रहता है जिसके चलते रोड के टर्निंग प्वाइंट्स पर आए दिन ऐसे हादसे यकायक हो जाते हैं ।कुछ भी हो फरियादियों में जहां थाना प्रभारी राठौर के सौम्य और जनशुलभ स्वभाव की सकारात्मक छवि दस्तक दे रही है वहीं अपराधियों में उनके कड़े और न्यायप्रिय मिजाज से दहशत का माहौल है।

फर्जी वेबसाइट के जरिए जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने वाले दो गिरफ्तार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। यूपी एसटीएफ नें फर्जी वेबसाइट व साफ्टवेयर एवं पोर्टल के जरिए अन्तर्राज्यीय स्तर पर फर्जी जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने वाले संगठित गिरोह के दो सदस्यों को बरेली के भमोरा थाना क्षेत्र के दिलजीत इण्टरनेट कैफे कस्बा देवचरा से गिरफ्तार किया है। पकड़े गये देव सिंह पुत्र महेन्द्रपाल सिंह निवासी ग्राम खेड़ा, थाना भमोरा जनपद बरेली व रवि सिंह पुत्र महेन्द्रपाल सिंह निवासी ग्राम खेड़ा, थाना भमोरा जनपद बरेली के पास से दो लैपटाप व तीन मोबाईल फोन व एक आधार कार्ड व एक एटीएम व छब्बीस फर्जी जन्म प्रमाण पत्र व चार मृत्यु प्रमाण पत्र व दो हजार रुपए नकद बरामद किया ।एसटीएफ चीफ अमिताभ यश नें बताया कि पकड़े गये रवि सिंह व देव सिंह ने साइबर कैफे चलाते है एवं देव सिंह रामभरोसे इण्टर कालेज में इतिहास का अध्यापक है ।अपनी आर्थिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु आनलाइन फर्जी जन्म / मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने का कार्य कर रहे है। इस कार्य के लिए हम लोग फेसबुक के माध्यम से फर्जी पोर्टल बनाने वाले से सम्पर्क कर फर्जी पोर्टल बनवाते है फिर फेसबुक के माध्यम से विभिन्न ग्रुप में जुड़कर जन्म / मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के विज्ञापन में अपना मोबाइल नम्बर प्रदर्शित करते है। इच्छुक व्यक्ति व्हाट्सएप के माध्यम से हमसे जुड़ते है। हम लोग उन्हे पोर्टल का लिंक भेजते है जिस लिंक को खोलने पर रजिस्ट्रेशन हेतु मोबाइल नम्बर/ ईमेल माँगा जाता है, जिसके अगले पेज पर रिचार्ज वालेट आप्शन जाने पर एक क्यू आर कोड प्रदर्शित होता है, जिसको स्कैन करने पर सम्बंधित का 200 रुपए आनलाइन आहरित हो जाता है एवं उसके वैलेट में यह रिचार्ज प्रदर्शित होने लगता है तत्पश्चात बर्थ आप्शन पर क्लिक करने पर राज्य चुनकर तथा रजिस्ट्रेशन फार्म भर कर तत्काल जन्म / मृत्यु प्रमाण पत्र डाउनलोड किया जा सकता है। इसके लिए किसी दस्तावेज की भी आवश्यकता नही होती है ।आरोपियों द्वारा प्रयोग किये जा रहे पोर्टल पर प्रदर्शित क्यूआर कोड के सम्बन्ध में जानकारी किये जाने पर लिंक बैंक खाते में विगत 03 वर्षों में 28 लाख से अधिक धनराशि का केडिट होना पाया गया ।जिसे अवैध रूप से जन्म/ मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर अर्जित किया जाना बताया गया।

लाखों की ड्रग व कोकीन के साथ तस्कर को एसटीएफ नें दबोचा: स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) नें अन्तर्राज्यीय स्तर पर ड्रग्स तस्करी करने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 25 ग्राम कोकीन एवं 50 ग्राम सिंथेटिक ड्रग्स मेफेड्रान बरामद किया है ।बरामद कोकीन की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 25 लाख रुपए व सिंथेटिक ड्रग्स मेफेड्रान की कीमत करीब 05 लाख रुपए बताई गई है ।पकड़ा गया आरोपी प्रेम बाबू उर्फ राज कुमार पुत्र छुन्ना लाल राजधानी के आलमबाग थाना क्षेत्र के मकान नं0 569च/448 प्रेमनगर का रहने वाला है। एसटीएफ के चीफ अमिताभ यश नें बताया कि टीम नें इसकी गिरफ्तारी गाजीपुर थाना क्षेत्र के सेक्टर-8, प्रेरणा पार्क के सामने रेडियो कालोनी से की है ।पकड़ा गया प्रेम बाबू नें टीम को बताया कि उसका मादक पदार्थों की तस्करी करने वाला संगठित गिरोह है ।जो कि अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करता है। यह लखनऊ स्थित किसी होटल में काम करता था। इसी दौरान मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले गिरोह के सम्पर्क में आया। जिसके बाद नई दिल्ली के पालमपुर से किसी नाइजिरियन व्यक्ति से कोकिन एवं मेफेड्रान लाकर लखनऊ में सप्लाई करने लगा ।बीती छह मई की सुबह फ्लाईट द्वारा दिल्ली गया था वहाँ से मादक पदार्थ लेकर बस द्वारा लखनऊ आया था ।इसे थाना गाजीपुर में दाखिल कर मुकदमा दर्ज किया गया है ।

गर्लफ्रेंड की हत्या में बैडमिंटन कोच गिरफ्तार

लखनऊ। महानगर पुलिस ने रेप के बाद हत्या के आरोपी बैडमिंटन कोच पवन कुमार बरनवाल को गिरफ्तार कर लिया। उसके घर में उसकी गर्लफ्रेंड का संदिग्ध हालात में शव मिला था। परिजनों ने रेप के बाद हत्या का आरोप लगाया था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट हैंगिंग की आई थी। लेकिन, जांच में रेप और आत्महत्या के लिए उकसाने की बात सामने आई थी। पुलिस ने बुधवार को आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।

इंस्पेक्टर अखिलेश मिश्र ने बताया कि पुलिस टीम ने सीतापुर सिधौली के नरोत्तमनगर निवासी आरोपी पवन कुमार बरनवाल को गिरफ्तार कर लिया है। अभी तक की जांच में सामने आया है कि आरोपी ने युवती को 30 अप्रैल को भीखमपुर स्थित किराए के कमरे पर बुलाया था। वहां युवती उससे मिलने गई थी। आरोपी पवन ने युवती की चचेरी बहन के पास जाकर बताया कि युवती धमकी दे रही है। जब युवती की चचेरी बहन पहुंची तो उसकी मौत हो चुकी थी। जांच में हत्या की बात साबित न होने पर आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा लगाई गई।

प्रॉपर्टी डीलर पर तीन युवकों ने किया पिस्टल से हमला

लखनऊ। पिस्टल की बट से प्रॉपर्टी डीलर का सिर फोड़ दिया गया। तीन युवकों ने उसे रात में कार पार्क करते समय गालियां दीं। विरोध करने पर उसे गिराकर मारने लगे। उसकी सोने की चेन और 35 हजार रुपए लेकर भाग गए। सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में मंगलवार रात करीब 10:30 बजे टेडर पाम अस्पताल के सामने मुख्य मार्ग पर तीन युवकों ने स्कॉर्पियो सवार की पिटाई कर लहूलुहान कर दिया। घनश्याम द्विवेदी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके साले मोहित मिश्रा (निवासी विरखुंभा कजेहरा थाना गोल्फ सिटी) स्कॉर्पियो पार्क कर रहे थे। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल और एक डंपर पर सवार तीन बदमाश वहां पहुंचे। उन्होंने पहले गालियां दीं। जब मोहित ने इसका कारण पूछा, तो तीनों ने मोहित मिश्रा को सड़क पर गिराकर पीटना शुरू कर दिया। बदमाशों ने घनश्याम के लाइसेंसी पिस्टल से उनके सिर के पिछले हिस्से में हमला किया। फिर पिस्टल वहीं फेंककर उनके गले की सोने की चेन और जेब में रखे 35000 रुपए लूट लिए। हमलावर मौके से फरार हो गए। घायल मोहित मिश्रा का टेडर पाम अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

युवती की फोटो का उपयोग कर फेसबुक पर बनाई आईडी

लखनऊ। सरोजनीनगर की एक 24 वर्षीय युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात व्यक्ति ने उसकी फोटो का उपयोग कर फेसबुक पर उसके नाम का फर्जी खाता बनाया और उसे बदनाम करने की कोशिश कर रहा है। पीड़िता का कहना है कि इससे उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच रहा है। साथ ही पीड़िता की निजता का उल्लंघन कर फेसबुक खाता का गलत उपयोग करके आपत्तिजनक और गलत जानकारियां फैलाने की कोशिश कर रहा है।

अवैध संबध का विरोध करने पर पति ने की थी हत्या

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मोहनलालगंज में पति ने अवैध संबंध में रोड़ा बनने पर पत्नी की हत्या की थी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। हत्या में प्रयोग किया गया पत्थर भी बरामद हुआ है। मामले के सहआरोपी देवर, सास और ससुर से पूछताछ की जा रही है।

दड़ाईन मजरामोहद्दीनपुर के संजय की पत्नी सविता का शव सोमवार शाम पूरनपुर गांव के पास किसान पथ के किनारे मिला था। सविता के पिता राम नरेश ने मामले में पति संजय, देवर अजय और सास-ससुर के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी संजय से पूछताछ की। उसने बताया कि चचेरी साली से वह अवैध संबंध बनाना चाहता था। सविता इसका विरोध कर रही थी। इस पर उसने उसे रास्ते से हटाने की योजना बनाई। योजना के तहत सोमवार को दवाई दिलाने के बहाने वह सविता को घर से बाहर बुलाया। बहाने से उसे गोसाईंगंज के एक तांत्रिक के यहां ले गया। वापस लौटते समय पूरनपुर गांव के पास पत्थर से उसके सिर पर वार कर दिया। वह घायल होकर जमीन पर गई, तो उसकी साड़ी से उसका गला घोंट दिया। संजय ने बताया- हत्या करने के बाद सविता के शव को किसान पथ के किनारे 20 फीट नीचे खाई में फेंक दिया। पुलिस उसे मौके पर ले गई। वहां घटना में प्रयोग किया गया खून से सना पत्थर बरामद हुआ। डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल के पर्यवेक्षण में एडीसीपी अमित कुमावत, एसीपी रजनीश वर्मा और प्रभारी निरीक्षक दिलेश कुमार सिंह की टीम ने इस हत्याकांड का खुलासा किया।

तांत्रिक की भूमिका की हो रही जांच: संजय ने पुलिस को बताया है कि वह सविता को तांत्रिक के पास ले गया था। इसके पीछे क्या कारण था, पुलिस इसकी पड़ताल कर रही है। पुलिस का कहना है कि तांत्रिक के बारे जानकारी जुटाई जा रही है। हत्या में उसकी संलिप्तता पाई जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

अज्ञात युवक की पीटकर हत्या, नहर किनारे फेंका शव

लखनऊ। निगोहां थाना क्षेत्र में एक युवक की बेरहमी से पिटाई कर हत्या कर दी गई। युवक का शव बुधवार को नटौली मजरा के खुद्दीखेड़ा गांव के पास नहर के किनारे मिला। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। युवक के सिर समेत शरीर के कई हिस्सों पर गंभीर चोटों के निशान मिले हैं। इससे साफ पता चलता है कि युवक की बेरहमी से पिटाई की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि किसी ने युवक की पीट-पीटकर हत्या की। शव को नहर के पास लाकर फेंक दिया। सूचना पर निगोहां पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर ोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, शव एक दिन पुराना है। युवक की उम्र 32-35 साल थी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद मौत की असली वजह साफ होगी। आसपास के गांवों में पूछताछ की जा रही है। युवक की पहचान को लेकर फोटो भी साझा की जा रही है। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

अद्योहस्ताक्षरी द्वारा विद्युत वितरण मण्डल, अयोध्या के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराने हेतु अनुभवी एवं पंजीकृत निविदाकारों से दो अलग-अलग भागों में निविदायें ई-टेण्डिरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उ.प्र. सरकार की बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर डाउनलोड/देखे जा सकते है।

द्वितीय भाग में मूल्य/दरें निविदादाता द्वारा उ.प्र. सरकार की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनॉक 20.05.2025 को 17.00 बजे तक अपलोड की जायेगी जो दिनॉक 21.05.2025 को 12.00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके नामित प्रतिनिधि के द्वारा ई-निविदा पोर्टल पर आन-लाइन सिस्टम द्वारा खोली जायेगी। निविदा खुलने की तिथि पर सार्वजनिक अवकाश होने की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। निविदा के प्रथम भाग के मूल्यांकन के बाद उपयुक्त पाये गये निविदा के द्वितीय भाग खोले जायेंगे जिसकी सूचना पत्र द्वारा/ई-मेल द्वारा अन्य माध्यम से दी जाएगी। निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि अधोहस्ताक्षरी के बैंक खाते में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से (Punjab National Bank, Branch Chowk, Bajaja, Faizabad A/c No. 0166002100017035, IFSC Code - PUNB0016600 of Superintending Engineer, Electricity Distribution Circle, Faizabad) जमा करायी जायेगी तथा बैंक जमा की साक्ष्य यथा योज्य यू.टी.आर. संख्या, पे-इन- स्लिप मूल की प्रति (इश्यूडस बैंक के कन्फरमेशन मेल की प्रति) ई-टेण्डर के प्रपत्रों के साथ आन-लाइन अपलोड की जायेगी। कोई भी निविदा प्रपत्र ऑफ लाइन अथवा निविदा बाक्स में स्वीकार नहीं किया जायेंगा। निविदा प्रपत्र का मूल्य निविदा के सम्मुख अंकित है। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये एक या सभी निविदाओं को निरस्त करने/ विभिन्न फर्मों के मध्य कार्य विभक्त करने/त्रुटि सुधार/पुनः प्रकाशन करने का अधिकार सुरक्षित होगा। निविदा मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि. की वेबसाइट www.mvvnl.in पर देखे जा सकते है। निविदा में कोई संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई-निविदा की बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर एवं संबंधित निगम की बेवसाइट पर उपलब्ध कराये जायेंगे। निविदा का विवरण निम्नवत हैः-

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मण्डल अयोध्या।

ई- निविदा सूचना दिनांकः 06.05.2025

निविदा सं. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण

1. **ई-निविदा संख्या 16 एच(एफ)(कार्य)/2025-26 :** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-दर्शननगर, अयोध्या के अधीन जमा योजना के अन्तर्गत आने वाले मया-टाण्डा मार्ग, एन.एच.-30ए, किमी 1-7 के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण हेतु मार्ग में बाधा बन रहे विद्युत पोलों/लाइनों एवं ट्रांसफार्मरों के शिफ्टिंग का कार्य। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 22,400.00।
2. **ई-निविदा संख्या 17 एच(एफ)(कार्य)/2025-26 :** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-दर्शननगर, अयोध्या के अधीन जमा योजना के अन्तर्गत आने वाले मया-टाण्डा मार्ग, एन.एच.-30ए, किमी 7-14 के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण हेतु मार्ग में बाधा बन रहे विद्युत पोलों/लाइनों एवं ट्रांसफार्मरों के शिफ्टिंग का कार्य। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 12,500.00।

ई निविदा की अंतिम तिथिः 20 मई 2025, 17.00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्पित की जाएंगी।

''राष्ट्रहित में बिजली बचायें''

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल, अयोध्या

पत्रांक 3636/दिनांक 06.05.2025

'सावधान इंडिया' शो से मुझे एक नयी पहचान मिली : सुशांत सिंह

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। टीवी और फिल्मों की दुनिया में दमदार अभिनय से अपनी पहचान बना चुके सुशांत सिंह न केवल एक सशक्त अभिनेता हैं, बल्कि बतौर होस्ट और एंकर भी उन्होंने अपनी खास जगह बनाई है। सावधान इंडिया जैसे शो के जरिए उन्होंने अपराध के प्रति लोगों को जागरूक किया और अब वे क्राइम अलर्ट के साथ एक बार फिर दर्शकों से जुड़ गए हैं। इस दौरान सुशांत सिंह ने शो से जुड़े सवाल, अनुभवों और आने वाले प्रोजेक्ट्स को लेकर दिल खोलकर बातें साझा कीं।

आप अपने नये शो क्राइम अलर्ट शो के बारे में कुछ बताइए?

यह एक क्राइम शो है, जो सच्ची घटनाओं पर आधारित है। इसमें थोड़ा ड्रामाटाइजेशन होता है, लेकिन हमारी यूएसपी है। ईमानदारी और संवेदनशीलता। हम वही बात कहते हैं जो दिल से निकले और सच्ची हो। यही दर्शकों से हमारा जुड़ाव है। हमारा शो 5 मई से शुरू हो गया है।

दर्शकों से मेल बनाये रखना आसान नहीं होता, आप इसे कैसे हैंडल करते हैं?

हां, मैंने भी कुछ अवॉर्ड शो और इवेंट्स में टेलीप्रॉम्पटर इस्तेमाल किया था, लेकिन लगा कि इससे आंखों का संपर्क टूट जाता है। खासतौर पर जब आप दिल से बात कर रहे हों, जैसे कि क्राइम शो में चेतावनी दे रहे हों, वहां आंखों का सीधा संपर्क जरूरी होता है। इसलिए मैंने कभी क्राइम शो में इसका इस्तेमाल नहीं किया और इस शो में भी मैं इसका इस्तेमाल नहीं कर रहा।

इतने सालों तक आपने क्राइम शो किया, क्या कुछ घटनाएं आज भी आपको चौंकाती हैं?

बिल्कुल! हर दिन खबरें ऐसी आती हैं कि यकीन नहीं होता कि इंसान इतनी हद तक गिर सकता है। इतने एपिसोड करने के बाद भी कुछ क्राइम्स दिल दहला देते हैं। यह समाज की गंभीर सच्चाई है।

आने वाले समय में दर्शक आपको कहां-कहां देख पाएंगे?

मेरी दो फिल्में आने वाली हैं झ्र एक उमेश शुक्ला जी के साथ और एक कॉमेडियन-एक्टर कपिल शर्मा के साथ किस किसको प्यार करूं पार्ट 2 इसके अलावा राणा नायडू सीजन 2, फोर मोर शॉट्स प्लीज सीजन 4 और बिंदिया नामक एक नया शो भी आ रहा है।

आप इस पूरे सफर को कैसे देखते हैं?

हां, यह बहुत खास था। मैंने कभी नहीं सोचा था कि एक एंकर के रूप में भी लोग मुझे इतना प्यार देंगे। सावधान इंडिया से जुड़ना एक संयोग था, लेकिन इससे एक नई पहचान मिली। लोग अब मुझे मेरे असली नाम से जानते हैं, न कि सिर्फ किरदारों के नाम से।

आप अपने दर्शकों और फैंस को क्या संदेश देना चाहेंगे?

मैं यही कहूंगा कि सावधानी सिर्फ बड़े फैसलों में नहीं, बल्कि छोटी-छोटी चीजों में भी जरूरी है। दुर्घटनाएं वहीं होती हैं जहाँ हम सबसे ज्यादा लापरवाह होते हैं। इसलिए हमेशा सतर्क रहें, जागरूक रहें।

एसीपी प्रद्युम्न की हुई सीआईडी शो में वापसी

लखनऊ। कम ही भारतीय होंगे, जो आइकॉनिक क्राइम सीरीज साआईडी का फैन नहीं होगा। शो 1998 से लेकर 2018 तक एयर हुआ था, जबकि पिछले साल दिसंबर में दूसरे सीजन के साथ शो ने वापसी की है। हालांकि कुछ दिनों पहले फैंस को झटका लगा जब एसीपी प्रद्युम्न का किरदार, जिसे एक्टर शिवाजी साटम निभाते हैं। उसकी मौत को दिखाया गया। इससे फैंस को गहरा झटका भी लगा, जबकि शो में एक नई एंट्री देखने को मिली, जो थी एक्टर पार्थ समथान की, जो एसीपी आयुष्मान के रोल में नजर आ रहे हैं। इसके चलते एक्टर को काफी ट्रोल भी होना पड़ा. लेकिन एक धमाकेदार ट्विस्ट के चलते शिवाजी साटम की एसीपी प्रद्युम्न के रूप में वापसी हो गई है। पार्थ समथान ने नए ट्विस्ट की झलक एक इंस्टाग्राम स्टोरी में दिखाई, जिसमें उन्होंने एक वीडियो शेयर किया। एक्टर ने सीआईडी के सेट पर शिवाजी साटम का हाथ पकड़े हुए दिख रहे हैं। इस पोस्ट के साथ पार्थ ने कैप्शन में लिखा, एसीपी प्रद्युमन उर्फ ??शिवाजी साटम के साथ शूटिंग करना मजेदार और मनोरंजन से भरपूर था, एक बेहतरीन इंसान। इससे पहले पार्थ समथान ने सास बहू और बेटियां के साथ शो का हिस्सा बनने और एसीपी आयुष्मान की भूमिका निभाने पर अपनी खुशी जाहिर की थी, उन्होंने कहा, ऐसे बड़े पद को भरना एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। मैं एसीपी प्रद्युमन के किरदार में नहीं उतर रहा हूं - यह एक नई कहानी है, एक नई पर्सनलिटी है। हम सीआईडी ??की विरासत को नए रोमांच और रहस्य के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। गौरतलब है कि मेकर्स ने शिवाजी साटम के किरदार एसीपी प्रद्युम्न का ऐलान सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए किया था, जिसे लेकर फैंस खुश नजर नहीं आए थे। वहीं पोस्ट के कमेंट सैक्शन में फैंस ने आलोचना, निराशा और भावनात्मक श्रद्धांजलि व्यक्त की थी। हालांकि मेकर्स ने कुछ समय बाद पोस्ट को डिलीट कर दिया था।

मोहिनी एकादशी आज, शिववास योग समेत बन रहे हैं कई संयोग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। हर साल वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि के अगले दिन मोहिनी एकादशी मनाई जाती है। इस साल 08 मई को मोहिनी एकादशी मनाई जाएगी। इस दिन लीलाधारी भगवान मधुसूदन और मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है। सनातन शास्त्रों में निहित है कि मोहिनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु की पूजा करने से जीवन में सुखों का आगमन होता है। साथ ही सभी प्रकार के बिगड़े काम बन जाते हैं।

ज्योतिषियों की मानें तो मोहिनी एकादशी पर शिववास और भद्रावास योग समेत कई मंगलकारी योग बन रहे हैं। इन योग में लक्ष्मी नारायण जी की पूजा करने से साधक पर शिव-शक्ति की भी कृपा बरसेगी। साथ ही सुख और सौभाग्य में वृद्धि होगी। आइए, शुभ मुहूर्त एवं योग जानते हैं

मोहिनी एकादशी शुभ मुहूर्त: वैदिक पंचांग के अनुसार, वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि 07 मई को सुबह 10 बजकर 19 मिनट पर शुरू होगी और 08 मई को दोपहर 12 बजकर 29 मिनट पर समाप्त होगी। सनातन धर्म में उदया तिथि मान है। इसके लिए 08 मई को मोहिनी एकादशी मनाई जाएगी। वहीं, 09 मई को पारण किया जाएगा। साधक सुबह 05 बजकर 34 मिनट से लेकर 08 बजकर 16 मिनट के मध्य पारण कर सकते हैं। पारण के दिन अन्न का दान अवश्य करें। ऐसा करने से साधक को व्रत का पूरा फल मिलता ह।

हर्षण योग: ज्योतिषियों की मानें तो मोहिनी एकादशी पर दुर्लभ हर्षण योग का निर्माण हो रहा है। हर्षण योग का संयोग 09 मई के दिन होगा। इस योग में लक्ष्मी नारायण जी की पूजा करने से जीवन में व्याप्त हर परेशानी दूर होगी।

भद्रावास योग: वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि पर भद्रावास योग का भी निर्माण हो रहा है। भद्रावास योग दोपहर 12 बजकर 29 मिनट तक है। इस समय में भद्रा पाताल में रहेंगी। भद्रा के पाताल में रहने के दौरान समस्त जगत का कल्याण होता है।

शिववास योग: मोहिनी एकादशी पर दुर्लभ शिववास योग का भी निर्माण हो रहा है। इस योग का संयोग दोपहर 12 बजकर 29 मिनट तक है। इस दौरान भद्रा पाताल में रहेंगी। इन योग में भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा करने से जीवन में सुखों का आगमन होगा।

मोहिनी एकादशी व्रत का महत्व: शास्त्रों के अनुसार, मोहिनी एकादशी का व्रत करने से व्यक्ति को जन्म-जन्मांतर के पापों से मुक्ति मिलती है। यह व्रत आत्मशुद्धि, संयम और भक्ति का प्रतीक है। मोहिनी एकादशी का पुण्य फल इतना महान है कि यह अश्वमेध यज्ञ से भी अधिक फलदायी माना गया है। इस एकादशी का नाम मोहिनी इसलिए पड़ा क्योंकि इसी दिन भगवान विष्णु ने समुद्र मंथन के समय मोहिनी रूप धारण करके देवताओं को अमृत प्रदान किया था। इस रूप में भगवान विष्णु ने मोह और माया पर विजय प्राप्त कराई थी। अतः यह व्रत हमें मोह-माया से दूर रहकर आत्मा की शुद्धि की ओर ले जाता है। इस दिन व्रत रखने से घर में सुख-समृद्धि, वैभव, सौभाग्य और धन की वृद्धि होती है। जिन घरों में मोहिनी एकादशी का पूजन श्रद्धापूर्वक किया जाता है, वहां पर नकारात्मकता दूर होती है और सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है।

मोहिनी एकादशी व्रत की पूजाविधि: व्रत करने वाले व्यक्ति को प्रातःकाल ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करना चाहिए। शुद्ध वस्त्र धारण करके व्रत करने का संकल्प लें। भगवान विष्णु की प्रतिमा या चित्र को पीले वस्त्र अर्पित करें। चंदन, अक्षत, फूल, तुलसीदल, दीपक, धूप और नैवेद्य चढ़ाकर पूजन करें। व्रत के दिन मोहिनी एकादशी की कथा का श्रवण या पाठ अवश्य करना चाहिए। इससे व्रत पूर्ण माना जाता है। दिनभर भगवान विष्णु का नाम का स्मरण, भजन, कीर्तन व उपवास करें। फलाहार लिया जा सकता है। अन्न, चावल और दाल से परहेज करें। रात्रि में जागरण करना अत्यंत पुण्यकारी माना गया है। भगवान विष्णु का स्मरण करते हुए रात बिताएं। द्वादशी तिथि में सूर्योदय के बाद तुलसी जल से स्नान कर व्रत पारण करें। योग्य ब्राह्मण को भोजन व दान देकर व्रत को पूर्ण करें।

एकदंत संकष्टी चतुर्थी 16 को, भक्त करेंगे बप्पा की पूजा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। भगवान गणेश को विघ्नहर्ता के नाम से जाना जाता है, क्योंकि रोजाना विधिपूर्वक भगवान गणेश की पूजा करने से साधक को सभी बाधाओं से छुटकारा मिलता है और सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है। वहीं, हर महीने के कृष्ण और शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर भगवान गणेश की पूजा-अर्चना करने का विधान है। वैदिक पंचांग के अनुसार, ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष में एकदंत संकष्टी चतुर्थी का पर्व मनाया जाता है। इस दिन भक्त गणपति बप्पा की कृपा प्राप्त करने के लिए व्रत भी करते हैं। पंचांग के अनुसार, ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि की शुरूआत 16 मई को सुबह 04 बजकर 02 मिनट पर होगा और अगले दिन यानी 17 मई को सुबह 05 बजकर 13 मिनट पर तिथि खत्म होगी। इस प्रकार से एकदंत संकष्टी चतुर्थी का पर्व 16 मई को मनाया जाएगा।

शिववास योग समेत बन रहे हैं कई मंगलकारी संयोग: ज्योतिषियों की मानें तो ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि पर सुबह 07 बजकर 15 मिनट तक सिद्ध योग है। इसके बाद साध्य योग का संयोग बन रहा है। इन योग में भगवान गणेश की पूजा करने से सभी प्रकार के शुभ कामों में सफलता मिलेगी। ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि पर शिववास योग भी पूरे दिन है। इस दौरान देवों के देव महादेव कैलाश पर विराजमान रहेंगे। इस योग में भगवान गणेश की पूजा करने से साधक को जीवन में सभी प्रकार के भौतिक सुखों की प्राप्ति होगी।

एकदंत संकष्टी चतुर्थी पूजा विधि : चतुर्थी तिथि के दिन की शुरूआत देवी-देवता के ध्यान से करें। स्नान करने के बाद मंदिर की सफाई करें। चौकी पर साफ कपड़ा बिछाकर भगवान गणेश की प्रतिमा को विराजमान करें। गणपति बप्पा को पीला चंदन लगाएं और पुष्प अर्पित करें। देसी घी का दीपक जलाकर आरती करें। मोदक, फल और मिठाई समेत आदि चीजों का भोग लगाएं। गणेश जी के मंत्रों का जप और गणेश चालीसा का पाठ करें। आखिरी में लोगों में प्रसाद बाटें।

पूजा का मुहूर्त

- सूर्योदय – सुबह 05 बजकर 13 मिनट पर
- सूर्यास्त – शाम 07 बजकर 06 मिनट पर
- चंद्रोदय– रात 10 बजकर 39 मिनट से
- चंद्रास्त– सुबह 07 बजकर 51 मिनट पर
- ब्रह्म मुहूर्त – सुबह 04 बजकर 06 मिनट से 04 बजकर 48 मिनट तक
- विजय मुहूर्त – दोपहर 02 बजकर 34 मिनट से 03 बजकर 28 मिनट तक
- गोधूलि मुहूर्त – शाम 07 बजकर 04 मिनट से 07 बजकर 25 मिनट तक
- निशिता मुहूर्त– रात 11 बजकर 57 मिनट से 12 बजकर 38 मिनट तक

प्रेम, ईर्ष्या और एकांतवास की कहानी है 'शेखावत जी का प्याला'

एसएनए में 17 दिवसीय नाट्य महोत्सव का हुआ समापन, दो नाटकों का मंचन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। मंचकृति समिति संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश के सहयोग से आयोजित 17 दिवसीय नाट्य महोत्सव के 17वें दिन एसएनए के संत गाडगे प्रेक्षागृह में दो नाटकों का मंचन किया गया जिसका निर्देशन संगम बहुगुणा व विकास श्रीवास्तव ने किया। नाट्य महोत्सव में पहले नाटक शेखावत जी का प्याला का मंचन किया गया।

शेखावत जी का प्याला: सारांश-शेख साहब की पूरी दुनिया अपने बदरंग प्याले के इर्द-गिर्द इस कदर सिमटकर रह गई थी कि वह उनका हम निवाला हम प्याला बन गया था। शेखावत जी के एकांतवास ने उनकी ज़िन्दगी में इतनी चुप्पी ला दी थी की उन्हें बेजान में जान तलाशनी पड़ी।

सच है हम दो वक़्त बिना खाए तो रह सकते है किंतु बिना बोन इंसान का गुजारा नहीं रहता। आखिर मन में हो रही हलचल को भीतर ही तो नहीं घोंटा जा सकता? बहुत जरूरी होता है उसे बाहर निकालना। शेख साहब जितना संजीदा इंसा रहे उनका बदरंग प्याला उतना ही रसिक है। प्रेम, ईर्ष्या, पलायनवाद परिवार और एकांतवास का मिला-जुला गुच्छा है शेखावत जी का प्याला। मंच-पर संगम बहुगुणा, संजय देगलूरकर, विकास श्रीवास्तव।

वो हसीन शाम: डॉ. करुणा पांडे द्वारा लिखित नाटक के सारांश-वह हसीन शाम सारांश आज की इस व्यस्तम जिंदगी में कोई किसी के साथ दो क्षण भी नहीं बैठ पा रहा है, यहां तक की पति अपनी पत्नी को भी थोड़ा समय नहीं दे पा रहे हैं। में, अपनी शादी की दसवीं वर्षगांठ के शुभ अवसर पर, पति द्वारा पत्नी को होटल में रात्रि बिताने का जब ऑफर देता है, तो पत्नी खुशी के मारे सातवें आसमान पर विचरने ला है। पति-पत्नी अपनी कार से होटल पहुंच जाते हैं, उसके बाद जो होता है उसका आनंद लीजिए। मंच-पर-अम्बरीश बॉबी, फरहाना फातिमा, संगम बहुगुणा, शुभम कुमार दुबे व अन्य।

डॉक्टर करुणा पाण्डे, एम.ए. (हिंदी राजनीति शास्त्र) एम.एड.पी.एच.डी. (हिंदी), बीस साल अध्यापन करने के बाद एच्छिक सेवा निवृ सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय लेखन अभिनव संग्रह (कविता संग्रह) राम चरित मानस, और रघुवंश एक तुलना (शोध), यथार्थ की चादर (उपन्या कोहरे में किलकारी (कहानी संग्रह) एवं अन्य, अधूरा कैनवस (कहानी संग्रह) जीवन वृत महान आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी आदि, बाल साहि जिज्ञासु बच्चे आदि, ज्ञान और नीति की कहानी संपादन हिंदी का वैश्विक परिदृश्य आदि, कुमाऊनी गीतों से भीगते संसार, संस्कार शकुना आदि लोक वार्ता थारू जनजाति पर विशेष उद् बोधन। अनेक सम्मानों से अलंकृत।

भातखंडे में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू, काउंसलिंग 16 जून से

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय और इसकी संघटित इकाइयों में शास्त्रीय संगीत एवं नृत्य की विभिन्न विधाओं में सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया 7 मई से शुरू हो चुकी है। 15 जून तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। 16 जून से प्रथम सत्र की काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इस सत्र में जिन विषयों में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं उनमें बीपीए स्नातक में शास्त्रीय गायन, सितार, वायलिन, सरोद, सारंगी, बांसुरी, गिटार हवाईयन, तबला, पखावज, कथक व भरतनाट्यम शामिल है। इसके अलावा एमपीए स्नातकोत्तर में शास्त्रीय गायन, सितार, वायलिन, सरोद, सारंगी, बांसुरी, गिटार हवाईयन, तबला, पखावज, कथक व भरतनाट्यम शामिल होगा। वहीं डिप्लोमा पाठ्यक्रम में द्विवर्षीय प्रवेशिका, परिचय प्रबुद्ध, पारंगत में शास्त्रीय गायन, सितार, वायलिन, सरोद, सारंगी, बांसुरी, गिटार हवाईयन, तबला, पखावज, कथक और भरतनाट्यम सम्मलित है। इसके अतिरिक्त जिन विषयों में प्रवेश उपलब्ध है उसमें द्विवर्षीय डिप्लोमा ठुमरी दादरा, धुपद धमार, सुगम संगीत, हारमोनियम व लोकनृत्य शामिल है। एक वर्षीय डिप्लोमा में लोकसंगीत और ढोलक सिखाया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध समर्थ पोर्टल के माध्यम से 15 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए 500 रुपये, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, दिव्यांग अन्य पिछड़ा वर्ग नॉन क्रीमी लेयर एवं सभी महिला अभ्यर्थियों के लिए आवदेन शुल्क तीन सौ रुपये है।

स्त्री मन के अथाह सागर का मंथन करती है कविता संग्रह 'रानियां सब जानती हैं'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। डॉ वर्तिका नंदा की लिखी किताब 'रानियाँ सब जानती हैं' उस अंधेरे की ओर लेजर लाइट की सी रोशनी छोड़ती है जहां किसी का पहुंचना तो दूर, किसी की सोच तक नहीं जाती। वह कोना है- किसी भी औरत का मन। किताब के कवर पेज से लेकर आखिरी कविता तक यह किताब स्त्री मन के अथाह सागर का मंथन करती है। हर कविता पढ़ने के बाद आँखें स्वतः ही बंद हो जाती हैं और अंदर ही अंदर हर महिला उस कविता के केंद्र में खुद को पाती है। किसी भी कविता की पात्र कोई विशेष महिला नहीं है बल्कि हर स्त्री मन का मौन अंतस है। मर्म यह है कि महल में रहने वाली रानी हो, आम जीवन जीने वाली कोई भी महिला या फिर जेल में बंद कोई औरत, हर स्त्री किसी न किसी अमरबेल की जकड़न में है। किताब के शुरूआती शब्द औरत के इर्द-गिर्द अभेद चक्रव्यूह की बानगी हैं...यह कविताएं उंगली नहीं उठाती, कटाक्ष नहीं करती, उपदेश नहीं देतीं, औरत की बेचारगी और मायूसी को नहीं कहतीं बल्कि बड़े ही सहज परंतु सटीक तरीके से स्त्री मन के उद्गार प्रकट करती हैं। इन कविताओं में प्रार्थनाएं हैं, सादर, उत्सव, पानी, बादल, परी, सुर हैं। कुल मिलाकर लेखिका का मकसद है सिसकियों को लाल धागे में बांधकर खिलखिलाहट में बदल देना है ताकि दुख की सुरंग सुख के खलिहान में खुले रानियाँ सब जानती हैं स्त्री अंतर्मन का दर्पण है, इसमें हर महिला को अपना अक्स दिखता है। हर औरत अपने अंदर के पूरे सच को कभी बाहर नहीं ला पाती, मौके पर सच बोल नहीं पाती, और तो और सच सामने हो तो भी कह नहीं पाती। लेखिका ने प्रतीकात्मक तौर पर महलों की बात कही है जहां राजा की पत्नी होने के नाते औरत रानी के रूप में विराजती है। वो रियासत की रानी है, उसका हुक्म चलता है, लेकिन राजा के हरम का अस्तित्व इस बात को झूठा साबित नहीं करता की रानी के अशांत मन में कुलबुलाहट है। हरम में मौजूद सैकड़ों औरतों के साथ अपने पति का बंटवारा रियासत की रानी को किस श्रेणी में खड़ा कर देता होगा। वो रानी थी। पर कुछ ही दिनों में राजा को महल में एक नई रानी की दरकार हुई। रानी खुद ही महल से बाहर चली जाती तो आसानी होती पर ऐसा हुआ नहीं। तब राजा ने शतरंज की बिसात बिछाई। सिपहसालार जमा किये। राजा महल में लाना चाहता था नयी रानी। इसलिए जो रानी मौजूद थी, उस पर लगाये जाने लगे आरोप महल पर कब्जे, बदमिजाजी और संस्कार विहीन होने के रानी चुप रही। बड़ी दीवारों ने सोख लीं सिसकियां दीवारों को आदत थी।

अजय देवगन ने अपने दमदार अभिनय से 'रेड' 2 को बनाया खास

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

ऐक्टर: अजय देवगन, वाणी कपूर, रितेश देशमुख, सौरभ शुक्ला
डायरेक्टर : राज कुमार गुप्ता
रेटिंग-3.5/5

लखनऊ। फ्रेंचाइजी फिल्में अब बॉलीवुड में एक सेट फॉमूर्ला बन चुकी हैं। फिल्म की सफलता का लाभ लेने के लिए हिट फिल्म के अलग-अलग भाग बनाए जाते हैं। राज कुमार गुप्ता के डायरेक्शन में बनी 'रेड 2' भी इसी कड़ी में आज से 7 साल पहले 2018 में आई सुपरहिट फिल्म 'रेड' का दूसरा भाग है। हालांकि, यह जरूर कहना पड़ेगा कि इस बार भी डायरेक्टर राज कुमार गुप्ता और अजय देवगन की जुगलबंदी, रितेश देशमुख, वाणी कपूर, अमित सयाल और सौरभ शुक्ला जैसे कलाकरों की मौजूदगी, एक अच्छी क्राइम थ्रिलर-ड्रामा के साथ पेश हुई है। या यूं कहिए कि अजय देवगन ने अपने दमदार अभिनय से 'रेड' 2 को खास बना दिया है।

पिछली 'रेड' से परिचित दर्शक जानते हैं कि आयकर आयुक्त अमय पटनायक (अजय देवगन) भ्रष्टाचार का काला धंधा करने वालों के लिए काल हैं। वह अतीत में भी टैक्स की चोरी करने वालों के छक्के छुड़ा चुका है और कहानी फिर वहीं से शुरू होती है। अमय अपने खास अंदाज में रात को राजा साहब (गोविंद नामदेव) के यहां रेड मारता है और राजा साहब का कालाधन बरामद करने में कामयाब भी हो जाता है। लेकिन अगले दिन खबर आती है कि अमय ने इस छापे में 2 करोड़ की घूस खाई है। ईमानदार अमय की ऐसी हरकत किसी के लिए भी विश्वास के लायक नहीं है, मगर रेड के बाद तबादलों के लिए मशहूर अमय का 74वां ट्रांसफर कर दिया जाता है। अमय को अब भोज में ऐसे इलाके में भेजा जाता है, जहां कैबिनेट मंत्री दादाभाई (रितेश देशमुख) का राज चलता है। अमय यहां अपनी बेटी और पत्नी (वाणी कपूर) के साथ आ जाता है। भोज में बेदाग और गरीबों का मसीहा कहलाने वाला दादाभाई एक परोपकारी फाउंडेशन चलाता है, जहां वह रोजाना अपनी मां (सुप्रिया पाठक) के चरण धोकर अपने दिन की शुरूआत करता है। मगर भोज में आने के बाद अमय को दादाभाई की इस जरूरत से ज्यादा साफ-सुथरी छवि पर शक होता है। वह दादाभाई की ब्लैक मनी का पता लगाने के लिए अपने तौर पर इन्वेस्टिगेशन शुरू करता है और उसे पता चल जाता है कि दादाभाई आम लोगों के भगवान के रूप में एक ऐसा शैतान है, जिसने अवैध जमीन और सोने की काला बाजारी ही नहीं, बल्कि कई मासूम लड़कियों का यौन शोषण भी किया है। अब इससे पहले कि अमय, दादाभाई को बेनकाब करता, दादाभाई अपना सारा कालाधन छुपा लेता है और इस बार अमय का तबादला नहीं, बल्कि सस्पेंशन का ऑर्डर आ जाता है। निर्देशक राज कुमार गुप्ता के लिए प्लस पॉइंट ये था कि फिल्म की बैक स्टोरी और मेन किरदार अमय पटनायक की बेखौफ करतूतों से दर्शक परिचित हैं। यही वजह है कि ऑडियंस इस किरदार से तुरंत कनेक्ट हो जाती है, मगर फर्स्ट हाफ में राज कुमार माहौल को सेट करने में काफी वक्त लगा देते हैं। इसलिए फिल्म का पहला भाग सुस्त मालूम होता है, पर इंटरवल पॉइंट और उसके बाद सेकेंड हाफ में कहानी एंगेजिंग, मजेदार और थ्रिल से भरपूर बन जाती है।

आनंद विहार से मुजफ्फरपुर के बीच चलेंगी दो विशेष ट्रेनें

बिहार व पूर्वी यूपी की ओर जाने वाले यात्रियों को मिलेगी राहत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु 04030/04029 आनन्द विहार टर्मिनस-मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनस द्विसाप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन आनन्द विहार टर्मिनस से 08 जुलाई तक प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को तथा मुजफ्फरपुर से 09 जुलाई तक प्रत्येक बुधवार एवं रविवार को 15 फेरों के लिएबढ़ाया जा रहा है।

04030 आनन्द विहार टर्मिनस-मुजफ्फरपुर द्विसाप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष 08 जुलाई तक प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को आनन्द विहार टर्मिनस से 09.00 बजे प्रस्थान कर मुरादाबाद से 12.00 बजे, बरेली जं0 से 13.32 बजे, शाहजहाँपुर से 14.35 बजे, लखनऊ जं. से 17.45 बजे, सुल्तानपुर से 19.35 बजे, जौनपुर सिटी से 20.52 बजे, जौनपुर जं. से 21.15 बजे, औड़िहार से 22.15 बजे, गाजीपुर सिटी से 23.00 बजे, बलिया से 23.55 बजे, दूसरे दिन सुरेमनपुर से 00.28 बजे, छपरा से 01.30 बजे, सोनपुर से 02.40 बजे तथा हाजीपुर से 02.55 बजे छूटकर मुजफ्फरपुर 04.30 बजे पहुंचेगी।

04029 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनस द्विसाप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 09 जुलाई, 2025 तक प्रत्येक बुधवार एवं रविवार को मुजफ्फरपुर से 06.15 बजे प्रस्थान कर हाजीपुर से 07.20 बजे, सोनपुर से 07.32 बजे, छपरा से 09.45 बजे, सुरेमनपुर से 10.06 बजे, बलिया से 10.55 बजे, गाजीपुर सिटी से 12.25 बजे, औड़िहार से 13.10 बजे, जौनपुर जं. से 14.50 बजे, जौनपुर सिटी से 15.10 बजे, सुल्तानपुर से 16.30 बजे, लखनऊ जं. से 18.40 बजे, शाहजहाँपुर से 21.30 बजे, बरेली से 22.35 बजे तथा दूसरे दिन मुरादाबाद से 00.23 बजे छूटकर आनन्द विहार टर्मिनस 03.10 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में साधारण द्वितीय श्रेणी के 08, शयनयान श्रेणी के 11 तथा एसएलआर के 02 कोचों सहित कुल 21 कोच लगाये जायेंगे। इसी क्रम में 04018/04017 आनन्द विहार टर्मिनस-मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनस साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन आनन्द विहार टर्मिनस से 10 जुलाई तक प्रत्येक बृहस्पतिवार को तथा मुजफ्फरपुर से 11 जुलाई तक प्रत्येक शुक्रवार को 06 फेरों हेतु बढ़ाया जायेगा। 04018 आनन्द विहार टर्मिनस-मुजफ्फरपुर साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी से 10 जुलाई तक प्रत्येक बृहस्पतिवार को आनन्द विहार टर्मिनस से 09.00 बजे प्रस्थान कर मुरादाबाद से 12.00 बजे, बरेली जं. से 13.32 बजे, शाहजहाँपुर से 14.35 बजे, लखनऊ से 17.45 बजे, सुल्तानपुर से 19.35 बजे, जौनपुर सिटी से 20.52 बजे, जौनपुर जं. से 21.15 बजे, औड़िहार से 22.15 बजे, गाजीपुर सिटी से 23.00 बजे, बलिया से 23.55 बजे, दूसरे दिन सुरेमनपुर से 00.28 बजे, छपरा से 01.30 बजे तथा हाजीपुर से 02.45 बजे छूटकर मुजफ्फरपुर 04.30 बजे पहुंचेगी।

04017 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनस साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 11 जुलाई तक प्रत्येक शुक्रवार को मुजफ्फरपुर से 06.15 बजे प्रस्थान कर हाजीपुर से 07.20 बजे, छपरा से 09.45 बजे, सुरेमनपुर से 10.06 बजे, बलिया से 10.55 बजे, गाजीपुर सिटी से 12.25 बजे, औड़िहार से 13.10 बजे, जौनपुर जं. से 14.50 बजे, जौनपुर सिटी से 15.10 बजे, सुल्तानपुर से 16.30 बजे, लखनऊ से 18.40 बजे, शाहजहाँपुर से 21.30 बजे, बरेली से 22.35 बजे तथा दूसरे दिन मुरादाबाद से 00.23 बजे छूटकर आनन्द विहार टर्मिनस 03.10 बजे पहुंचेगी।

इस गाड़ी में एल.एस.एल.आर.डी. का 01, साधारण द्वितीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 07, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 06, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02 तथा वातानुकूलित प्रथम सह द्वितीय श्रेणी के 01 कोच सहित कुल 21 कोच लगाये जायेंगे।

आईआरसीटीसी करायेगा दक्षिण भारत की मनमोहक सैर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज्म कार्पोरेशन लि. (आईआरसीटीसी) द्वारा गोरखपुर रेलवे स्टेशन से भारत गौरव पर्यटक ट्रेनदक्षिण भारत की यात्रा का संचालन करने जा रहा है। इस टूर में लोगों को मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग (मरकापुर), तिरुपति बालाजी मंदिर (तिरुपति), मीनाक्षी मंदिर (मदुरै), रामनाथ स्वामी मंदिर (रामेश्वरम) स्थानीय दर्शन (कन्याकुमारी) का भ्रमणकराया जायेगा।

बुकिंग के तहत ट्रेन में श्रेणी अनुसार कुल बर्थो की संख्या 767 है जिसमें 02 एसी (कुल 49 सीटें), 03 एसी (कुल 70 सीटें) एवं स्लीपर (कुल 648 सीटें) होंगी। ट्रेन में लोगों के उतरने/चढने की सुविधा गोरखपुर, अयोध्या कैंट, कानपुर, ललितपुर, लखनऊ, उरई, रायबरेली जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन, प्रयागराज संगम , सुल्तानपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी स्टेशनों

●भारत गौरव ट्रेन से 11 रात्रि व 12 दिन की करायेगा भ्रमण

से होगी। इस पैकेज के तहत यात्रा तिथि 07 जून से 18 जून तक 11 रात्रि एवं 12 दिन की होगी। सुविधाओं के तह इस पैकेज में 02 एसी, 03 एसी एवं स्लीपर क्लास यात्रा, नाश्ता एवं दोपहर व रात्रि का शाकाहारी भोजन, एसी/नान एसी बसों द्वारा स्थानीय भ्रमण सम्मिलित है।

इकोनामी श्रेणी (स्लीपर क्लासं) में ठहरने पर पैकेज का मूल्य 24600 रुपये प्रति व्यक्ति एवं प्रति बच्चे (5-11 वर्ष) का पैकेज का मूल्य 23250 रुपये है। (स्लीपर क्लास ट्रेन यात्रा, डबल/ट्रिपल पर नॉन एसी होटलों में ठहरने, नॉन एसी होटल के कमरे में मल्टी शेयर पर वॉश एंड चेंज एवं नॉन एसी ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था) स्टैंडर्ड श्रेणी (3एसी क्लास) में ठहरने पर पैकेज का मूल्य 42950 रुपये प्रति व्यक्ति एवं प्रति बच्चे (5-11 वर्ष) का पैकेज का मूल्य 41370 रुपये है। (3एसी क्लास ट्रेन यात्रा, डबल/ट्रिपल पर एसी होटलों में ठहरने, नॉन एसी होटल के कमरे में डबल/ट्रिपल पर वॉश एंड चेंज एवं नॉन एसी ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था) कम्फर्ट श्रेणी (2एसी क्लास) में ठहरने पर पैकेज का मूल्य 56950 रुपये प्रति व्यक्ति एवं प्रति बच्चे (5-11 वर्ष) का पैकेज का मूल्य 55050 रुपये है। (2एसी क्लास ट्रेन यात्रा, डबल/ट्रिपल पर एसी होटलों में ठहरने, एसी होटल के कमरे में डबल/ट्रिपल पर वॉश एंड चेंज एवं एसी ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था) इस यात्रा सेवा में ईएमआई एवं एलटीसी की सुविधा भी उपलब्ध है। ईएमआई की सुविधा आईआरसीटीसी पोर्टल पर उपलब्ध सरकारी एवं गैर सरकारी बैंक से ली जा सकती है। इस पैकेज की बुकिंग पहले आओ पहले पाअ्ष के आधार पर की जायेगी। उक्त यात्रा की बुकिंग हेतु पर्यटन भवन, गोमती नगर, लखनऊ स्थित आईआरसीटीसी कार्यालय एवं आईआरसीटीसी की बेवसाइट www.irctctourism.com से ऑनलाइन बुकिंग भी कराई जा सकती है। अधिक जानकारी एवं बुकिंग के लिये 8287930913, 8287930908, 9237391908, 9305110962, 82879309199, 7302821864 एवं 9140652352 आदि मोबाइल नम्बरों पर सम्पर्क कर सकते है।

रेल संचालन अथवा रेल प्रबन्धन पर लिखी पुस्तक के लेखकों को रेलवे करेगा पुरस्कृत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

●सेवारत कर्मी 20 जून तो सेवानिवृत्त कर्मी 30 जून तक कर सकते हैं आवेदन

लखनऊ। सेवारत रेल कर्मियों तथा सेवानिवृत्त रेल कर्मियों के लिये रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) की तकनीकी रेल विषयों पर हिंदी में मौलिक पुस्तकें लिखने के लिये लाल बहादुर शास्त्री तकनीकी मौलिक लेखन पुरस्कार योजना (आधार वर्ष-2024) अखिल भारतीय स्तर पर प्रचलित है, इस योजना में तकनीकी रेल विषयों पर हिन्दी में लिखी गई पुस्तकों/कृतियों के लिये विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाता है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले रेल कर्मी अपनी मौलिक लेखन 20 जून तक राजभाषा अधिकारी-सह-वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी/मुख्यालय, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी कार्यालय, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर को तथा सेवानिवृत्त रेलकर्मी अपनी प्रविष्टि दो मुद्रित अथवा दो टंकित प्रतियों के साथ 30 जून तक निदेशक (राजभाषा), कमरा नं. 376 (जी), रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड), रेल भवन, नई दिल्ली-110001 को भेज सकते हैं। अन्तिम तिथि के बाद प्राप्त प्रविष्टियों पर मंत्रालय द्वारा विचार नहीं किया जायेगा। पुस्तक सामान्यतः 100 पृष्ठ से कम नहीं होनी चाहिये।

पुस्तक का विषय रेल संचालन या रेल प्रबन्धन से सम्बन्धित होना चाहिये। प्रतियोगी अपने मौलिक लेखन के साथ निर्धारित प्रोफार्मा पर टाइप किया हुआ अपना विवरण, जिसमें लेखक का नाम (द्विभाषी रूप में), पदनाम, कार्यालय का नाम व पता, पुस्तक का नाम, पुस्तक का विषय, प्रकाशक का नाम व पता (यदि कोई हो), पुस्तक लिखने का कार्य पूरा करने की तारीख (माह-वर्ष), फोन/मोबाइल नम्बर, ई-मेल तथा पृष्ठों की संख्या लिखकर इस घोषणा के साथ कि इस पुस्तक को कभी पुरस्कृत नहीं किया गया है एवं पिछले तीन वर्ष के दौरान 01.01.2022 से 31.12.2024 के बीच पहली बार लिखी गई है और इससे किसी दूसरे के कॉपीराइट अधिनियम का उल्लंघन नहीं होता है, के साथ भेज सकते हैं। रेलवे बोर्ड द्वारा चयनित सर्वोत्तम पुस्तकों के लिये प्रथम पुरस्कार 20,000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 10,000 रुपये एवं तृतीय पुरस्कार 7,000 रुपये तथा प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा।

विकास खंडों का स्थलीय निरीक्षण करने फील्ड में उतरेंगे 116 वरिष्ठ अधिकारी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आकांक्षात्मक जिलों और आकांक्षात्मक विकास खंडों में आये बदलाव का स्थलीय परीक्षण करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को भ्रमण पर भेजने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को आकांक्षात्मक जनपद और आकांक्षात्मक विकास खंड कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि 8 आकांक्षात्मक जनपदों में प्रमुख सचिव, सचिव स्तर के 8 अलग-अलग अधिकारियों को 3 दिन के दौरे पर भेजा जाए, इसी तरह, 108 आकांक्षात्मक जनपदों में भ्रमण के लिए विशेष सचिव स्तर के 108 अधिकारियों को भेजा जाए। मुख्यमंत्री की मंशा है कि यह अधिकारी इन कार्यक्रमों के प्रारम्भ से अब तक इन क्षेत्रों में आये वास्तविक बदलाव का स्थलीय निरीक्षण करें और विस्तृत रिपोर्ट तैयार करें। भ्रमण के लिए प्रमुख सचिव, सचिव तथा विशेष सचिव की सूची मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा तैयार की जाएगी। मुख्यमंत्री ने बुधवार को आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में उत्तर प्रदेश के आकांक्षात्मक जनपदों एवं आकांक्षात्मक विकास खंडों की अद्यतन स्थिति की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि नीति आयोग द्वारा संचालित इन कार्यक्रमों के माध्यम से शासन की प्राथमिकता अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक सेवा एवं विकास की पहुंच सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री ने इन कार्यक्रमों को 'अंत्योदय' की संकल्पना का जीवंत उदाहरण बताते हुए प्रत्येक जनपद एवं विकास खंड को सतत निगरानी और परिणाम आधारित रणनीति से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आकांक्षात्मक जिलों में निरंतर प्रयासए समीक्षा और अनुश्रवण के कारण उल्लेखनीय सुधार देखने को मिल रहा है।

कार्यो को पारदर्शिता के साथ तय समय पर पूरा करें

पूर्वोत्तर रेलवे के वरिष्ठ उपमहाप्रबन्धक ने की समीक्षा बैठक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे के वरिष्ठ उपमहाप्रबन्धक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी तुषार कान्त पाण्डेय ने आज एक दिवसीय दौरे के अन्तर्गत पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, लखनऊ के सभागार में मण्डल रेल प्रबन्धक गौरव अग्रवाल एवं अपर मण्डल रेल प्रबन्धक (परिचालन) विक्रम कुमार तथा अपर मण्डल रेल प्रबन्धक (इंफ्रा) भुवनेश सिंह व समस्त शाखाधिकारियों के साथ यात्री परिवहन एवं यात्री सुविधाओं तथा कर्मचारी कल्याण आदि विषयों पर समीक्षा बैठक की।

बैठक के आरम्भ में अपर मण्डल रेल प्रबन्धक (परिचालन) विक्रम कुमार ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से लखनऊ मण्डल की आधारभूत संरचना, भौगोलिक क्षेत्र, ट्रेन परिचालन, महत्वपूर्ण गतिविधियां, संरक्षा एवं सुरक्षा तथा कर्मचारी कल्याण के अन्तर्गत हो रहे कार्यो की उपलब्धियों के बारे में जानकारी प्रदान की।

अपने सम्बोधन में वरिष्ठ उपमहाप्रबन्धक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी ने कर्मचारी कल्याण, गतिशक्ति, स्टेशन विकास, यात्री परिवहन आदि विकास परक परियोजनाओं पर प्रमुख रूप से चर्चा करते हुए कहा कि कार्यो को पारदर्शिता के साथ निश्चित समयावधि में पूर्ण करना अति आवश्यक है। कर्मचारी कल्याण की दिशा में कर्मचारियों के विभागीय परीक्षा चयन का कैलेण्डर बना कर सुनिश्चित किया जाये तथा इनकी विभागीय पदोन्नति तथा एमएसीपी इत्यादि को निश्चित समय अवधि में पूरा किया जाये। जिसका वृहद अन्तर परिणाम स्वरूप देखने को मिलेगा। इसके अतिरिक्त संवेदनशील पदों का रोटेशनल ट्रांसफर किया जाये। उन्होंने सभी कर्मियों को दैनिक कार्यो में पारदर्शिता एवं ईमानदारी बरतने की सलाह दी। इसके पश्चात मण्डल रेल प्रबन्धक श्री गौरव अग्रवाल ने कहा कि लखनऊ मण्डल में परिचालनिक एवं यात्री सुविधाओं के उन्नयन के साथ-साथ कर्मचारी कल्याण की दिशा में सुचारू रूप से कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर समस्त शाखाधिकारी व अन्य कमचारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री के सपनों को पूरा कर रही इंडिया पेस्टिसाइड्स लिमिटेड

कंपनी ने सीएसआर फंड से मिल्कीपुर के पांच गांव में लगाया सोलर लाइट

विशेष संवाददाता (vol)

अयोध्या/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों में निजी संस्थाओं व उद्योगपतियों ने भी बढ़-चढ़कर योगदान देना शुरू कर दिया है।

राजधानी लखनऊ की कंपनी इंडिया पेस्टिसाइड लिमिटेड ने हाल ही में हुए उपचुनाव में मुख्यमंत्री की प्रतिष्ठापूर्ण सीट मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में स्ट्रीट सोलर लाइट देकर विकास कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। इंडिया पेस्टिसाइड लिमिटेड के निदेशक विश्वास स्वरूप अग्रवाल ने मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के कुमारगंज नगर पंचायत के पांच गांव में सोलर स्ट्रीट लाइट स्थापित करायी हैं। यह सोलर लाइट कुमारगंज नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी संजय शुक्ला द्वारा चिह्नित स्थानों पर लगायी गयी है।

आईपीएल संस्था के सीएसआर फंड के निदेशक रामकृष्ण सुब्रमण्यम ने बताया कि स्थान चयन का काम कुमारगंज नगर पंचायत के अधिकारियों द्वारा किया गया है और स्ट्रीट सोलर लाइट का स्थापन इंडिया पेस्टिसाइड्स लिमिटेड द्वारा कराया गया है। इस अवसर पर नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी संजय शुक्ला ने संस्था का आभार व्यक्त किया है। साथ ही यह भी कहा है कि इस तरह की लाइट लगने से नगर पंचायत से लगे गांव में बिजली की समस्या के चलते रात में होने वाली घटनाओं को रोका जा सकता है।

उल्लेखनीय है कि इंडिया पेस्टिसाइड लिमिटेड ने इससे पूर्व राजधानी लखनऊ के सरकारी अस्पताल लोकबंधु राजनारायण संयुक्त चिकित्सालय में कई महत्वपूर्ण उपकरण देकर गरीब मरीजों के लिए बड़ा काम किया है। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के आवास पर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ अजय शंकर त्रिपाठी को हृदय रोग की जांच करने वाली इको 2 डी मशीन भेंट की है।

बीबीडीयू में अतिथि व्याख्यान का आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। भारतीय ज्ञान प्रणाली को बढ़ावा देने की अपनी चल रही पहल के हिस्से के रूप में बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज ने लखनऊ विश्वविद्यालय के गणित और खगोल विज्ञान विभाग के प्रसिद्ध विद्वान डॉ. श्याम किशोर द्वारा ₹वैदिक गणित के रहस्यों का अनावरण - गणना की लुप्त कला₹ शीर्षक से एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों और मेहमानों ने उत्साहपूर्वक अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

यह कार्यक्रम बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास की प्रेरणा से हुआ। व्याख्यान का उद्देश्य वैदिक युग की प्राचीन गणितीय तकनीकों और आधुनिक समय में उनके अनुप्रयोगों पर प्रकाश डालना था। वैदिक गणित, एक सदियों पुरानी प्रणाली, अपनी सरलता, गति और दक्षता के लिए जानी जाती है, और इसे जटिल गणितीय समस्याओं को हल करने के लिए एक मूल्यवान उपकरण के रूप में मान्यता दी गई है। वैदिक गणित के विशेषज्ञ डॉ. श्याम किशोर भारत की प्राचीन ज्ञान प्रणालियों को बढ़ावा देने के लिए एक प्रोत्साहक हैं। वर्षों के शोध और शिक्षण अनुभव के साथ, डॉ. किशोर के पास विशाल ज्ञान और आकर्षक शिक्षण शैली है। उन्होंने पूरे सत्र में दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। डॉ. श्याम किशोर ने वैदिक गणित का अवलोकन करके सत्र की शुरूआत की, जो वैदिक युग से चली आ रही है, और आज की दुनिया में इसकी प्रासंगिकता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वैदिक गणित केवल तकनीकों का एक समूह नहीं है, बल्कि सीखने का एक समग्र दृष्टिकोण है जो रचनात्मकता, समस्या-समाधान और आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देता है।

व्याख्यान अत्यधिक संवादात्मक था, जिसमें डॉ. किशोर ने दर्शकों को सवाल पूछने और लाइव प्रदर्शनों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उनकी करिश्माई और सुलभ शैली ने विषय को और अधिक प्रासंगिक और आकर्षक बना दिया।

विधान मंडल क्षेत्र विकास निधि के तहत 12 अरब 55 करोड़ की धनराशि स्वीकृति

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विधान मंडल क्षेत्र विकास निधि के लिए वर्ष 2025-26 में विधान सभा के 403 सदस्यों के लिए दस अरब सात करोड पचास लाख मात्र, जीएसटी सहित की धनराशि तथा विधान परिषद के 100 में से 99 (1 स्थान रिक्त हैं) सदस्यों के लिए दो अरब सैतालीस करोड़ पच्चास लाख मात्र जीएसटी सहित की धनराशि अर्थात विधान मंडल के कुल 502 (40399) सदस्यों को वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रथम किश्त के रूप में 250 लाख (जीएसटी सहित) की दर से जीएसटी सहित बारह अरब पचपन करोड़ मात्र, जीएसटी सहित की धनराशि अवमुक्त किया जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। उप मुख्यमंत्री ने ग्राम्य विकास विभाग के सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए गये हैं कि स्वीकृत की गयी धनराशि का व्यय विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि के मार्गदर्शी सिद्धांतों में उल्लिखित व्यवस्था ध्प्राविधानों तथा इस निमित्त समय-समय पर जारी शासनादेशों के अनुसार ही किया जाये।

आयोग ने आईआईआईडीईएम में 2,300 से अधिक पदाधिकारियों को किया प्रशिक्षित

लखनऊ। भारत निर्वाचन आयोग ने अब तमिलनाडु और पुडुचेरी के क्षेत्र स्तरीय निर्वाचन पदाधिकारियों को तमिल भाषा में प्रशिक्षण देने का एक और अभूतपूर्व कदम उठाया है। आईआईआईडीईएमए दिल्ली में इस मिश्रित बैच के प्रशिक्षण कार्यक्रम में 264 बीएलओ पर्यवेक्षकों, 14 ईआरओ, 2 डीईओ और अन्य अधिकारियों सहित 293 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि बीएलओ मतदाताओं के लिए भारत निर्वाचन आयोग के प्रथम प्रतिनिधि हैं और सही और अद्यतन निर्वाचक नामावली सुनिश्चित करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके साथ हीए पिछले कुछ हफ्तों के दौरान आईआईआईडीईएम में आयोजित किए जा रहे गहन प्रशिक्षण कार्यक्रमों से लगभग 2,300 प्रतिभागी लाभान्वित हुए हैं। बुधवार से प्रारंभ हुआ यह दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अगले कुछ वर्षों में देश में 1 लाख से अधिक बीएलओ सहित सभी स्तरों पर निर्वाचन पदाधिकारियों को प्रशिक्षित करने के व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम के क्रम में है। बीएलओ पर्यवेक्षकों को फॉर्म 6ए 7 और 8 सहित विभिन्न फॉर्मों को सही ढंग से भरने के लिए संवादात्मक सत्रों, रोल प्ले के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा रहा है।

यूपी में खाद्य सुरक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन और लाइसेंस अभियान 31 मई तक चलेगा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग पूरे प्रदेश में व्यापक फूड रजिस्ट्रेशन एवं लाइसेंस अभियान चला रहा है। यह अभियान अप्रैल के पहले सप्ताह से चल रहा है, अभियान की अवधि को 31 मई तक बढ़ा दिया गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के सभी फूड रेस्टोरेंट, खाद्य व्यापारियों और संबंधित व्यवसायों को खाद्य सुरक्षा मानकों के तहत रजिस्ट्रेशन और लाइसेंसिंग प्रक्रिया से जोड़ना है, ताकि उपभोक्ताओं को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध हो सकें। प्रदेश के सभी जनपदों के खाद्य सुरक्षा अधिकारी कैंप लगा कर फूड रजिस्ट्रेशन और लाइसेंस जारी कर रहे हैं। साथ ही उन्हें स्पष्ट निर्देश दिये गये हैं कि वो सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र में कोई भी फूड रेस्टोरेंट एवं व्यापारी बिना रजिस्ट्रेशन एवं लाइसेंस के खाद्य कारोबार नहीं कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी के सभी जिलों के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में फूड रेस्टोरेंट एवं खाद्य व्यापार को खाद्य सुरक्षा मानकों के तहत चलाने के स्पष्ट निर्देश दिये हैं। जिसके मुताबिक खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग पूरे प्रदेश में खाद्य व्यवसाय संचालकों के लिए रजिस्ट्रेशन एवं लाइसेंस बनाने का अभियान चलाया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग, ये अभियान अप्रैल के पहले सप्ताह से एक माह के लिए शुरू किया था, वर्तमान में ये अभियान अब 31 मई तक चलेगा।

मेला व जागरूकता शिविर लगाकर तालाब पट्टेधारकों को करें लाभान्वित

मत्स्य विकास मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने की समीक्षा बैठक

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मत्स्य विकास मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद ने कहा कि मेला एवं जागरूकता शिविर आयोजित करके तालाब पट्टेधारकों को लाभान्वित किया जाए ताकि उनके एक ही स्थान पर सभी जानकारी मिल सके। ग्राम्य विकास विभाग, पंचायती राज एवं राजस्व परिषद के साथ समन्वय स्थापित करके 06 महीने के पूर्व ही पट्टे की प्रक्रिया पूर्ण की जाए।

मात्स्यिकी क्षेत्र के विकास से न सिर्फ राजस्व की बढ़ोत्तरी होगी बल्कि रोजगार के अधिक से अधिक अवसर सृजित होंगे। अधिकारी मत्स्य तकनीक के क्षेत्र में हो रहे अभिनव प्रयोगों को अपनाए ताकि मत्स्य उत्पादन में वृद्धि हो। प्रदेश को मत्स्य उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाया जाना राज्य सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि मत्स्य व्यवसाय से जुड़कर स्वरोजगार के अवसर प्राप्त करने एवं आर्थिक उन्नति हेतु मछुआ समुदाय और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को प्रोत्साहित किया जाए। योजनाओं का और अधिक प्रचार प्रसार और सरलीकरण किया ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें। मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने बुधवार को विधान सभा स्थित अपने कार्यालय कक्ष में समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना में विभिन्न परियोजनाओं यथा निजी भूमि तालाब निर्माण, बैकयार्ड आरएएस, इन्सूलेटेड वैन, मोटरसाइकिल विद आइसबाक्स, साइकिल विद आइसबाक्स आदि के बारे में लोगों को विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया जाए। मत्स्य मंत्री ने प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, निषादराज बोट योजना, उप्र मत्स्य पालक कल्याण कोष के अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं तथा सहकारी समितियों के गठन की समीक्षा की। डॉ. निषाद ने कहा कि उप्र मत्स्य पालक कल्याण कोष की धनराशि का मछुआ पालकों को अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो, पोखरों की संख्या में वृद्धि की जाय। मत्स्य मोबाइल बिक्री केन्द्रो एवं मत्स्य दुकानों की संख्या में वृद्धि की जाये। उन्होंने मत्स्य क्षेत्र के सभी भूमिहीन मछुआरों को केसीसी के माध्यम से ऋण मुहैया कराने हेतु दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि इस योजना में और तेजी लाई जाए। इसके साथ ही अनुपयुक्त जलक्षेत्र जैसे वेटलैण्ड, खारापानी जलक्षेत्र, जलाशय व नदियों को मत्स्य विकास कार्यक्रम से आच्छादित करने तथा प्रदेश के मछुआरों व मत्स्य पालकों के जीवन में आर्थिक सुधार लाने हेतु कल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता दी जाए।

बैठक में प्रमुख सचिव, मत्स्य विकास विभाग श्री के0 रविंद्र नायक ने मंत्री जी को आश्वस्त किया कि उनसे प्राप्त दिशा निदेर्शों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। कार्यों में लापरवाही या उदासीनता बरतने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही की जाएगी।

ममता सिंह को लखनऊ और उन्नाव का बनाया गया प्रभारी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। जनता दल यूनाइटेड प्रदेश कार्यकारिणी की अहम बैठक बुधवार को लखनऊ स्थित प्रदेश कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने की। प्रदेश अध्यक्ष ने सबको बधाई एवं शुभकामनायें देते हुए आशा व्यक्त की कि नवीन कार्यकारिणी प्रदेश में संगठन को नयी ऊंचाइयां देगी। साथ में आने वाले पंचायत चुनाव एवं 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए पूरी मेहनत और लगन से काम करेगी। बैठक मे प्रदेश के नवगठित प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक मे मुख्य रूप से सदस्यता अभियान में गति लाने साथ में सभी जिलों की जिला कार्यकारिणी का गठन पूरा करने के निर्देश संबंधित प्रभारियों को दिए गए है।

बैठक मे कई नए प्रभार सौंपे गये, जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष ममता सिंह को लखनऊ एवं उन्नाव जिलों का प्रभारी बनाया गया, राम किशोर वर्मा प्रदेश महासचिव को हरदोई एवं सीतापुर का प्रभारी बनाया गया, बृजेश सिंह प्रदेश महासचिव को महोबा, अभिषेक राय प्रदेश महासचिव को बलिया, संजय कुमार सिंह प्रदेश महासचिव को प्रतापगढ़, फतेहपुर एवं कौशांबी का प्रभारी बनाया गया। प्रदेश सचिव नौशाद खान को आजमगढ़, मनीष श्रीवास्तव को लखनऊ का जिला संयोजक, विजेंद्र निशंक प्रदेश महासचिव को मेरठ मंडल का प्रभारी, भानु प्रताप सिंह यादव प्रदेश सचिव को बरेली, आदेश सिंह प्रदेश सचिव को संभल, मोहम्मद असलम पाशा प्रदेश सचिव को बिजनौर, अभिषेक त्यागी प्रदेश सचिव को गौतम बुद्ध नगर एव नोएडा, शैलेन्द्र सिंह गहरवार प्रदेश उपाध्यक्ष को जनपद फरुर्खाबाद एवं कन्नौज का प्रभारी बनाया गया।

संक्षेप

घूर की जमीन को कब्जा मुक्त कराने की मांग

सोहावल। तहसील सोहावल अंतर्गत ग्राम पंचायत उसुरू अमीना के मजरे खोजनपुर में घूर गड्ढे की जमीन पर अवैध अतिक्रमण का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता संतोष कुमार पुत्र लालता प्रसाद ने उपजिलाधिकारी सोहावल को प्रार्थना पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि गांव के शिवकुमार दुबे एवं सुशील दुबे आदि ने ग्राम सभा की घूर गड्ढा की भूमि गाटा संख्या 222 पर पक्का पिलर निर्माण कर लिया है। शिकायतकर्ता ने उपजिलाधिकारी से घूर गड्ढे की जमीन पर हुए अवैध पिलर निर्माण को ध्वस्त करा कर सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग किया है।

अधिवक्ता संघ तिलोई ने ली शपथ

अमेठी। जनपद की तहसील तिलोई में अधिवक्ता संघ के चुनाव में अधिवक्ताओं का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हो गया। अध्यक्ष पद पर राम सिंह महामंत्री सुरेन्द्र कुमार, जेष्ठ उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, उपाध्यक्ष राम अरविन्द कुमार पाण्डे, अशरफ व अनिल कुमार अरविन्द नारायण मिश्रा के साथ ही संयुक्त महामंत्री अभिषेक सिंह, सुनील कुमा, शिव शंकर, रामकुमार सिंह, सुशील, सरताज अहमद, आशीष कुमार श्रीवास्तव, कनिष्क सदस्य रामेन्द्र, लाल मोहम्मद, बिनोद कुमार भारत कौशवेन्द्र सिंह नवनिर्वाचित हुए। मुख्य अतिथि मंयकेश्वर शरण सिंह राज्य मंत्री उ्र प्र सरकार तथा विशिष्ट प्रशांत सिंह अटल सदस्य एवं पूर्व बार कौंसिल उत्तर प्रदेश रहे। इस अवसर पर तहसील तिलोई, नायब तहसीलदार के साथ समस्त अधिवक्ता व साथ ही क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन दयानन्द शर्मा एडवोकेट ने किया। प्रशांत सिंह अटल ने कहा कि अधिवक्ता ऐसी कौम है, जो किसी से नहीं डरती है। इस देश के नेताओं के आगे जज सरेंडर कर देते हैं। लेकिन नंगे पर कचेहरी आने वाले व्यक्ति का मुकदमा अधिवक्ता नि शुल्क लड़ते है। राज्यमंत्री ने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में जो घृणित कार्य हुआ है। उसका जवाब हमारी सेना ने दे दिया है। हमें भारतीय सेना को उसके बाद प्रधानमंत्री को धन्यवाद देना चाहिये।

डीएम व एसपी की उपस्थिति में मॉक ड्रिल आयोजित

गौरीगंज, अमेठी। आज शासन के निर्देशानुसार जनपद के विभिन्न स्थानों, अस्पतालों, औद्योगिक संस्थानों तथा रक्षा क्षेत्र के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर आपदा के समय बचाव की स्थिति के सम्बन्ध में प्रशिक्षण एवं तैयारियों के आकलन के लिए मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। डीएम संजय चौहान व एसपी अपर्णा रजत कौशिक की उपस्थिति में इंडोरामा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड जगदीशपुर में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिसकी सतत निगरानी जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार जिला आपदा नियंत्रण कक्ष के द्वारा की गयी। जनपद मुख्यालय में स्थापित आपदा नियंत्रण कक्ष वर्तमान परिस्थिति में 24७7 शिफ्टवार संचालित है जिसमें जनपद के विभिन्न स्थानों पर घटित होने वाली आपदाओं की सूचना दर्ज करते हुए मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार प्रतिक्रिया की जाती है। घटनाओं के क्रम में इण्डो रामा फटीर्लाइजर कम्पनी द्वारा सूचित किया गया कि अज्ञात कारणों से हुए विस्फोट के कारण अमोनिया स्टोरेज टैंक के पास आग लगने की घटना हुई जिससे गैस रिसाव की सम्भावना है तथा इस घटना में 30-40 लोग घायल हुए है।

ऑपरेशन सिंदूर ने सिद्ध किया देश अपनी सुरक्षा के प्रति संकल्पबद्ध

ऑपरेशन सिंदूर के शूरवीरों का किया गया अभिवादन

- **एक देश, एक चुनाव के समर्थन में प्रबुद्ध समागम आयोजित**

अयोध्या। विधानसभा अयोध्या के रामपुर सर्धा स्थित ग्रामोदय महाविद्यालय में एक देश, एक चुनाव के प्रति जनसमर्थन जुटाने के लिए बुधवार को प्रबुद्ध समागम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बुद्धिजीवी वर्ग, समाजसेवी व छात्रों ने सहभागिता किया। कार्यक्रम के दौरान ऑपरेशन सिंदूर को लेकर वीर सैनिकों के शौर्य को नमन किया गया। भारत माता का जयघोष किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि एक देश, एक चुनाव देश के संसाधनों की बचत, राजनीतिक स्थिरता और विकास की निरंतरता के लिए आवश्यक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह विचार राष्ट्रहित में दूरदृष्टिपूर्ण कदम है, जिसे हर जागरूक नागरिक का समर्थन मिलना चाहिए। उन्होंने एक देश एक चुनाव को लेकर लोगों की जिज्ञासाओं का उत्तर दिया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने यह सिद्ध कर दिया है कि भारत अपनी सुरक्षा के प्रति सजग और संकल्पबद्ध है।

क्षेत्रीय महामंत्री व महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने कहा कि एक देश, एक चुनाव केवल राजनीतिक सुधार नहीं, बल्कि लोकतंत्र को सशक्त करने की दिशा में क्रांतिकारी परिवर्तन है। इस विचार को साकार करने के लिए समाज के प्रबुद्ध वर्ग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि हमारे सैनिकों ने अद्वितीय साहस का परिचय दिया है, वह हर भारतीय के लिए प्रेरणास्त्रोत है। कार्यक्रम में अनेक शिक्षकों, पूर्व सैनिकों और सामाजिक कार्यकताओं ने भी अपने विचार रखे और एक देश, एक चुनाव को लेकर जनजागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक पद्मनाथ सिंह, रामप्रीत वर्मा, सियाराम वर्मा, हरभजन गौड़, उग्रसेन सिंह, दिनेश मिश्र, अमल गुप्ता, राजेश पाठक सहित बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

दो पक्षों में मारपीट, 8 के खिलाफ विभिन्न धाराओं मे केस दर्ज

नसीराबाद रायबरेली। नसीराबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में दो पक्षों में पानी के निकासी को लेकर वाद विवाद शुरू हो गई। मामला कहासुनी पर बड़ा और देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गई मारपीट में दोनों पक्षों को चोटे आई है। बाद में पुलिस ने दोनो पक्षों से मिली तहरीर पर आठ लोगों के खिलाफ केस दर्जकर मामले की विवेचना सी ओ सलोन को सौपी गयी है।

नसीराबाद थाना क्षेत्र के डीघा ग्राम पंचायत मे सोमवार को करीब शाम 6 बजे दो पक्षों में मारपीट का मामला सामने आया। सुबह तेज बारिश और हवा का बहाव था जिसको लेकर गांव के रामचरन और दूसरे रामशरन दोनों में वाद विवाद होने लगी मामला बड़ा और मारपीट शुरू हो गई। मंगलवार को नसीराबाद थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की तो दोनों की तरह पर केस दर्ज कर लिया गया। तहरीर के मुताबिक रामचरन की ओर से विजय, रामशरन शहादत और अजय पर एससी एसटी एक्ट वहीं रामसरन की तहरीर पर रामचरन चंद्रभवन, मिट्ठू लाल और राम भवन पर घर में घुसकर मारपीट तांडव मचाने जैसी पांच गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है मामले में थाना प्रभारी कमलेश कुमार राजभर ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर आठ लोगों के खिलाफ दर्ज कर लिया गया है। मामले की विवेचना सलोन सी ओ को सौपी गयीं है।

युद्ध व आपदा से निपटने के लिए हुई मॉक ड्रिल

सुलतानपुर। भारत सरकार के गृह मंत्रालय एवं उत्तर प्रदेश सरकार के गृह विभाग के निदेर्शानुसार मंगलवार को राजकीय इंटर कॉलेज, सुलतानपुर परिसर में युद्ध अथवा अन्य आपातकालीन/संकट की स्थिति से निपटने हेतु मॉक ड्रिल अभ्यास का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी कुमार हर्ष के नेतृत्व एवं पर्यवेक्षण में आयोजित इस मॉक ड्रिल में फायर ब्रिगेड, पुलिस विभाग, मेडिकल टीम, आपदा विशेषज्ञ और अन्य संबंधित इकाइयों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। अभ्यास के दौरान एनसीसी कैडेट, छात्र-छात्राएं एवं आम नागरिकों को आपदा प्रबंधन से जुड़ी महत्त्वपूर्ण जानकारी दी गई। अग्निशमन विभाग ने बताया कि युद्ध या आपात स्थिति में क्या करना चाहिए द्द जैसे जरूरी दस्तावेज एक स्थान पर सुरक्षित रखना, प्राथमिक चिकित्सा किट, सूखा राशन, पानी, टॉर्च, नकद और मोबाइल चार्ज रखना। नजदीकी शरणस्थलों की जानकारी रखना और सरकारी सूचनाओं पर विश्वास बनाए रखना जरूरी है।

एक राष्ट्र एक चुनाव हिंदुस्तान के लिए ऐतिहासिक कार्य : बुद्धीलाल पासी

डलमऊ, रायबरेली। नगर में एक राष्ट्र एक चुनाव की उपयोगिता को लेकर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें बोलते हुए बतौर मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष बुद्धीलाल पासी ने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा भारत में चुनावी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से प्रस्तुत की गई है। इसके तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जाएंगे। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाल ही में इस प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है, जिसके लिए पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया था। जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक राष्ट्र एक चुनाव का बिल पास करा कर हिंदुस्तान के लिए ऐतिहासिक कार्य किया है। यह बिल भारत के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम में बोलते हुए भाजपा नेता उमेश सिंह ने कहा कि बार-बार होने वाले चुनावों से सरकारी खजाने पर भारी बोझ पड़ता था। एक राष्ट्र एक चुनाव से धन का अपव्यय नहीं होगा।

- **एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर भाजपा की कार्यशाला संपन्न**

प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय हित में बड़ा ही सराहनीय कार्य किया है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे भाजपा नेता जेपी सिंह ने कहा कि एक साथ चुनाव कराने से आपूर्ति श्रृंखला, व्यावसायिक निवेश और आर्थिक विकास में स्थिरता आएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर पंचायत अध्यक्ष पंडित बृजेश दत्त गौड़ ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में सरकारी अधिकारियों और सुरक्षा बलों का उपयोग कम होगा, जिससे उनके कर्तव्यों के निर्वहन में सुधार होगा। इस मौके पर राधेश्याम पाल, अभिषेक वर्मा, प्रमोदसिंह, मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, प्रदीप लोधी, नंदकुमार सिंह, राम सुमेर लोधी, चंदन त्रिवेदी, महेंद्र पटेल, जितेंद्र पटेल, दिवाकर मिश्रा, अभिमन्यु सिंह, बबलू पांडे, बीके सिंह, अखिलेश बाजपेई, सुनील मिश्रा, राजेश निर्मल, रमेश शुक्ला, निर्वेश साहू, दिनेश त्रिपाठी, आशीष कुमार आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एनएसपीएस त्रिपुला में मनी टैगोर जयंती

जिला संवाददाता (vol)

रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर जी की जयंती मनाई गई। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किये। छात्रा अंशिका, अदिति, आरोही, अर्पिता और देवेश ने गुरुदेव के लिखे बांग्ला गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मनमोह लिया।

छात्रा माही ने गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर का संक्षिप्त जीवन परिचय देते हुए बताया कि गुरु जी विश्वविख्यात कवि, साहित्यकार और दार्शनिक थे। वह पहले भारतीय हैं जिन्हे 1913 ई0 में महाकाव्य गीतांजलि की रचना के लिए नोबेल पुरस्कार दिया गया। बांग्लादेश का राष्ट्रगान आमार सोनार बांग्ला व भारत देश का राष्ट्रगान जन गण मन गुरुदेव की ही देन है।गुरुदेव द्वारा स्थापित किया गया विश्व भारती विश्वविद्यालय उनके प्रकृति प्रेम का अनूठा उदाहरण है। प्रधानाचार्य श्री प्रजापति ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि गुरुदेव रवीन्द्रनाथ एक ऐसे व्यक्तित्व हैं जिनसे प्रेरणा लेकर लोग सफलता के उच्चतम शिखर पर पहुँच सकते हैं। गुरुदेव ने लोगों को सदैव गलतियों से प्रेरणा लेते हुए उन्हें दोहराये बिना सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य मो. फैजान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, रामदेव, शाहीन खान, अभिषेक श्रीवास्तव, पिंकी जायसवाल एवं गिरीश श्रीवास्तव सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

कूरेभार में भाजपाइयों ने मनाया ऑपरेशन सिंदूर का जश्न

कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)। ऑपरेशन सिंदूर के सफल होने पर कूरेभार बाजार में भाजपाइयों ने गोले पटाखे फोड़कर खिलाई और लोगों को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

बुधवार शाम लगभग 5.30 बजे कूरेभार बाजार की मुख्य चैक पर पाकिस्तान के खिलाफ हुई एयर स्ट्राइक के समर्थन में भाजपाइयों व कस्बा वासियों ने जमकर की आतिशबाजी, एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का मनाया जश्न। इस दौरान पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाते हुए भाजपाइयों व कस्बावासियों ने किया भरतीय सैनिकों के समर्थन में जमकर की नारेबाजी। इस दौरान बीजेपी मंडल अध्यक्ष राज मणि मोर्य, पूर्व अध्यक्ष संदीप पाण्डेय, प्रधान प्रतिनिधि सुरेश कसौधन, पन्ना लाल जायसवाल, सत्य प्रकाश पाण्डेय, विजय पाण्डेय, नीतीश अग्रहरि प्रधान विपिन कुमार अरविंद वर्मा संदीप तिवारी, अरुण दूबे सुधांशु आदि मौजूद रहे।

पकिस्तान में ऑपरेशन सिंदूर पर लोगों ने जतायी खुशी

मोतिगरपुर, सुलतानपुर। स्थानीय कस्बे में बुधवार को भाजपा कार्यकताओं ने बड़ी संख्या में हाथो में तिरंगा लहराकर ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन मे पटाखे दागकर खुशी का इजहार कर मिष्ठान वितरित किया। 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में सैलानियों की निर्मम हत्या को लेकर देश में जन आक्रोश था। देशवासी सरकार से पाकिस्तान को सबक सिखाने की मांग कर रहे थे। मंगलवार की रात भारतीय सेना ने बहादुरी दिखाते हुए पाकिस्तान मे घुसकर कई जगह हमले कर आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया। भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने हाथो मे तिरंगा लेकर पकिस्तान मुदार्बाद, भारत माता का उद्घोष कर लोगो ने पटाखा फोड़ मिष्ठान वितरित कर खुशी का इजहार किया। यहा पर ब्लॉक प्रमुख चंद्रप्रताप सिंह, मण्डल अध्यक्ष विनय प्रजापति, उपाध्यक्ष अमित सिंह, विनोद सिंह बेलखरिया, बब्बन चैबे, अनिरुद्ध यादव, प्रकाश नारायण सिंह, अंकित मिश्र, पूर्व प्रमुख राम मूर्ति निषाद, विपिन सिंह, विनोद सिंह, अमित उपाध्याय, पवन सिंह, दीपक, सौरभ मिश्र विराट, पिन्टू सिंह आदि मौजूद रहे।

नवागत एआरटीओ ने कार्यभार संभाला

गौरीगंज, अमेठी। जनपद अमेठी के मुख्यालय गौरीगंज में स्थित एआरटीओ कार्यालय का कार्यभार नवागत एआरटीओ विनय कुमार सिंह ने बुधवार को संभाला। बताते चलें कि एक वर्ष के अन्दर तीसरे एआरटीओ विनय कुमार सिंह अमेठी एआरटीओ कार्यालय का अतिरिक्त कार्यभार संभाल लिया है दूसरा इनका चार्ज प्रतापगढ़ जनपद भी है।

एआरटीओ ने कार्यालय कार्यभार संभालने के बाद विभागीय कर्मचारियों से फिटनेस, रजिस्ट्रेशन, वाहन चालान, लाइसेंस सहित अन्य जानकारी लिया और उन्हें सही जानकारी देने की बात कही। विभागीय कर्मचारियों ने नवागत एआरटीओ विनय कुमार सिंह को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इस मौके पर जयप्रकाश, प्रांजल तिवारी, शिवांशु, धर्मप्रकाश सहित अन्य विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर मिठाई बांटी, लगाये भारत माता की जय के नारे

अयोध्या। देश की सुरक्षा के लिए भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर विश्व हिंदू महासंघ के पदाधिकारियों ने सोमवार को रिकाबगंज चैराहे पर उत्सव का माहौल बनाया। संगठन के कार्यकताओं ने राहगीरों को मिठाई बांटकर सेना के शौर्य व साहस को सलाम किया तथा पूरे जोश के साथ भारत माता की जय, वंदे मातरम और जय हिन्द के नारे लगाए। जिलाध्यक्ष राजकुमार सोनकर ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना की वीरता और रणनीतिक दक्षता का प्रमाण है। हमारे जवानों ने देश के दुश्मनों को करारा जवाब देकर यह सिद्ध कर दिया कि भारत अपनी सुरक्षा के प्रति एकदम सजग और सक्षम है।प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह ने कहा, यह अभियान हर भारतवासी के लिए गर्व का क्षण है। हमने रिकाबगंज चैराहे पर मिठाई बाँटकर आमजन के साथ इस विजय को साझा किया है। हम सभी जवानों के साहस, संयम और समर्पण को नमन करते हैं। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने हाथों में तिरंगा लहराकर वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी और आम जनमानस से सेना के प्रति सम्मान व्यक्त करने की अपील की। मौके पर अशोक कुमार शर्मा, मृत्युंजय श्रीवास्तव, रीना सिंह, मीना सिंह, अंकित सोनकर, दीपक भट्ट, शेर बहादुर सिंह, रमेश शास्त्री, विजय शकर पाण्डेय, प्रदीप पाठक, सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अवध विवि की एनईपी स्नातक सम सेमेस्टर परीक्षा शुरू

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की एनईपी बीए, बीएससी व बीकॉम सम सेमेस्टर की परीक्षाएं बुधवार को सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में शुरू हुई। पहले दिन तीन पालियों की परीक्षा में 51918 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 1998 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली की परीक्षा में 858, द्वितीय पाली में 25031 व तृतीय पाली में 26029 के सापेक्ष 44, 1225, 729 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देश पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने शासन की मंशानुरूप नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए परीक्षा नियंत्रक प्रो0 सिद्धार्थ शुक्ला ने केन्द्रों के सीसीटीवी कैमरे के संचालन को कंट्रोल रूम परखा एवं परीक्षा को सुचारू से रूप से सम्पन्न कराने के लिए सचलदल से सम्पर्क बनाये रखा। वही आवासीय परिसर के दीक्षा भवन में बीएससी सम सेमेस्टर की परीक्षा में केन्द्राध्यक्ष प्रो0 चयन कुमार मिश्र द्वारा परीक्षार्थियों की सघन तलाशी कराई गई। उन्होंने कक्ष निरीक्षकों से शुचिता पूर्ण परीक्षा कराने का निर्देश दिया। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि सचल दल द्वारा विभिन्न जिलों के केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण ढ़ग से सम्पन्न हुई।

नवनिर्वाचित सभासदों का हुआ स्वागत

अयोध्या। बुधवार को सपा जिला कार्यालय लोहिया भवन गुलाबबाड़ी पर जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव की अध्यक्षता मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि पार्टी की सभी पदाधिकारी व नेता अपने-अपने क्षेत्र में पीडीए पंचायत के माध्यम से समाजवादी पार्टी की नीतियों- रीतियों से जनता को अवगत कराएं। बीकापुर व खिरौनी नगर पंचायत में सभासद पद के लिए उपचुनाव में सपा प्रत्याशी की पीडीए की एकजुटता का संदेश है। पारसनाथ यादव ने कहा कि सभासद के उपचुनाव में पार्टी की जीत राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हाथों को और मजबूत करेगी। आगामी पंचायत चुनाव को लेकर भी जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने पार्टी के पदाधिकारी नेताओं का कार्यकताओं से विस्तार पूर्वक चर्चा की। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व एमएलसी लीलावती कुशवाहा ने कहा कि पार्टी के सभी पदाधिकारी नेता व कार्यकर्ता नई मतदाता सूची का सत्यापन कर जल्द से जल्द कार्यालय पर अवगत कराएं। बैठक में नगर पंचायत खरौनी वार्ड नंबर -1 बिसुहिया से समाजवादी पार्टी की नवनिर्वाचित सभासद पार्वती देवी व बीकापुर नगर पंचायत के वार्ड संख्या 3 तेंदुआ माफी से सपा की नवनिर्वाचित सभासद अंकिता कनौजिया फूल माला पहना कर भव्य स्वागत किया गया। सपा प्रवक्ता लवलेश पांडेय ने बताया कि बैठक का संचालन जिला महासचिव बख्तियार खान ने किया। बैठक को पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव, पूर्व एमएलसी लीलावती कुशवाहा, राम अचल यादव, के के पटेल, हाजी असद, मोहम्मद हलीम, शावेज जाफरी, जेपी यादव, एजाज अहमद, चंद्रभान वर्मा, ओपी पासवान, के के गुप्ता, आजाद सिंह चैहान, पृथ्वीराज यादव, रक्षा राम यादव, छोटे लाल यादव, शोएब अहमद, जय सिंह राणा, विद्या भूषण पासी, दान बहादुर सिंह, रामकरन यादव, कैलाश कोरी, गोविंद विश्वकर्मा, समरपाल सिंह यादव, सहित तीन दर्जन से अधिक नेताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम में श्रेया सिंह पटेल, स्वामीनाथ वर्मा, मायाराम यादव, डॉ माखनलाल यादव, राम सुमेर भारती, बृजेश सिंह चैहान, जगदीश यादव, रामबख्श यादव, रितेश यादव, जितेंद्र यादव, अरुण यादव सहित बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी व नेता मौजूद रहे।

संस्था ने डीएम कार्यालय में रखा पक्षी जलपात्र

गोसाईगंज, सुलतानपुर। कटका क्लब ने मंगलवार जिलाधिकारी कार्यालय में सिटी मजिस्ट्रेट विदुषी सिंह के साथ मिलकर पक्षी जल पात्र रखवाने का कार्य किया। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष सौरभ मिश्रा विनम्र ने बताया कि मार्च महीने से ही सर्वत्र भीषण गर्मी का माहौल है। आसमान से आग बरस रही है। धरती तपन लगातार बढ़ रही है। हर कण्ठ को पानी की तलाश है। चाहे वह पशु-पक्षी हों या फिर इंसान। यह हम सब का कर्तव्य है। कि जिस तरह स्वयं के लिए पीने के पानी की जरूरत समझते हैं।उसी प्रकार अपने आस-पास के प्राणियों खासकर पशु-पक्षियों के लिए भी पानी का इंतजाम कर पुण्य कार्यों में भागीदार बने। कोई पशु पक्षी दाना-पानी के अभाव में दम न तोड़ दे इसका ध्यान रखना हम सब का कर्तव्य है। इस मौके पर उपस्थित संस्था के अनिल सिंह ने बताया कि मूक पक्षियों के लिए जीव दया का भाव रखते हुए कस्बे में पक्षियों के लिए जलपात्र रखकर उनके लिए पेयजल, दाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। इस दौरान उपस्थित सिटी मजिस्ट्रेट विदुषी सिंह ने संस्था के अभियान की सराहना करते हुए कहा कि संस्था को आगे जो भी सहयोग की जरूरत होगी। जिला प्रशासन हर संभव मदद के लिए तैयार रहेगा।

भारत माता के माथे का तिलक है ऑपरेशन सिंदूर : राजेश तिवारी

सुलतानपुर (वीओएल)। कांग्रेस नेता राजेश तिवारी ने कहा कि आज पूरे देश का सीना गर्व से चैड़ा है। ऑपरेशन सिंदूरकी सफलता के साथ भारतीय सेना ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि जब बात राष्ट्र की सुरक्षा की होती है, तो भारत किसी भी चुनौती का डटकर सामना कर सकता है। यह ऑपरेशन न केवल हमारी सैन्य शक्ति का प्रतीक है, बल्कि यह भारत माता के माथे पर तिलक के समान गौरवशाली उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ भारतीयों के दिलों में आज तिरंगा धड़क रहा है। पूरा देश एकजुट होकर सेना के शौर्य और सरकार के दृढ़ संकल्प को सलाम कर रहा है। इस कठिन समय में विपक्ष ने भी राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा है।

- **कांग्रेस नेता सेना को दी बधाई**

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सरकार को पूर्ण समर्थन दिया है, और कांग्रेस पार्टी ने स्पष्ट किया है कि इस मुद्दे पर वह सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी द्वारा दिए गए घाव की टीस आज भी पाकिस्तान को याद है, और अब ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ल ने उस इतिहास को दोहराया है। पाकिस्तान को अब अपने गिरेबान में झांकने की आवश्यकता है, क्योंकि भारत की ओर आँख उठाना अब किसी के लिए भी असंभव है।

बच्चों के वाहन चलाने के खिलाफ चला अभियान

रायबरेली। सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने की बढ़ती प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से रायबरेली यातायात पुलिस ने मंगलवार को शहर के प्रमुख विद्यालयों के आसपास एक विशेष अभियान चलाया। इस अभियान में नाबालिग बच्चों द्वारा वाहन चलाने के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई, जिसके तहत 18 वाहनों का चालान किया गया।

यातायात प्रभारी इंद्रपाल सिंह सेंगर के नेतृत्व में यह अभियान शहर के 10 प्रमुख विद्यालयों के आसपास केंद्रित रहा। अभियान में टीएसआई अफरोज खान और यातायात पुलिस के सिपाहियों की टीम ने सक्रिय भागीदारी निभाई। यह कार्रवाई गोपाल सरस्वती इंटर कॉलेज, सेंट पीटर्स स्कूल, रेयान इंटरनेशनल स्कूल, राजकीय इंटर कॉलेज, वैदिक इंटर कॉलेज, और एसजेएस स्कूल के सामने की गई। अभियान का उद्देश्य और कार्यवाही यातायात पुलिस का यह अभियान मुख्य रूप से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने से होने वाले खतरों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए चलाया गया। अभियान के दौरान यातायात पुलिस ने स्कूलों के बाहर उन नाबालिग बच्चों को

लक्षित किया, जो बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के दोपहिया या अन्य वाहन चला रहे थे। यातायात प्रभारी इंद्रपाल सिंह सेंगर ने बताया कि नाबालिगों द्वारा वाहन चलाना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि यह सड़क पर उनकी और दूसरों की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा है। उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग के निदेर्शों के अनुसार, 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति नहीं है। इस अभियान का उद्देश्य नाबालिगों और उनके अभिभावकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करना है। कानूनी प्रावधान और चालान इस अभियान के तहत मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई की गई। नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने पर वाहन मालिक या अभिभावक को भी जिम्मेदार ठहराया जाता है। उत्तर प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग के निदेर्शों के अनुसार, यदि कोई अभिभावक या वाहन मालिक 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे को वाहन चलाने की अनुमति देता है, तो उसे 3 साल तक की सजा और 25,000 रुपये तक के जुमार्ने का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा, नाबालिग का ड्राइविंग लाइसेंस 25 वर्ष की आयु तक निलंबित रह सकता है। अभियान के दौरान 18 वाहनों का चालान किया गया, जिनमें ज्यादातर दोपहिया वाहन शामिल थे। चालान के साथ-साथ नाबालिगों और उनके अभिभावकों को यातायात नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी गई।

यातायात पुलिस ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति न दें और उन्हें सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में शिक्षित करें। साथ ही स्कूल प्रशासन से भी अनुरोध किया गया कि वे अपने छात्रों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष कक्षाएं आयोजित करें। यातायात प्रभारी इंद्रपाल सिंह सेंगर ने बताया कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

अवैध गांजा कारोबार में संलिप्त चौकी इंचार्ज समेत तीन सिपाही निलंबित

रायबरेली। अवैध गांजा कारोबार में पुलिस की शिथिलता और संलिप्तता पाये जाने पर पुलिस अधीक्षक ने ऊंचाहार थाने के अंतर्गत चैकी इंचार्ज समेत तीन सिपाहियों को निलंबित कर दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार ऊंचाहार इलाके में करीब पांच किलो अवैध गांजा के तीन कारोबारियों को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने ऊंचाहार इलाके के चैकी इंचार्ज अजय मलिक, मुख्य आरक्षी संतोष कुमार सिंह, आरक्षी भूपलाल और आरक्षी आकाश कुमार को कार्य मे शिथिलता बरतने और अवैध नशे के कारोबार में अंकुश न लगा पाने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह ने कड़े शब्दों में हिदायत दी है कि भविष्य में किसी भी अधिकारी या कर्मचारी की गौ तस्करी, गांजा तस्करी, सट्टा या जुआ आदि में यदि संलिप्तता पाई जाती है तो उस शख्स के खिलाफ अभियोग दर्ज करा कर कठोतम विभागीय कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

बेमिसाल सैन्य पराक्रम

पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए भारत सरकार और सेना ने जिस सूझबूझ के साथ पाकिस्तान पर पलटवार किया, उसके संदेश बहुत दूर तक जायेंगे। ऑपरेशन सिंदूर में सिर्फ पाकिस्तान के नौ आतंकी ठिकानों को ही नष्ट नहीं किया है, बल्कि दो दिन पहले तक फुदक रहे पाकिस्तान के हौसले को भी पस्त किया गया। इस हमले में पाकिस्तान की कूटनीतिक और सामरिक पराजय तो हुई ही है, लेकिन पाकिस्तानी सेना को भी अब यह अहसास हो गया है कि भारत की सेना प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण और प्रोफेशनलिज्म के मामले में पाकिस्तान की मुनीर आर्मी से कोसों आगे है। पहलगाम हमले के बाद से ही यह बात स्पष्ट हो गया था कि भारत इसका बदला जरूर लेगा। इस संदर्भ में प्रधानमंत्री, रक्षामंत्री ने भी भारत की इच्छा को जाहिर कर दिया था और सीसीएस की बैठक के बाद प्रधानमंत्री ने सेना को उचित जवाब देने के लिए 'फ्री हैंड' कर दिया था। इस तरह देखा जाये तो भारत की तरफ से स्पष्ट था कि पहलगाम का बदला लिया जायेगा। पाकिस्तान की सेना ने भारत के संभावित हमले को देखते हुए अलर्ट होने की बात कही थी। यहां तक कि अपने एयर स्पेस को पूरी तरह साफ करा लिया था ताकि भारत के किसी भी संभावित हमले की स्थिति को रोका जा सके। लेकिन एक बार फिर पाकिस्तान की सेना और वहां की एयर डिफेंस प्रणाली 100 फीसद फेल हुई है। 28 फरवरी 2019 को जब पुलवामा घटना के बाद भारत ने बालाकोट एयर स्ट्राइक को अंजाम दिया था तब भी न सिर्फ पाकिस्तान की वायुसेना भारतीय ऑपरेशन को डिडेक्ट करने में फेल हुई थी बल्कि हमले की रात ही पाकिस्तानी सेना के एक अधिकारी ने पाकिस्तान की जनता के लिए ट्वीट किया था कि 'पाकिस्तान के नागरिक सो जायें क्योंकि उनकी सुरक्षा के लिए सेना जाग रही है।' बालाकोट एयर स्ट्राइक के बाद इस ट्वीट को लेकर पाकिस्तानी सेना का खूब मजाक बनाया गया था। अब यह दूसरा मौका है जब पूरी तरह अलर्ट होने, भारतीय हमले के स्पष्ट संकेत होने और अपने एयर स्पेस को पूरी तरह बंद रखने के बावजूद पाकिस्तान के नौ ठिकानों पर एक साथ एयर स्ट्राइक लॉच की गयी और 25 मिनट के ऑपरेशन में 26 मिसाइलों के जरिए आतंकवादियों के ठिकानों, उनके ट्रेनिंग कैंप और अन्य फैसेलिटी पर हमला कर ध्वस्त कर दिया गया। इतने बड़े स्ट्राइक के बावजूद पाकिस्तान की सेना एक भी मिसाइल को डिडेक्ट नहीं कर पायी। हां जब ऑपरेशन सिंदूर कंपलीट हो गया, तो अलल सुबह उठना और नींद भरी आंखों के बीच पाकिस्तानी सेना और आईएसआई ने पांच राफेल विमानों को मार गिराने का प्रोपोगंडा फैलाया और इतना फैलाया कि तमाम पाकिस्तानी पत्रकार जिसमें नजम सेठी और मीर हामिद जैसे वरिष्ठ भी शामिल हैं, अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए आईएसआई के इसी प्रोपोगंडा को फैलाते रहे। बहरहाल पाकिस्तान के ही अनेक पत्रकारों ने आईएसआई के दुष्प्रचार को बेनकाब भी किया। पाकिस्तान ऐसे मौकों पर झूठ बोलने, अपनी सुविधा का नैरेटिव पेश करने और प्रोपोगंडा करने में मॉस्टर है। दरअसल आज तक पाकिस्तान ने यह नहीं माना कि बालाकोट एयर स्ट्राइक के समय विंग कमांडर अभिनन्दन ने एफ-16 फाइटर प्लेन को मार गिराया था। उसने तब भी बहुत झूठ बोला था और इस बार भी जमकर झूठ बोल रहा और दुष्प्रचार कर रहा है। तब उसने बालाकोट में पेड़ पर बम गिरने और कौवा-कबूतर मरने की बात कही थी। फिलहाल इस बार उसे पांच जगह पर हमले की बात माननी पड़ी क्योंकि सोशल मीडिया पर हमले की तस्वीरें पहले ही सामने आ चुकी थीं। लेकिन यहां भी उसकी झुठाई और प्रोपोगंडा में कोई कमी नहीं है। नौ जगह हमला हुआ लेकिन सिर्फ पांच मान रहा है और सैकड़ों आतंकियों के मरने के बावजूद सिर्फ 26 की संख्या कबूल कर रहा और इन्हें भी आम नागरिक बता रहा। ऊपर से पांच राफेल को मार गिराने का चूरन पाकिस्तान की जाहिल अवाम के बीच बेच रहा है। जाहिर है पाकिस्तान ऐसे झूठ और प्रोपोगंडा से अपने हौसलों को कायम रखने का जतन कर रहा है। वैसे पाकिस्तान कुछ भी कहे लेकिन सिंदूर की कीमत और भारत की ताकत दोनों समझ गया है। सेना और सरकार ने जिस तरह सामरिक, कूटनीतिक और तकनीकी दक्षता का प्रदर्शन किया है, उसे पाकिस्तान नहीं भूलेगा।

आपरेशन सिंदूर में भारत ने प्रौद्योगिकी और सैन्य पराक्रम के साथ कूटनीतिक क्षेत्र में भी समझदारी की मिसाल पेश की।

विचार

ईश्वर द्वार निर्मित हवा पानी की तरह सब चीजों पर सबका समान अधिकार होना चाहिए।

–महात्मा गांधी.

हजार भजन करें, हजार रोजे रखें, हजार नमाज पढ़ें पर कुछ कबूल न होगा, अगर आपने किसी का दिल दुखाया है।

– शेखसादी.

जो व्यक्ति अपने ऊपर शासन नहीं करेगा वह हमेशा दूसरों का गुलाम ही बना रहेगा।

–गेटे.

पापी से घृणा न करो, उसके पाप से घृणा करो, क्योंकि पूर्ण निष्पाप तो तुम भी नहीं हो।

–महावीर.

अधिकार सुख कितना मादक और सारहीन है। अपने को नियामक और कर्ता समझने की बलवती स्पृही उससे बेगार कराती है।

–जयशंकर प्रसाद.

पाकिस्तान को समझायी 'सिंदूर' की कीमत

नरेन्द्र शर्मा

> रावण का एक सिर कटता है, तो दूसरा निकल आता है। इसलिए आतंक का समर्थन करने वाले रावण-रूपी पाकिस्तान को मारने के लिए आर्थिक उपाय भी करने होंगे। आतंक का पहिया पैसे से चलता है। पैसा नहीं होगा तो यह पहिया भी जाम हो जायेगा। कर्ज में डूबे हुए पाक की आर्थिक स्थिति को अतिरिक्त तंग करने की आवश्यकता है।

बुधवार (7 मई 2025) की सुबह 1:30 बजे से कुछ पहले भारतीय सेना ने एक्स पर पोस्ट किया- 'स्ट्राइक के लिए तैयार। जीत के लिए प्रशिक्षित।' और इसके बाद पाकिस्तान व पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकियों के 9 ठिकाने धुआं धुआं हो गये, जिनमें वह 2 ठिकाने भी थे, जो बालाकोट एरियल स्ट्राइक (फरवरी 2019) के दौरान छूट गये थे। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार इस सफल ऑपरेशन सिंदूर, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रातभर की निगरानी में अंजाम दिया गया, में लगभग 90 आतंकी ढेर हुए। सैन्य स्ट्राइक की पुष्टि के बाद भारतीय सेना ने एक्स पर पोस्ट किया- 'न्याय हो गया। जय हिन्द!' आतंकियों व उनके आका (पाकिस्तान) को सबक सिखाने वाली इस कामयाब स्ट्राइक, जिसकी आवश्यकता भी थी व भारतीयों को शिद्दत से प्रतीक्षा भी, का नाम 'ऑपरेशन सिंदूर' एकदम सही रखा गया, क्योंकि यह उन 26 महिलाओं की उजड़ी मांगों का बदला था, जिनके निर्दोष पतियों की सीमा पार से आये आतंकियों ने 22 अप्रैल 2025 को नाम पूछकर हत्या कर दी थी, जब वह पहलगाम में पर्यटन के इरादे से थे।

ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने जिन 9 आतंकी अड्डों को अपना निशाना बनाया वह है- 1, बहावलपुर में जेईएम का मुख्यालय, जो अंतर्राष्ट्रीय सीमा से लगभग 100 किमी के फासले पर है। 2. सीमा से 30 किमी दूर संबा के सामने लश्कर का कैंप। 3. पूंछ-राजौरी में नियंत्रण रेखा से 35 किमी दूर गुलपुर। 4. सवाई में लश्कर का कैंप जो पीओके के तंगधार सेक्टर में 30 किमी के फासले पर है। 5. जेईएम का लांचपैड- बिलाल कैंप। 6. लश्कर का कोटली कैंप जो राजौरी के सामने नियंत्रण रेखा से 15 किमी दूर है। 7. राजौरी के सामने नियंत्रण रेखा से 10 किमी के फासले पर बरनाला कैंप। 8. जेईएम का सर्जल कैंप जो अंतर्राष्ट्रीय सीमा से लगभग 8 किमी दूर संबा-कठुआ के सामने है। 9. सियालकोट के निकट, अंतर्राष्ट्रीय सीमा से 15 किमी दूर मेह्मूना कैंप, जो हिजबुल मुजाहीदीन का ट्रेनिंग कैंप है। यह सब ऐसी जगह हैं जहां आतंकियों को ट्रेनिंग दी जाती है और वहां से

हिंसक वारदातें करने के लिए भारत में भेजा जाता है। बहरहाल, ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से दो महत्वपूर्ण सवाल उठते हैं। क्या यह नवीनतम स्ट्राइक युद्ध में बदल जायेगी? दूसरा यह कि क्या इससे सीमा पार से आतंक निर्यात होना बंद हो जायेगा? पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर भारत ने स्ट्राइक तो अनेक बार डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल में भी की थीं, गोकि उनको प्रचारित नहीं किया गया और अब से पहले नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में ही दो बार एयर स्ट्राइक की जा चुकी हैं। लेकिन इनसे आतंक पर काबू नहीं पाया जा सका है, रावण का एक सिर कटता है, तो दूसरा निकल आता है। इसलिए आतंक का समर्थन करने वाले रावण-रूपी पाकिस्तान को मारने के लिए आर्थिक उपाय भी करने होंगे। आतंक का पहिया पैसे से चलता है। पैसा नहीं होगा तो यह पहिया भी जाम हो जायेगा। कर्ज में डूबे हुए पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति को अतिरिक्त तंग करने की आवश्यकता है।

ऑपरेशन सिंदूर

भारत ने पाकिस्तान के साथ व्यापार पर प्रतिबंध तो लगाया है, लेकिन जरूरत इस बात कि भी है कि पाकिस्तान के टेक्सटाइल व अन्य उद्योगों को अर्थहीन बनाया जाये, नई दिल्ली अरब देशों से अपने अच्छे संबंधों का फायदा उठाते हुए सुनिश्चित करे कि वह पाकिस्तान को बेलआउट न करें (जब तक वह आतंक का समर्थन करना बंद नहीं करता) और भारत अपने रक्षा व एफडीआई समझौतों में 'पाकिस्तान को नहीं' प्रावधान शामिल करे। जब तक पाकिस्तान की आर्थिक कमर नहीं तोड़ी जायेगी तब तक आतंक पर विराम नहीं लगेगा।

भारत ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर अब तक जितनी भी एयर स्ट्राइक की हैं, उनका विस्तार युद्ध में नहीं हुआ है। ऑपरेशन सिंदूर में भी भारत ने यह ख्याल रखा है कि पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों पर कोई हमला न किया जाये, शायद इसलिए कि बात युद्ध तक न पहुंचे। लेकिन जब गोलियां चलती हैं तो इस बात की कोई गारंटी नहीं रहती है कि टकराव क्या रूप धारण कर लेगा या जो पहले नहीं हुआ वह आगे नहीं होने का। भारतीय एयर स्ट्राइक के बाद नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तानी सेना ने सीजफायर का उल्लंघन जारी रखते हुए गोलीबारी पहले से तेज कर दी है, जिसका भारतीय सेना मुंहतोड़ जवाब दे रही है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने एक वक्तव्य में कहा है कि भारतीय वायु सेना ने भारतीय एयरस्पेस में रहते हुए अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पार मुरीदके व बहावलपुर में और नियंत्रण रेखा के पार कोटली व मुजफ्फराबाद (पीओके) में स्टैंडऑफ हथियारों का प्रयोग करते हुए टारगेट्स पर हमला किया है। यह स्वीकार करते हुए कि इन स्ट्राइक्स में कुछ लोग हताहत हुए हैं, पाकिस्तान ने कहा है, 'अपनी पसंद की जगह व समय के अनुसार पाकिस्तान उचित प्रतिक्रिया व्यक्त करने का अधिकार रखता है।' ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने अपनी एयरस्पेस को साफ कर दिया। फ्लाइट राडार नक्शे अचानक साफ एयरस्पेस दिखा रहे हैं और अनेक फ्लाइट्स का रुख मोड़ दिया गया है। पाकिस्तान कोई ओछी हरकत न करे इसलिए भारत न सिर्फ.पूरी तैयारी किये हुए है बल्कि वह समुद्र से हवा तक अपनी ताकत का प्रदर्शन भी कर रहा है। मसलन, ऑपरेशन सिंदूर के कुछ घंटे बाद ही भारतीय वायु सेना ने राजस्थान में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के निकट बड़ी एयर कॉम्बैट एक्सरसाइज की, जिसमें फ्रंटलाइन फाइटर्स जैसे राफेल, मिराज 2000, सुखोई-30 एमकेआई आदि का प्रयोग किया गया। उत्तरी अरब सागर में भारतीय नौ सेना ने भी ड्रिल किया। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश पर 7 मई 2025 को सभी राज्यों में मोक ड्रिल का भी आयोजन किया गया ताकि 'किसी भी हमले' की स्थिति में नागरिकों को मालूम हो सके कि एयर रेड वार्निंग साईरन के बजने पर उन्हें अपनी सुरक्षा किस तरह से करनी है। बुधवार (7 मई 2025) को पंजाब व जम्मू कश्मीर के सीमावर्ती क्षेत्रों में स्कूलों को बंद रखा गया। सिविल डिफेंस की तैयारी को बरकरार रखना विवेकपूर्ण है।

एक अन्य महत्वपुर्ण घटनाक्रम में इस्लामाबाद का दौरा करने के बाद ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची बुधवार को नई दिल्ली पहुंचे, भारत के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री आदि से पहलगाम हमले के बाद भारतीय उपमहाद्वीप की तनावपूर्ण स्थिति पर चर्चा करने के लिए। ईरान, भारत व पाकिस्तान के बीच 'आपसी वार्ता' पर बल दे रहा है ताकि युद्ध को रोका जा सके। आगे क्या होगा? कुछ कहा नहीं जा सकता। स्थिति विस्फोटक है। मंगलवार (6 मई 2025) को भारत व पाकिस्तान की सेनाएं डीजीएमओ (डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशंस) हॉटलाइन पर बात करती हैं और बुधवार (7 मई 2025) की सुबह पौ फटने से पहले ही ऑपरेशन सिंदूर सफलतापूर्वक अंजाम दे दिया जाता है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा समिति की बंद कमरे में हुई बैठक से खाली हाथ लौटे पाकिस्तान की बेतुकी लफ्फाजी की परवाह किये बिना भारत को अपना विचारशील दृष्टिकोण जारी रखना चाहिए, क्योंकि आतंकियों को मोहरा बनाकर पाकिस्तान जो प्रॉक्सी युद्ध कर रहा है, उस पर विराम लगाने व उसे पराजित करने का यही सबसे अच्छा तरीका है। विजयी भारतीय सेना को सलाम, जय हिन्द!

सोशल मीडिया

पहलगाम की आतंकी घटना का जिस बहादुरी के साथ जवाब दिया गया है...इसके लिए तीनों सेनाओं के साथ ही देश के सशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी का हृदय से अभिनंदन। सीएम योगी.

पाकिस्तान में स्थित आतंकवादियों के नौ ठिकानों को ध्वस्त करने के लिए भारत की सेना के द्वारा की गयी कार्रवाई बहुत सराहनीय और गौरव पूर्ण भी है। मायावती.

भारतीय सशस्त्र बलों ने कल रात इतिहास रचा, उन्होंने पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादी कैंपों को नष्ट करने के लिए सटीक, एहतियाती और करुणा के साथ काम किया। राजनाथ सिंह.

हमारे संस्कार

अंतर्दृष्टि

स्वाध्याय, सत्संग, चिंतन, मनन यह चार कार्य भावनात्मक साधना के अन्तर्गत आते हैं। इनसे विचारों की, दृष्टिकोण की, भावना की शुद्धि होती है। क्रियात्मक साधना से संस्कारों का संशोधन एवं पोषण होता है। जो अशुभ संस्कार मनोभूमि में गहराई से जमे हैं, उन्हें उखाड़ने का कार्य क्रियात्मक साधना द्वारा ही संभव होता है। शुभ संस्कारों का बीजरोपण तथा उनका परिपोषण भी क्रियात्मक साधना द्वारा ही संभव होता है। भावनात्मक साधना के संबंध में कुछ प्रकाश पिछले पृष्ठों में डाला जा चुका है। क्रियात्मक साधना के अनेक उपक्रम हैं जिनका उपयोग साधक की निष्ठा, अभिरुचि एवं परिस्थितियों के अनुरूप किया जाता है। गायत्री महामंत्र के जप का क्रियात्मक साधना में सर्वप्रथम स्थान है। इसे अनिवार्य धर्म कर्तव्य माना गया है। धर्मशास्त्रों में ऐसी व्यवस्था मिलती है कि भोजन से पूर्व कम से कम एक बार गायत्री का जप प्रत्येक धर्म प्रेमी को करना चाहिए। जो इसकी उपेक्षा करे उन्हें शूद्र कहकर तिरस्कृत किया गया है। प्राचीन काल में संभवतः नित्य गायत्री जप की उपेक्षा करने वाले लोग शूद्र कहकर तिरस्कृत किये गये होंगे और पीछे उनकी स्वतंत्र जाति ही बन गयी होगी। मस्तिष्क और हृदय दोनों ही क्षेत्रों पर गायत्री जप का गंभीर प्रभाव पड़ता है। स्मरण शक्ति, बुद्धिमत्ता, दूरदर्शिता, सूझ-बूझ परिमार्जित कल्पना, अनुत्तेजना एवं संतुलित मनःस्थिति यह मस्तिष्क के गुण हैं। गायत्री उपासना से इन सभी गुणों का साधक के प्रयत्न अनुरूप विकास होता है। निष्ठा श्रद्धा, दृढ़ता, साहस, धैर्य, उत्साह, उदारता, श्रेष्ठता, आदर्शवादिता एवं संकल्प शक्ति हृदयगत गुण हैं। गायत्री जप से इनका भी अभिवर्धन होता है। गायत्री बुद्धि एवं भावना की देवी हैं। जहां उसकी प्रष्ठिा होगी वहां सद्ज्ञान एवं सद्भाव का विकास स्वयंमेव होता चलेगा। अंतःभूमि का स्वस्थ विकास इन्हीं दो तत्वों पर निर्भर है। गायत्री उपासना निसंदेह मनुष्य की अपूर्णताओं की खाई पाटती हुई उसे पूर्णता के परम लक्ष्य तक पहुंचा देने में समर्थ होती है। जिन्हें अपने हृदय एवं मस्तिष्क के विकास में अभिरुचि हो उन्हें गायत्री उपासना एक रामबाण अमोघ औषधि के रूप में अपनानी चाहिए। आत्मिक उन्नति की दिशा में जिनका उत्साह अधिक है, जो गुप्त आध्यात्मिक शक्तियों को विकसित करके अपने आपको सामान्य स्थिति से ऊंचा उठाकर असामान्य स्थिति में ले जाना चाहते हैं उनके लिए गायत्री के अनुष्ठान, पुनश्चरण एवं तपश्चर्यात्मक अनेक विधान हैं।

मरणाकांक्षी नियम से मरें!

व्यंग्यलोक

देखने में आया है कि कुछ लोग बिना अस्पतालों में भर्ती हुए ही मर रहे हैं। यह अनुचित है। अन्याय पूर्ण भी है। आश्चर्यजनक है। सरकार ने इतनी मेहनत से हॉस्पिटल बनाए हैं और इनका उपयोग नहीं हो रहा है। इतने बड़े-बड़े सरकारी हॉस्पिटल बनाए हैं। इसमें काबिल डॉक्टर भी लगाए हैं ताकि वे बेवक्त स्वर्ग यात्रा कर सकें। बहुत सारे डॉक्टर इस कार्य को अंजाम देने के लिए निजी प्रैक्टिस भी कर रहे हैं, जो स्वागत योग्य है। इन्होंने रात-दिन एक करते हुए जो मारने की इतनी सुविधा दी है, वे बधाई के पात्र हैं। जिन लोगों को धूमधाम से बहुत सारा रुपया खर्च करके मरना है, उनके लिए प्राइवेट हॉस्पिटल को सात सितारे होटलों का रूप दिया है। जो पहले से ही अपनी मृत्यु बुक करा चुके हैं, उनका बुकिंग ऑर्डर भी रजिस्टर कर लिया गया है। फिर भी वे इंतजार नहीं करके समय से पहले मरने की हड़बड़ाहट कर रहे हैं, जो अच्छा नहीं है। जिन्होंने बुकिंग करा ली है, उन्हें बुकिंग के दिन ही मरना चाहिए। मरने में अफरा-तफरी मचाने पर श्मशान-कब्रिस्तान की व्यवस्थाएं गड़बड़ा गई हैं। ऐसे मरने वाले लोगों को सख्त सजा देनी चाहिए। वैसे जब से श्मशान-कब्रिस्तान की व्यवस्था निजी हाथों में दी गई है, तब से प्राइवेट लिमिटेड कंपनियां श्मशानों में अपना व्यापार चलाने लगी है। कई बार तो स्थिति ऐसी हुई कि मरने के लिए बुकिंग 20 किलो वजन वाले जातक की थी और उसी टाइम 110 किलो का जातक मर गया। इससे श्मशान मैनेजमेंट के सामने भारी समस्या आ गई। मैनेजमेंट ने जिस 20 किलो वजनी मुर्दे को फूंकने के लिए लकड़ी का इंतजाम किया और उसी समय 110 किलो का बंदा पहुंच जाए तो फिर लाश से धुआं ही उठेगा। ऑर्डर मुताबिक कब्र खोदी 4 फीट की और मुर्दा आ गया 6 फीट लंबा, तो फिर ऐसी स्थिति में कब्र का मैनेजमेंट बेचारा जाए तो कहां? आखिरी मौके पर गैंती-फावड़ा लेकर कब्र खोदे तो कहां? इसलिए सबसे निवेदन है कि वे अपनी इच्छा के अस्पताल का चयन करें। उन्हें मरने के लिए आवश्यक फीस दें। मरने का ऑर्डर बुक कराएं। श्मशान आयोग को समय पर प्रार्थना पत्र भेजें ताकि भव्य तरीके से मरा जा सके। तत्काल अंतिम क्रिया कराने वाले नीम-हकीम श्मशान घाटियों से बचना चाहिए। वरना आत्मा के मंडराने का पूर्ण खतरा बना रहेगा, जो ठीक नहीं है। कृपया नियम पूर्वक मरें। मरने के लिए नियमों का पालन ठीक से करें। कुछ लोग अवैध निजी श्मशान घाट खोलकर ऊंचे-ऊंचे दामों में अंतिम क्रिया निपटा रहे हैं, जो अपराध है। कुछ लोग फाइव स्टार सुविधाओं से युक्त एयर कंडीशंड श्मशान घाट में मुर्दा फूंकने का काम कर रहे हैं। सात सितारा श्मशान घाटों में स्विमिंग पूल, होटल, रेस्तरां, मल्टीप्लेक्स सिनेमा, शॉपिंग मॉल इत्यादि बने हुए हैं, जो अंतिम यात्रा को और ज्यादा आकर्षक बना रहे हैं।

रामविलास जॉगिड़

सफल हीरो, असफल प्रेमी संजीव कुमार के किस्से

बॉलीवुड

हरिहर जेठालाल जरीवाला जो रुपहले पर्दे पर संजीव कुमार के नाम से विख्यात हुए, उन एक्टर्स में से थे जो स्टार होने के बावजूद धारा के विपरीत तैरना पसंद करते थे। इसलिए उन्हें अपनी जवानी में भी बुजुर्ग व्यक्तियों के किरदार निभाने पर भी कोई आपत्ति नहीं थी। वह फिल्म 'मौसम' में शर्मिला टैगोर के डॉक्टर पिता और फिल्म 'शोले' में जया भादुड़ी के ठाकुर ससुर उस समय बने जब वह 35 वर्ष के भी नहीं थे। इन किरदारों को उन्होंने पर्दे पर विश्वसनीय बना दिया था, जिससे उनकी अभिनय क्षमता का अंदाजा लगाया जा सकता है, जिसका परिचय उन्होंने फिल्म 'संघर्ष' में दिलीप कुमार के सामने अपनी प्रभावी अदाकारी से पहले ही दे दिया था। बहरहाल, सवाल यह है कि वह जवानी में ही बुढ़ापे के रोल करना क्यों स्वीकार कर लेते थे, जबकि उनके पास हीरो बने रहने के भी पर्याप्त अवसर थे? यह सही है कि एक अच्छा एक्टर हर किरदार को चुनौती के तौरपर स्वीकार करता है और अपने आत्मविश्वास के चलते उसे अपनी छवि खराब होने का डर भी नहीं होता है, लेकिन तबस्सुम के उक्त प्रश्न का संजीव कुमार ने जो उत्तर दिया था वह आश्चर्यजनक था, जिसमें उन्होंने अपनी मौत की भी एकदम सही भविष्यवाणी कर दी थी।

संजीव कुमार ने कहा था, मैं कभी बूढ़ा नहीं होने का क्योंकि अपने परिवार के अन्य पुरुषों की तरह मैं भी 50 वर्ष से अधिक जिंदा रहने वाला नहीं हूं। इसलिए मैं पर्दे पर ही बुढ़ापे को अनुभव करना चाहता हूं। संजीव कुमार की भविष्यवाणी सही साबित हुई। 6 नवम्बर 1985 को मुंबई में उनका दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उस समय वह मात्र 47 वर्ष के थे। गौरतलब है कि उनके दादा शिवलाल जरीवाला, उनके पिता जेठालाल जरीवाला, उनके बड़े भाई किशोर जरीवाला, उनके छोटे भाई निकुल जरीवाला ... सभी की मृत्यु दिल का दौरा पड़ने से हो गई थी और वह भी अपने जीवन का 50वां बसंत देखने से पहले। इसे बहुत लोग संयोग या रहस्यमय श्राप कहेंगे, लेकिन वैज्ञानिक दृष्टि से यह विरासत में मिलने वाला जेनेटिक रोग है, जिसकी जानकारी संजीव कुमार को थी। संजीव कुमार का जन्म 9 जुलाई 1938 को सूरत में हुआ था। एक सर्वे में उन्हें भारतीय सिनेमा का सातवां महानतम एक्टर वोट किया गया था। 'दस्तक' व 'कोशिश' के लिए उन्हें दो राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। यह अपने आपमें दिलचस्प है कि ग्लैमर की दुनिया में सफल व रईस अदाकार होने के बावजूद संजीव कुमार अविवाहित ही रहे। हालांकि उन्होंने स्वयं भी विवाह प्रस्ताव दिए और उन्हें भी शादी करने के प्रस्ताव मिले। संजीव कुमार एक मुस्लिम लड़की को अपना दिल हार बैठे और उससे शादी करना चाहते थे। लेकिन उनकी मां एक मुस्लिम को अपनी बहू बनाने के लिए किसी भी कीमत पर तैयार नहीं थीं। संजीव कुमार के अनुसार, अगर वह अपने परिवार में सबसे छोटे होते तो अपने प्रेम के लिए बगावत कर बैठते, लेकिन पारिवारिक जिम्मेदारियों को समझते हुए वह अपनी मां की जिद के आगे झुक गये। वह मुस्लिम लड़की कौन थी? अपने शुरूआती करियर में संजीव कुमार ने अनेक मुस्लिम लड़कियों के साथ फिल्में की थीं। उनके भतीजे उदय जरीवाला व रीटा राममूर्ति गुप्ता ने अपनी पुस्तक 'संजीव कुमारः द एक्टर वी आल लव्ड' में उस लड़की का नाम सायरा बानो लिखा है लेकिन साथ ही यह भी लिखा है कि संजीव कुमार को गलतफहमी हो गई थी और उनकी वह केवल एकतरफा दीवानगी थी। कुछ लेखकों का अंदाजा है कि वह लड़की शबाना आजमी थीं। इस संदर्भ में भी अनेक दलीलें हैं, जिनकी अब पुष्टि करना कठिन है, अगर शबाना आजमी ही कुछ कहें तो अलग बात है, लेकिन वह एक दूसरे के अभिनय से प्रभावित होना व आपसी दोस्ती होने से अधिक कुछ कहती नहीं हैं। संजीव कुमार और नूतन ने भी एक दूसरे को प्रेम पत्र लिखे। नूतन उनके लिए अपनी शादी तक तोड़ने के लिए तैयार थीं। यह बात भी आगे न बढ़ सकी क्योंकि संजीव कुमार में किसी का घर तोड़कर एक तलाकशुदा के साथ अपना घर बसाने का साहस नहीं था। फिल्म 'सीता और गीता' की शूटिंग के दौरान संजीव कुमार का दिल हेमा मालिनी पर आ गया। उन्होंने हेमा मालिनी के सामने सशर्त विवाह का प्रस्ताव रखा, जिसे हेमा मालिनी ने इसलिए स्वीकार नहीं किया। सुलक्षणा पंडित तो संजीव कुमार के प्यार में इतनी दीवानी थीं कि उन्होंने स्वयं उनसे शादी करने का प्रस्ताव रखा। इसे संजीव कुमार ने शालीनता के साथ ठुकरा दिया। वह अभी तक सिंगल हैं और संजीव कुमार को भी अपनी जिंदगी में कोई हमसफर नहीं मिला।

- कैलाश सिंह.

आप की बात

बढ़ती दुर्घटनाएं चिंताजनक

हर दिन बढ़ती दुर्घटनाएं, प्रति वर्ष डेढ़ लाख के करीब लोगों की सड़क दुर्घटनाओं मौत, इस बात को अजागर करती है कि हम सड़कों पर चलते हुए हद दरजे की लापरवाही करते हैं, कानूनों का पालन नहीं करते, आवश्यक सुरक्षा को नहीं अपनाते हैं और बेतरतीब ड्राइविंग से दुर्घटनाओं को बढ़ावा देते हैं। इससे अपनी और दूसरों की सुरक्षा को संकट में डालते हैं। देश सड़क दुर्घटनाएं गंभीर चिंता का विषय हैं। देश में तेजी के साथ बढ़ते हाइवे नेटवर्क के बीच यह दुखद है कि सड़क दुर्घटनाएं भी बढ़ती जा रही हैं और इनको रोकने की अब तक की तमाम कोशिशें सफल नहीं हुई हैं। लगभग डेढ़ लाख से अधिक लोग हर वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं। यह दुनिया में सबसे अधिक है। अप्रैल, मई 2020 में लॉकडाउन के समय दुर्घटनाएं बहुत कम हो गयी थीं लेकिन जैसे-जैसे सब कुछ खुला और वाहनों की संख्या सड़कों पर बढ़ी तो फिर से दुर्घटनाएं बेतहाशा होने लगीं। देश में दुर्घटनाएं इस कदर बढ़ती जा रही हैं कि हर साल इसमें डेढ़ लाख से अधिक लोग जान गंवा बैठते हैं। प्रदेश में भी दुर्घटनाओं का आलम यह है कि यहां सड़कें जानलेवा बन गयी हैं। हाइवे पर तो प्रायः दुर्घटनाएं होती रहती हैं। प्रदेश के हाइवे दुर्घटनाओं के केन्द्र बनते जा रहे हैं। जो हाइवे निर्बाध यात्रा, विकास एवं त्वरित परिवहन के लिए बने हैं वे काल बन गये हैं। सरकार को इसका अध्ययन कराकर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस प्रयास करना चाहिए। प्रदेश में भी तेजी के साथ हाइवे परियोजनाओं पर काम हो रहा है। हाइवे बनने के साथ लोगों की रफ्तार बढ़ रही है और बढ़े पैमाने पर दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं। दरअसल देश में जिस तरह सड़क नेटवर्क बढ़ रहा है, हाइवे और एक्सप्रेस वे बढ़ रहे हैं, उसी तरह यह भी जरूरत है कि लोगों को ड्राइविंग का प्रशिक्षण भी दिया जाये। फिलहाल अभी ड्राइविंग प्रशिक्षण के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है।

गिरीश चन्द्र वर्मा, लखनऊ.

विकास और रोजगार

देश में बेरोजगारी सबसे जटिल समस्या है और इसका प्रभावी निवारण तभी संभव है जब युवाओं को स्किल्ड किया जाये और निवेश के जरिए औद्योगिक एवं कारोबारी गतिविधियों का विस्तार करें। विकास के लिए निवेश बहुत जरूरी है, क्योंकि बिना निवेश के विकास एवं रोजगार का सृजन नहीं हो सकता है। जब निवेश होगा तभी विकास होगा, तभी रोजगार बढ़ेगा और तभी लोगों के जीवन स्तर में बदलाव आयेगा। लेकिन उत्तर प्रदेश में एक लंबे समय तक निवेश नहीं आया, जिसके कारण प्रदेश की आर्थिक स्थिति देश के अन्य राज्यों की तुलना में काफी कमजोर हो गयी। आज भी उत्तर प्रदेश के लोगों की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से आधे के करीब है तो इसके पीछे कहीं न कहीं प्रदेश के औद्योगीकरण में कभी ही है। जब औद्योगीकरण को बढ़ावा मिलता है तो अन्य काम धंधे भी अपने आप आगे बढ़ने लगते हैं। प्रदेश में आर्थिक पिछड़ेपन के साथ बुनियादी विकास का स्तर भी बहुत पीछे है। आज भी सड़क, बिजली, कानून व्यवस्था, लैंड बैंक जैसी चीजें बेहतर नहीं हैं। शहरों के किनारे जिस तरह आवासीय प्लाटिंग के नाम पर जमीनों पर कब्जा कर लिया गया है उससे अब इण्डस्ट्री के लिए जमीन ही नहीं बची है। अगर कोई इण्डस्ट्री आती है तो उसको जमीन में ही इतना निवेश करना पड़ेगा कि उसका खजाना खली हो जोयगा। इसलिए निवेश को बढ़ावा देने के लिए उद्यमियों को बुलाना एक बेहतर कदम है लेकिन इसके साथ ही सरकार को अपने स्तर से भी प्रयास करने होंगे। मसलन सरकार अगर सड़क बनाती है, बिजली पहुंचाती है और कानून का राज कायम करती है तो इससे निश्चय ही प्रदेश में लोगों का भरोसा बढ़ेगा और निवेशक आयेंगे। निवेश के लिए कानून व्यवस्था, बिजली, पानी एवं बेहतर सड़क जरूरी है। इसलिए सरकार को बुनियादी विकास करना चाहिए ताकि देश में रोजगार के मौके बढ़ें।

कौशल कुमार सिंह, लखनऊ.

संक्षेप

कॉलेज में नकल परीक्षा केंद्र निरस्त

आगरा। डॉ. भीमराव आंबेडकर विवि के जिस कॉलेज में बोलते हुए नकल कराने का वीडियो वायरल हुआ था, उसके परीक्षा सेंटर को निरस्त कर दिया गया है। इसके अलावा 80 कॉलेजों पर जुर्माना लगाया गया है। एत्मादपुर के आचार्य ताराचंद शास्त्री महाविद्यालय में बोल-बोलकर नकल कराई जा रही थी। कॉलेज में बीएससी की परीक्षा चल रही थी। इसकी खबर सबसे पहले दैनिक भास्कर ने दी थी। इस खबर के बाद कुलपति प्रो. आशु रानी ने केंद्र को निरस्त कर दिया है। साथ ही तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। कॉलेज और इससे संबंधित कॉलेजों का केंद्र भी बदल दिया गया है। बुधवार को छात्र नए केंद्र पर परीक्षा देंगे। संशोधित प्रवेश पत्र भी कॉलेजों के लॉग इन पर उपलब्ध करा दिए गए हैं। अब आचार्य ताराचंद शास्त्री महाविद्यालय के छात्र देव एजुकेशन कॉलेज बरहन और सेठ राम स्वरूप गोविंदी देवी महाविद्यालय, एत्मादपुर में देंगे। जिन कॉलेजों में सीसीटीवी कैमरे बंद थे, उन पर 25-25 हजार रूका जुर्माना लगाया है।

चौथी मंजिल से गिरकर युवती की मौत

आगरा। सिकंदरा थाना क्षेत्र के एक अपार्टमेंट की चौथी मंजिल से गिरकर युवती की मौत हो गई है। युवती के घरवालों ने हत्या का आरोप लगाया है। आरोप है कि युवती चौथी मंजिल से गिरने के बाद जमीन पर तड़पती रही। युवती ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। रामनगर, डौकी के रहने वाले वीरू परिवार के साथ शास्त्रीपुरम में किराए पर रहते हैं। वीरू ने बताया कि दो महीने से पूनम और शिवानी पिछले दो महीने से संस्कृति अपार्टमेंट, पश्चिमपुरी में घरेलू कामकाज करने लगी थीं। पूनम गुंजन के फ्लैट में काम करती थी, जबकि शिवानी दूसरे फ्लैट में काम करती है। शिवानी ने बताया कि रविवार दोपहर 12:30 बजे दोनों अपार्टमेंट में पहुंची थीं। शिवानी रजिस्टर पर एंट्री कराने के बाद लिफ्ट से चली गई। पूनम रजिस्टर में एंट्री कर रही थी। कुछ देर बाद वह बाहर निकली तो शोर सुना। वह ग्राउंड फ्लोर पर आई तो देखा की पूनम जमीन पर गिरी हुई है। खून निकल रहा है, वो तड़प रही है। शिवानी ने आरोप लगाए हैं कि उसकी बहन की जान बच सकती थी। शिवानी ने बहन को संभाला और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर एंबुलेंस पहुंची। इसके बाद बहन को अस्पताल लेकर पहुंचे। लेकिन रास्ते में ही पूनम की मौत हो गई।

रामजीलाल पुलिस पर भड़के, नोटिस फेंका

आगरा। सपा सांसद रामजीलाल सुमन ने मंगलवार को पुलिस का नोटिस फेंक दिया। गुस्से में कहा, पुलिस ने यह शॉर्टकट निकाल लिया है। हर बार मुझे ही क्यों रोकते हैं। अपराधियों को 2 घंटे में छोड़ देती है। अब यह नहीं चलेगा। बहुत हो गया। मैं कासगंज जाऊंगा और हर हाल में जाऊंगा। राजनीति ऐसे नहीं होती। दरअसल, रामजीलाल सुमन कासगंज जा रहे थे। पुलिस ने उन्हें हाउस अरेस्ट कर दिया। नोटिस दिया कि वे शहर से बाहर नहीं जाएंगे। रामजीलाल सुमन ने कहा- बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस, फिरोजाबाद नहीं जाने दिया। अब कासगंज नहीं जाने दे रहे। मैं घर से जाने के लिए निकला था। इंस्पेक्टर और आईपीएस अधिकारी ने जबरदस्ती रोकने की कोशिश की। कहा, सर प्लीज आप रुक जाइए। इस पर रामजीलाल सुमन ने कहा कि आप हमें कनविंस करो। यहीं कुर्सी लगवाओ और हमें समझाओ। रामजीलाल सुमन ने कहा- आप कढर अफसर हैं, आप कप्तान बनेंगे।

पाक आतंकियों के शिविर पर हुई स्ट्राइक पर बांटी मिठाई

मथुरा। भारतीय सैना द्वारा आतंकवादी शिविरों पर की गई एयर स्ट्राइक से आज हिंदुस्तानी बहुत खुश हैं, भारतीय सैना द्वारा आतंकवादी शिविरों को ध्वस्त कर दिया गया है, यहां पर सभी सनातनी हिन्दुओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया, श्रीकृष्ण जन्म भूमि मंदिर का केस लड़ रहे दिनेश फलाहारी ने कहा कि पाकिस्तान में जो एयर स्ट्राइक हुई है, वह बहुत ही अच्छा है, इससे शहीदों की आत्मा को शांति मिलेगी, पाकिस्तानी आतंकवादियों ने हमारे 26 पर्यटकों को मार दिया था, जिससे पूरे देश में बहुत ही गुस्सा था। आतंकवादियों के शिविरों को नष्ट कर दिया है, पूरे विश्व में भारत की ताकत को आज देखा है, संपूर्ण विश्व में जहां पर भी हिंदुस्तान रह रहा है वह आज दीपावली मना रहा है, आज गोवर्धन में भी सनातन हिंदुओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया है, हिंदुस्तान की सैना ने दिखा दिया है यदि भारत की तरफ आंख उठा कर देखा गया तो उसका मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा।

ब्रजभूमि कल्याण परिषद ने मनाई खुशी, की भारत माता की महाआरती

मथुरा। ब्रजभूमि कल्याण परिषद द्वारा आज बनखंडी स्थित श्रीराधा वेणुगोपाल मंदिर पर भारतीय सेना द्वारा शौर्य दिखाते हुए पाकिस्तान की सीमा में घुसकर आतंकी कैंपों को तबाह किए जाने पर खुशी का इजहार करते हुए भारत माता की महा आरती का आयोजन किया। उपस्थित जनों ने पाकिस्तान मुदार्बाद, भारत माता की जय, भारतीय सेना जिंदाबाद, के नारे लगाए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्रजभूमि कल्याण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं बिहारी लाल वशिष्ठ अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता आचार्य रामविलास चतुर्वेदी ने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में सेना ने जो पराक्रम का परिचय दिया है उसे संपूर्ण भारतवर्ष के नागरिकों कस सीना गर्व से चैड़ा हो गया है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के महानगर अध्यक्ष ठा नरेश सिंह, महामंत्री राहुल गौतम, ने कहा कि भारतवर्ष की संपूर्ण राजनीतिक पार्टी एवं नागरिक सेवा के साथ हैं यदि पाकिस्तान ने कोई भी दृष्टता की तो सेना उसे करारा जवाब देने को तैयार है, यह सब सर पर प्रमुख रूप से श्रीहरि सुरेशाचार्य, आचार्य आशीष गौतम चिंटू, बलराम आचार्य, राजेंद्र उपाध्याय, करण कृष्ण गोस्वामी, गिरिराज शरण शर्मा, विष्णु भारद्वाज, रामबाबू शर्मा, बालकिशन शर्मा आदि उपस्थित थे संचालन राजेश पाठक ने किया।

ललितपुर में स्मार्ट मीटर योजना पर लग रहे सवालिया निशान

- नि:शुल्क तार न लगाने और कर्मियों द्वारा अभद्रता के आरोप

ललितपुर। यूपी के ललितपुर जनपद में स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया में भारी अनियमितताएं सामने आई हैं। उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया है कि जिस निजी कंपनी को मीटर स्थापना का ठेका दिया गया है, वह न केवल विद्युत विभाग की निर्धारित नीति के अंतर्गत मिलने वाली 40 मीटर मोटी डोरी (आर्म्ड तार) उपभोक्ताओं को नहीं दे रही, बल्कि जब उपभोक्ता इस विषय में सवाल करते हैं, तो कंपनी के कर्मचारी उनसे अभद्रता से पेश आते हैं। यह मामला विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुसार, स्मार्ट मीटर स्थापना के दौरान 40 मीटर तक की आर्म्ड केबल निशुल्क उपलब्ध कराना अनिवार्य है ताकि उपभोक्ता को सुरक्षित और स्थिर विद्युत आपूर्ति मिल सके।

ललितपुर शहर क्षेत्रों के अलावा तालबेहट, महरौनी और शहरी इलाकों से मिली जानकारी के अनुसार, उपभोक्ताओं को न केवल आर्म्ड तार से वंचित किया जा रहा है, बल्कि कर्मचारियों द्वारा उनके साथ अभद्रता की जा रही है। स्थानीय निवासियों ने बताया जब मैंने कर्मचारी से तार लगाने को कहा तो उसने साफ मना कर दिया और गाली-गलौज पर उतर आया। वहीं राधा देवी नामक उपभोक्ता ने कहा कि कंपनी के कर्मचारियों ने हमें धमकाया कि ज्यादा सवाल पूछोगे तो मीटर ही नहीं लगेगा। ललितपुर में काम कर रही कंपनी का नाम जीनस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड बताया जा रहा है। इस कंपनी को पूर्व में भी कई राज्यों में अनियमितताओं के कारण विवादों का सामना करना पड़ा है। हाल ही में गोवा सरकार ने जीनस पावर और एचपीएल इलेक्ट्रिक एंड पावर लिमिटेड दोनों को 5 अगस्त 2024 को स्मार्ट मीटर घोटाले के चलते ब्लैकलिस्ट कर दिया था। इसके बावजूद उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा इन्हीं कंपनियों को लगभग 7200 करोड़ की स्मार्ट मीटर परियोजनाएं सौंपी गईं, जिनमें ललितपुर भी शामिल है। जब इस बारे में स्थानीय विद्युत अधिकारियों से संपर्क किया गया, तो उन्होंने या तो अनभिज्ञता जताई या मामले को उच्चस्तरीय जांचाधीन बताकर टाल दिया। एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर स्वीकार किया कि कई बार निजी कंपनियाँ लागत बचाने के लिए ठेका शर्तों का पालन नहीं करतीं। ललितपुर के उपभोक्ता मांग कर रहे हैं कि दोषी कंपनी पर ठोस कार्रवाई की जाए और उसका ठेका निरस्त किया जाए।

विद्युत संविदाकर्मियों ने सांसद तनुज पुनिया को सौंपा ज्ञापन

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश बिजली कर्मचारी संघ के तत्वाधान में गन्ना कार्यालय पर जनपद में निकाले गये 380 सविदाकर्मियों की बहाली की मांग को लेकर चल रहे अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के तीसरे दिन पदाधिकारियों ने कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया को ज्ञापन सौंपते हुये विद्युत विभाग एवं प्राइम वन कम्पनी के प्रबंधक श्रम अधिनियमों के विपरीत सविदा कर्मियों की बहाली की मांग को लेकर ज्ञापन सौपा। जिस पर कांग्रेस सांसद श्री पुनिया ने जल्द से जल्द समस्या का निस्तारण कराने का आश्वासन देते हुये समर्थन दिया। इस अवसर पर निशांत मिश्रा, कमलेश कुमार, लालजी वर्मा, मुकेश वर्मा, शिव कुमार, आशीष कुमार, शिवेन्द्र, अमरजीत सिंह, रोहित, अवधेश मंगल, दुर्गेश चौधरी, आत्माशंकर आदि मौजूद रहे।

आपरेशन सिंदूर प्रधानमंत्री के मजबूत निर्णय का आतंकवाद के खिलाफ सशक्त संदेश : राकेश कर्रा

बाराबंकी। भारतीय सेना द्वारा चलाए गये ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत पाकिस्तान के अंदर छिपे 9 बड़े आतंकी संगठनों के अड्डों को सफलतापूर्वक ध्वस्त किए जाने की खबर से पूरे देश में गर्व और उत्साह की लहर दौड़ गई है। इस ऐतिहासिक अभियान के लिए वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश वर्मा कर्रा ने भारतीय सेना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट किया। भाजपा नेता श्री कर्रा ने कहा भारतीय सेना ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि देश की सुरक्षा और अखंडता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने जो संकल्प लिया था। उसे सेना ने धरातल पर उतार कर दिखाया है। हम सभी देशवासी सेना के इस पराक्रम और प्रधानमंत्री के मजबूत निर्णय के लिए उनके कृतज्ञ हैं। श्री कर्रा ने आगे कहा कि यह ऑपरेशन सिंदूर न केवल आतंकवाद के खिलाफ एक सशक्त संदेश है, बल्कि यह देश की रणनीतिक और सैन्य ताकत का प्रमाण भी है।

ऑपरेशन सिंदूर से वृन्दावन के साधु-संतो में खुशी की लहर

जिला संवाददाता (vol)

मथुरा। धर्म रक्षा संघ की एक संगोष्ठी महन्त देवानंद बनमहाराज की अध्यक्षता में श्रीभागवत मंदिरम, गोपाल खार वृन्दावन में आयोजित की गई। संगोष्ठी में पहलगाम का बदला लेने हेतु भारत द्वारा पाकिस्तान पर किए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया गया।

धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ गौड़ ने कहा कि आज हमारा सीना गर्व से फूल गया है जब हमारे जांबाज सैनिकों ने पाकिस्तान में आतंकवादियों के अड्डों को नेष्टनाबूत कर उन्हें कुत्ते की मौत मारा है।

धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय संरक्षक महंत मोहिनी बिहारी शरण महाराज ने कहा कि जिस प्रकार पाकिस्तानी आतंकवादियों ने धर्म पूछ कर हमारे बेगुनाह हिन्दुओं का कायराना नरसंहार किया था आज उन्हीं की भाषा में उनका धर्म बताकर मिट्टी में मिला दिया गया है।

महंत देवानंद वनमहाराज ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर तो अभी सिर्फ झांकी है अभी पाकिस्तान की बर्बादी पूरी तरीके से बाकी है पाकिस्तान में चुन चुन कर आतंकवादियों को समाप्त किया जाएगा। धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय संयोजक आचार्य बद्रीश महाराज ने कहा हमारे प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी जो कहते हैं वह करते हैं, ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान को हमारी माता बहनों के सिंदूर की कीमत चुकानी पड़ रही है।

महामंडलेश्वर स्वामी कृष्णानंद महाराज ने कहा कि घर में घुसकर मारा है कब्र तुम्हारी खोदी है, भारत के सिंहासन पर बैठा बाप तुम्हारा तुम्हारा मोदी है। संगोष्ठी में श्रीदास प्रजापति, आचार्य ज्ञानेश महाराज, स्वामी सत्यमित्रानंद, आयुष नारायण, सुमित शर्मा, राम जी मिश्रा, भरत शर्मा, लखन शर्मा, सौरभ शर्मा, पीयूष शर्मा, मुरली दुबे, गिरधारी, तेज शर्मा, अंशु तिवारी और देव शर्मा आदि गणमान्य उपस्थित थे।

हमारी संस्कृति में अन्नदान है महादान : डॉ. संदीप

- आदिवासी गरीब परिवारों को बांटा गया खाद्यान्न

झाँसी/ललितपुर। गरीबों एवं अभावग्रस्त लोगों की सेवा के लिए हम सभी को आगे आकर उनकी सहायता करके सामाजिक संतुलन को बनाये रखने का प्रयास करना चाहिए। जिससे जो अभावग्रस्त हैं, जिनके पास अपनी आवश्यकता को पूरा करने के लिए धन नहीं है, वह मायूस होकर न बैठें। यह बात समाजसेवी कार्यों के लिए अग्रसर रहने वाले संघर्ष सेवा समिति के डॉ० संदीप सरावगी ने कही। डा0 सरावगी समाजसेवी होने के साथ-साथ आदिवासी सहरिया समुदाय के संरक्षक भी हैं, जिस कारण कई आदिवासी परिवार सहायता हेतु संघर्ष सेवा समिति कार्यालय पहुंचते हैं। मां शबरी सहरिया आदिवासी समिति के अध्यक्ष गोपाल सहरिया के सहयोग से सहरिया समुदाय की महिलाएं संघर्ष सेवा समिति कार्यालय पहुंची जहाँ उन्होंने भोजन सामग्री संबंधित समस्या डॉक्टर संदीप के समक्ष रखी। आदिवासी समुदाय की अन्न समस्या के निदान हेतु डॉ० संदीप ने संघर्ष सेवा समिति कार्यालय से कुंतलों अनाज पुनिया सहरिया, रामवती सहरिया एवं अन्य महिलाओं को सहयोग के रूप में भेंट किया। अनाज पाकर आदिवासी समुदाय की महिलाओं ने डॉक्टर संदीप के कार्यों की प्रशंसा की। इस अवसर पर डॉक्टर संदीप ने कहा अन्नदान महादान की श्रेणी में आता है, हमारी संस्कृति में इसे सबसे पवित्र और पुण्य कार्यों में से एक माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि दूसरों को भोजन देना भगवान को अर्पित करने के बराबर है। वर्तमान सरकार प्रतिमाह गरीब परिवारों को राशन सामग्री प्रदान करती है लेकिन कई परिवार जानकारी एवं आवश्यक कागजों के अभाव में इस सुविधा से वंचित रह जाते हैं। असहाय और पीड़ितों का सहयोग करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने जनपद के समाजसेवियों, धनाढ्य परिवारों और व्यापारियों से अपील करते हुये कहा कि वह अपनी क्षमतानुसार असहाय और पीड़ितों की सहायता अवश्य करें। इस अवसर पर महेंद्र रायकवार, सुमन वर्मा, अनीता सिंह, मीना मसीह, सूरज वर्मा, प्रमेन्द्र सिंह, संदीप नामदेव, कमल मेहता, रिजवान, अरुण पांचाल, ए.के कनौजिया, भूपेंद्र यादव, शादब खान, धर्मेंद्र, गोपाल सहरिया, दीक्षा साहू, सुशांत गुप्ता, राजू सेन आदि उपस्थित रहे।

छात्र-छात्राओं को अग्निसुरक्षा व रेस्क्यू से संबंधित जानकारी देकर जागरूक किया

फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर, अग्निशमन अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक की उपस्थिति में जनपद के पीएमएल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में छात्र छात्राओं को फायर सर्विस फिरोजाबाद द्वारा आपात स्थिति से निपटने के लिए पूर्व से की गयी तैयारी एवं अग्निसुरक्षा व रेस्क्यू से सम्बन्धित जानकारी देकर जागरूक किया गया एवं आग को बुझाने व आग में फँसे हुए व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकाल कर अस्पताल तक भेजने की ड्रिल कराई गई साथ ही आपात स्थिति में हवाई हमले से बचाव करने के उपाय के बारे में बताया गया। मौके पर एन0सी0सी0 स्काउट सिविल डिफेंस स्कूल के छात्र- छात्राएं एवं स्कूल प्रबंधक स्टाफ मौजूद रहे।

पाकिस्तान पर भारत की कार्रवाई पर पसमांदा मुस्लिम समाज ने मनाया जश्न

बाराबंकी। भारत द्वारा पाकिस्तान में की गई सर्जिकल स्ट्राइक की खुशी में आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के बैनर तले देशभक्ति की भावना से लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय सेना को बधाई दी। महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने कहा हम अपने देश के साथ हैं। जब बात भारत की सुरक्षा और गरिमा की होती है। तो हमारा मजहब नहीं, हमारा वतन सबसे पहले आता है। पीएम मोदी और भारतीय सेना ने जो साहस दिखाया है वह काबिले-तारीफ है। साथ ही भारत को दुनिया का कोई देश कमजोर समझने की भूल न करे, यह उस देश की आखिरी गलती साबित होगी।

भारतीय सेना की पाकिस्तान पर की गयी कार्यवाही से खुशी जतायी

टूंडला। पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर किए गए आतंकी हमले के जबाव में भारतीय सेनाओं द्वारा पाकिस्तान पर किए गए अटैक से खुश होकर हिंदूवादी संगठनों में हर्ष का माहौल है, इसी क्रम में नगर के भारत माता चौक पर भारत माता की प्रतिमा को माल्यार्पण कर भारत माता की जय के उद्घोघोषों के साथ खुशी मनाते हिंदूवादी संगठनों के पदाधिकारी। इस दौरान भाजपा अनुसूचित मोर्चा बृजक्षेत्र के सहप्रभारी रामतीर्थ सिंह चक ने बताया कि भारतीय सेनाओं द्वारा ऑपरेशन सिन्दूर के तहत पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। यह बहुत ही गर्व की बात है। आतंकियों द्वारा निर्दोष पर्यटकों की हत्या कर भारत माता के हृदय पर घात किया था उसी दिन से हमारे देश के तीनों सेनाध्यक्ष और प्रधानमंत्री, गृहमंत्री लगातार पाकिस्तान और आतंकवाद पर स्ट्राइक के विषय पर संवाद जारी था और इसी के तहत आज मिसाइलों द्वारा अटैक कर नेस्तनाबूत किया है। पूर्व सांसद प्रतिनिधि लोकेंद्र सिंह पोनियां ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ने पहले ही आगाह किया था कि पहलगाम की घटना का अतिशीघ्र बदला लिया जाएगा और रात्रि में पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में सेना द्वारा की गई कार्रवाई से यह महसूस भी हो गया अभी तो यह हल्की सी कार्यवाही है अभी तो इसका बड़ा खामियाजा पाकिस्तान को भुगतना पड़ेगा ऐसा प्रतीत होता है कि हमारे देश की तीनों सेनाएं पूरी तरह से तैयार है। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ की राष्ट्रीय महासचिव महिमा ब्रजकिशोरी संध्या गौतम, उदय प्रताप सिंह, भवानी सिंह, जितेन्द्र पचौरी, महेंद्र झा, राजीव मल्होत्रा, जितेन्द्र पंजवानी, कुलदीप पोनियां, विजय प्रजापति विष्णु तिवारी, संकी राणा, सूरज कुमार, शुभम प्रताप सिंह, भाषेंद्र सिंह, कालीचरण सविता, प्रदीप पाठक, सुनील गुप्ता, बीटू पोनियां, ज्वाला प्रसाद आदि लोग मौजूद रहे।

आगरा की आवाज : सेना की यह कार्रवाई बदला ही नहीं, संदेश भी है, शहर में खुशी

आगरा। मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात भारतीय सेना ने एक ऐसा साहसिक कदम उठाया, जिसने देशवासियों का सीना गर्व से चौड़ा कर दिया। आधी रात के बाद, जब अधिकतर लोग गहरी नींद में थे, भारतीय सेना ने पाकिस्तान के अंदर नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइलें दागकर उन्हें पूरी तरह तबाह कर दिया। भारतीय सेना ने यह कार्रवाई कर पहलगाम के आतंकी हमले के खिलाफ बड़ा संदेश दिया है। शहर आगरा में सुबह की शुरूआत आम दिनों जैसी नहीं थी। जैसे ही यह खबर आई कि भारत ने आतंक के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई कर दी है, लोगों में जोश और खुशी की लहर दौड़ गई। रात के अंधेरे में, जब दुनिया सो रही थी, भारतीय वायुसेना के जांबाज पाकिस्तान के अंदर स्थित आतंकवाद के अड्डों पर निर्णायक वार कर रहे थे। कुछ जागे हुए लोगों को जैसे ही ऑपरेशन की भनक लगी, सोशल मीडिया पर चर्चाएं शुरू हो गईं। सुबह होते-होते पूरा शहर इस खबर से गूंज उठा, भारत ने एक बार फिर बता दिया कि सहनशक्ति की भी एक सीमा होती है। समाजसेवी एडवोकेट केसी जैन ने कहा कि भारतीय वायुसेना की यह कार्रवाई अद्वितीय साहस और रणनीति का प्रतीक है। यह सिर्फ हमला नहीं, आतंकवाद की जड़ों पर सटीक प्रहार है। सेना ने यह दिखा दिया है कि अब भारत किसी भी कीमत पर आतंक को बर्दाश्त नहीं करेगा। यह हर नागरिक को गर्वित करने वाला पल है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नवीन चंद शर्मा ने कहा कि हमें सुबह जब यह खबर मिली कि हमारी सेना ने एयर स्ट्राइक की है, तो गर्व से आंखें नम हो गईं। सबसे बड़ी बात यह है कि सेना ने सिर्फ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, आम नागरिकों को नहीं। यह हमारी फौज की संवेदनशीलता और मानवता को दर्शाता है। वरिष्ठ अधिवक्ता शैलराज सिंह ने कहा कि भारतीय सेना ने एक बार फिर अपनी पराक्रमी छवि को सिद्ध किया है। पाकिस्तान में आतंकवाद को पनाह देने वालों के खिलाफ यह सटीक एयर स्ट्राइक है।

राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

फिरोजाबाद। यातायात विभाग के द्वारा जनपद की समस्त तहसीलों एवं ब्लॉकों में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 10-05-2025 को आयोजित के प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार वाहन उपलब्ध कराया गया है। जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक प्राधिकरण ने बुधवार को जनपद की समस्त तहसीलों एवं ब्लॉकों में राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार हेतु प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश द्वारा बताया गया कि उपरोक्त वाहन के द्वारा प्रचार कराने का मुख्य उददेश्य है कि जनपद फिरोजाबाद की समस्त तहसीलों एवं ब्लॉकों में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत

की महत्ता एवं लाभों के बारे में जनमानस को बताया जा सके। इसी क्रम में प्राधिकरण के सचिव अतुल चौधरी अपर जिला जज फिरोजाबाद द्वारा बताया गया कि उपरोक्त प्रचार वाहन के माध्यम से जन-जन तक राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 10-05-2025 के बारे में जागरूकता फैलायी जायेगी। उपरोक्त वाहन द्वारा प्रत्येक ब्लॉक एवं तहसील स्तर पर जन-जन को राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में बतायेंगे। इसके अतिरिक्त यह भी अवगत कराया कि राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 10 मई 2025 को जनपद न्यायालय फिरोजाबाद व सरकारी विभागों में आयोजित की जायेगी। जिसमें दीवानी, फौजदारी, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, धारा 138 एन०आई०एक्ट, उत्तराधिकार, वैवाहिक वाद, श्रम, राजस्व, स्टाम्प, चकबंदी, नकल अध्यादेश, बैंक व मोबाइल कम्पनी के बकाया, विद्युत, बांट माप, घरेलु हिंसा, भरण पोषण व अन्य लघु फौजदारी वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौतों के द्वारा किया जायेगा। उक्त अवसर पर समस्त न्यायिक अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं पैरा विधिक स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

निराश्रित गौ वंशों को पानी के पॉट वितरण का विधायक ने किया उद्घाटन

टूंडला। अंतर्राष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ के तत्वाधान में नगर के स्टेशन रोड स्थित स्थाई गौशाला में विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर द्वारा निराश्रित गौ वंशों के पेयजल हेतु पानी की नाद पॉट में पानी भर कर उद्घाटन किया। इस दौरान विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर ने कहा अंतर्राष्ट्रीय गौ माता सेवा महासंघ काफी समय से निराश्रित गोवंशों के सुरक्षा, भोजन और उपचार के लिए रात दिन कार्य कर रहा है इसके लिए मैं उक्त गौ सेवकों को साधुवाद ज्ञापित करता हूं। पशुपालक गायों को दूध निकाल कर निराश्रित ना छोड़े जिससे गौ माता भारी वाहनों की चपेट में आकर घायल हो जाती है साथ ही प्रदेश सरकार के द्वारा उत्तर प्रदेश में कई योजनाएं गौ माता के हित में सुचारू रूप से चल रही है सभी किसान भाई उनका योजनाओं का लाभ लें। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ की राष्ट्रीय महासचिव महिमा ब्रजकिशोरी ने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति पर्यावरण और समाज की रीढ़ है यह केवल एक पुण्यशाली जीवात्मा ही नहीं बल्कि हमारी परम्परा और धरोहर का प्रतीक है। गौ माता मानव, प्राणी एवं वनस्पति सृष्टि को आरोग्यप्रद रखती है। और पर्यावरण की रक्षा करती है। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ राष्ट्रीय महामंत्री संगठन लोकेंद्र सिंह पोनियां प्रदेश महामंत्री संगठन रामतीर्थ सिंह चक, रेलवे उपयोगकर्ता सलाहकार समिति सदस्य संध्या गौतम, ईओ आशुतोष त्रिपाठी, डिप्टी सीवीओ डॉ सत्येन्द्र निगम, चौ, उदय प्रताप सिंह, भवानी सिंह, जितेन्द्र पचौरी, कुलदीप पोनियां, शरद पोनियां, विष्णु तिवारी, जितेन्द्र पंजवानी, संकी राणा, सूरज कुमार, विष्णु वर्मा, शुभम प्रताप सिंह, प्रदीप पाठक, राजीव मल्होत्रा, नरेन्द्र चक, देवांशू प्रताप सिंह, नवीन कुमार, राजेंद्र सिंह, डॉ रमेश यादव, हेमन्त दास गिरी, वंश कुमार, मंजू गौड, मनोज चक, आदि लोग मौजूद रहे।

693 ग्रामीणों ने उठाया स्वास्थ्य शिविर का लाभ

मथुरा। हरे कृष्ण मूवमेंट, जो वर्ष 2008 से ब्रज क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय है, ने हृहस्वस्थ ब्रजहृह अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। यह शिविर बुधवार को ग्राम परखम गुर्जर में हरे कृष्ण मूवमेंट, केशव माधव चिकित्सालय और एम्स, दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें 167 ग्रामीणों ने भाग लिया और अपनी स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान हेतु चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया।

बुधवार शाम संस्था के मीडिया प्रभारी अभिषेक मिश्रा ने बताया कि मार्च के प्रथम सप्ताह से लेकर अब तक हरे कृष्ण मूवमेंट द्वारा ब्रज क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों रामताल, बाटी, मघेरा, भरतिया और परखम गुर्जर में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया है। इन शिविरों के माध्यम से अब तक कुल 693 ग्रामीणों को विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा परामर्श व निःशुल्क दवाइयों की सुविधा प्रदान की जा चुकी है।

केशव माधव चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. संदीप ने जानकारी दी कि संस्था का लक्ष्य आगामी तीन महीनों में प्रति सप्ताह नियमित चिकित्सा शिविरों का आयोजन करना है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर रोगों की समय पर पहचान और उचित उपचार सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि इस शिविर के माध्यम से युवाओं को नशामुक्ति के लिए जागरूक भी किया जा रहा है।

परखम गुर्जर में आयोजित इस शिविर में एम्स, दिल्ली के डॉ. दीपिका मिश्रा, डॉ. तनुराग और डॉ. भरत, केशव माधव चिकित्सालय के डॉ. सौरभ रॉय, डॉ. सोमेश चैहान, सुनीता जी, केडी मेडिकल एवं केडी डेंटल से डॉ. शशांक, डॉ. देवरा, डॉ. निधि और डॉ. दीक्षा ने अपनी विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान कीं।

बाइक की टक्कर से वृद्धा की मौत

ललितपुर। जिले के ग्राम मसौराखुर्द के निकट हाईवे पर तेज रफतार बाइक की टक्कर से बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। वहीं बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। कोतवाली सदर क्षेत्र के ग्राम बुढ़वार निवासी 60 वर्षीय रति बाई पत्नी सरूपा अपने बेटे से मिलने के लिए मंगलवार रात 9 बजे मसौराखुर्द स्थित एक पेट्रोल पंप पर जा रही थी, तभी सागर की ओर से आ रही बाइक ने उसे टक्कर मार दी, जिसके चलते वह गम्भीर रूप से घायल हो गई। वहीं बाइक चालक नीरज निवासी भैंसाई व बम्हौरी निवासी मोहित घायल हो गए। तीनों को उपचार के लिए मेडिकल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने वृद्धा को मृतक घोषित कर दिया।

संक्षेप

एसबीआई लाइफ का हैक-एआई-थॉन लॉन्च

नई दिल्ली। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने 'हैक-एआई-थॉन' के पहले संस्करण की शुरुआत की है। यह एक राष्ट्रीय स्तर का नवाचार पहल है, जो होनहार प्रतिभाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के माध्यम से जीवन बीमा के भविष्य को एक नई पहचान देने के लिए प्रेरित करता है। यह पहल भारत भर के टेक्नोलॉजी छात्रों को एक अनूठा मंच प्रदान करती है, जहाँ वे बीमा से जुड़ी व्यावसायिक चुनौतियों, जैसे- ग्राहक अनुभव में सुधार, उत्पाद की पहुँच बढ़ाने और धोखाधड़ी की रोकथाम जैसे क्षेत्रों में नए और अनूठे समाधान बनाने में योगदान कर सकते हैं। एसबीआई लाइफ के हैक-एआई-थॉन के रीजनल राउंड में लोगों की ओर से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, जिसमें पूरे भारत से 7,500 से अधिक टेक छात्रों ने पंजीकरण कराया। कठोर चयन प्रक्रिया के बाद, पुणे, दिल्ली और चेन्नई में आयोजित रीजनल राउंड के लिए 50 से अधिक टीमों का चयन किया गया।

ब्रिटानिया गॉबल्स ने शुरू किया कैंपेन बड़े-बड़ों को भी पिघला दे

नई दिल्ली। ब्रिटानिया गॉबल्स केक को नए स्वाद और नरमी के साथ फिर से तैयार किया गया है। इसके फ्रूट, चॉकलेट, पाइनएप्पल, ऑरेंज, मिल्क और बटर फ्लेवर अब पहले से कहीं ज्यादा सॉफ्ट और टेस्टी हो गए हैं। स्वाद के साथ-साथ इसकी पैकिंग को भी नए रूप में पेश किया गया है, जिससे गॉबल्स का हर अनुभव और भी ज्यादा आकर्षक और मजेदार बन गया है। इस नये अवतार के साथ, हर बाइट अब खुशी का स्वाद बन गई है यह शानदार रिफ्रेश शबैंग द्वारा परिकल्पित एक नए अभियान के केंद्र में है, जो ₹बड़े बड़ों को पिघला दे₹ थीम पर केंद्रित है। दर्शकों के चहेते किरदार, दया (दयानंद शेट्टी) और सर (शिवाजी साटम) को केक इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट के अफसरों के रूप में दिखाया गया है, जो एक चोर की तलाश में हैं। लेकिन एक ट्विस्ट में, ब्रिटानिया गॉबल्स की लाजवाब नरमी और स्वाद के आगे वे खुद भी हार मान जाते हैं।

एमजी विंडसर प्रो लॉन्च

नई दिल्ली। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने आज एमजी विंडसर प्रो को लॉन्च किया है जो व्यावसायिक श्रेणी की यात्रा को और भी आरामदायक और सुरक्षित बनाने वाला है। इस नए मॉडल में उन्नत तकनीकी सुविधाएं और सुरक्षा फीचर्स के साथ 52.9 किलोवाट की नई बैटरी शामिल की गई है। लॉन्च के बाद से एमजी विंडसर को ग्राहकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है और अब प्रो सीरीज की शुरूआत इसके बाजार में प्रदर्शन को और मजबूत बनाएगी। एमजी विंडसर प्रो को एक आकर्षक प्रारंभिक बीएएएस मूल्य 12.49 लाख रुपये $ 4.5 रुपये /किमी और एक्स-शोरूम कीमत 17,49,800रुपये (पहली 8,000 बुकिंग्स के लिए वैध) पर लॉन्च किया गया, एमजी विंडसर प्रो इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर तेजी से बदलाव को बढ़ावा देने का वादा करता है।

सनफीस्ट डार्क फैंटेसी की पहल फैंटेसी जरूरी है शुरू

नई दिल्ली। सनफीस्ट डार्क फैंटेसी ने अपनी नई ब्रांड पहल फैंटेसी जरूरी है की शुरूआत की है। इस अभियान के केंद्र में एक प्रेरणादायक हिंदी कविता है, जिसे एक फिल्म के रूप में प्रस्तुत किया गया है। यह कविता फैंटेसी के कई पहलुओं को खूबसूरती से दर्शाती है, फैंटेसी क्या होती है, यह कहां बसती है, कैसे सामने आती है और हमारी ज़िंदगी में इसकी क्या अहमियत है। राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित गीतकार और पार्श्वगायक स्वानंद किरकिरे द्वारा लिखी गई और बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान द्वारा सुनाई गई यह कविता श्रोताओं को रोजमर्रा की जिंदगी की एकरसता से निकालकर कल्पना की असीम दुनिया में ले जाती है, एक ऐसी यात्रा जो मन को रोमांचित भी करती है और सोचने पर मजबूर भी।

रूटमैटिक ने 40 मिलियन डॉलर जुटाये

नई दिल्ली। कॉरपोरेट परिवहन सॉफ्टवेयर प्रदाता और कैब एग्रीगेटर रूटमैटिक ने बुधवार को कहा कि उसने फुलर्टन कार्बन एक्शन फंड और शिफ्ट4गुड के नेतृत्व में सीरीज सी फंडिंग राउंड में 40 मिलियन डॉलर (338 करोड़ रुपये) हासिल की। कॉरपोरेट पिछले कुछ वर्षों में हमारी वृद्धि की नींव हमारी टीमों की प्रतिबद्धता, हमारे संचालन की मजबूती और हमारे ग्राहकों, साझेदारों और निवेशकों के अटूट विश्वास ने रखी है। रूटमैटिक ने हमेशा सीमाओं को लांघने का प्रयास किया है और यह निवेश हमें नई ऊंचाइयों तक पहुंचने में मदद करेगा।

सेंसेक्स में 106 अंकों की उछाल

मुंबई। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) और पाकिस्तान में मौजूद आतंकवादी ठिकानों पर भारत के मिसाइल हमले के बाद स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को कारोबार बेहद उतार-चढ़ाव भरा रहा। हालांकि, मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी मामूली बढ़त के साथ बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के अंत में 105.71 अंक यानी 0.13 प्रतिशत चढ़कर 80,746.78 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 80,844.63 अंक के ऊपरी स्तर तक गया और 79,937.48 अंक के निचले स्तर तक आया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 34.80 अंक यानी 0.14 प्रतिशत बढ़कर 24,414.40 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी 24,449.60 के उच्च स्तर और 24,220 के निम्न स्तर के बीच घूमता रहा। व्यापक बाजार के सूचकांक भी शुरुआती दौर में आई बड़ी गिरावट से उबरने में सफल रहे और एक प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ बंद हुए। आतंकवादी हमले का जवाब सैन्य कार्रवाई से देने के बाद कारोबारी सत्र की शुरुआत बड़ी गिरावट के साथ हुई थी। लेकिन बाद में यह तेजी से नुकसान की भरपाई करने में सफल रहा और बढ़त के साथ बंद हुआ। पिछले महीने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए बड़े आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना ने बुधवार तड़के पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में मौजूद नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए। इन ठिकानों में आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ बहावलपुर और लश्कर-ए-तैयबा का अड्डा मुरीदके भी शामिल हैं। भले ही सीमापार आतंकवादी नेटवर्क के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के बाद बाजार में कारोबार के दौरान उतार-चढ़ाव देखा गया, लेकिन अंत में अनिश्चितता दूर करने में कामयाब मिली। भारत-पाक युद्ध से जुड़े तनाव के कारण बाजार की धारणा सतर्क रहेगी, लेकिन अगले कुछ दिनों में शेयर-विशिष्ट गतिविधियों के साथ बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 3,794.52 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे। बीएसई का मिडकैप सूचकांक 1.36 प्रतिशत चढ़ा जबकि स्मॉलकैप सूचकांक में 1.16 प्रतिशत की तेजी रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में वाहन खंड 1.74 प्रतिशत बढ़त के साथ सबसे आगे रहा जबकि उपभोक्ता खंड 1.21 प्रतिशत और धातु खंड 1.19 प्रतिशत चढ़ा।

रुपया 45 पैसे की बड़ी गिरावट के साथ 84.80 प्रति डॉलर पर

मुंबई। पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी शिविरों पर भारत के सैन्य हमलों के बाद सीमापार तनाव बढ़ने के कारण स्थानीय मुद्रा पर दबाव पड़ने के कारण बुधवार को अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया 45 पैसे लुढ़ककर 84.80 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ।

भारतीय सशस्त्र बलों ने बुधवार तड़के, पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में नौ आतंकवादी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिनमें बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा का अड्डा शामिल है। पहलगाम हमले के दो सप्ताह बाद ऑपरेशन सिंदूर के तहत सैन्य हमले किए गए। पहलगाम में आतंकवादी हमले में 26 नागरिकों की जान गई थी। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर चलाए जाने और पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकवादी शिविरों पर हमला करने के बाद बुधवार को भारतीय रुपये में गिरावट आई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.65 पर खुला और डॉलर के मुकाबले 84.47 के दिन के उच्चतम स्तर और 84.93 के निचले स्तर के बीच घूमता रहा। कारोबार के अंत में रुपया 84.80 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो अपने पिछले बंद स्तर से 45 पैसे की गिरावट है। मंगलवार को रुपया पांच पैसे की गिरावट के साथ 84.35 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। हमें उम्मीद है कि कमजोर डॉलर और सकारात्मक घरेलू और वैश्विक बाजारों के कारण रुपया सकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा। एफआईआई निवेश प्रवाह भी रुपये को समर्थन दे सकता है।

भारत को आयात बिल पर 1.8 लाख करोड़ की बचत होगी

नयी दिल्ली। भारत को अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा दरों में नरमी का रुख जारी रहने पर कच्चे तेल और एलएनजी के आयात पर 1.8 लाख करोड़ रुपये तक की बचत हो सकती है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने बुधवार को यह अनुमान जताया।

भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल आयातक और उपभोक्ता है। यह अपनी 85 प्रतिशत से अधिक की कच्चे तेल की जरूरत को आयात से पूरा करता है। देश ने वित्त वर्ष 2024-25 में विदेशों से कच्चा तेल खरीदने पर 242.4 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च किए थे। भारत में तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की मांग का लगभग आधा हिस्सा घरेलू उत्पादन से पूरा होता है। इस मद में आयात पर 15.2 अरब डॉलर खर्च किए गए। मांग के मोर्चे पर अनिश्चितता के बीच वैश्विक आपूर्ति बढ़ने के अनुमान के कारण इस सप्ताह की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की कीमतें चार साल के निचले स्तर 60.23 डॉलर प्रति बैरल पर आ गईं। इक्रा को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025-26 में कच्चे तेल की औसत कीमत 60-70 डॉलर प्रति बैरल के दायरे में रहेगी। इक्रा ने आगे कहा कि इस स्तर पर कच्चे तेल का उत्पादन करने वाली कंपनियों की आय वित्त वर्ष 2025-26 में 25,000 करोड़ रुपये रह सकती है।

सोना एक बार फिर एक लाख रुपये के पार



नयी दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर तनाव बढ़ने से मांग में आई तेजी के बीच सोने की कीमतें राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को 1,000 रुपये चढ़कर एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच गईं।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने कहा कि दिल्ली के बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,000 रुपये बढ़कर 1,00,750 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। मंगलवार को यह 99,750 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। सोना इसके पहले 22 अप्रैल को भी 1800 रुपये चढ़कर 1,01,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा था। भारतीय सशस्त्र बलों ने देर रात पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और पाकिस्तान में मौजूद नौ आतंकवादी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिनमें बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा का ठिकाना भी शामिल है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पिछले महीने हुए आतंकवादी हमले के दो सप्ताह बाद ऑपरेशन सिंदूर के तहत ये हमले किए गए। इस आतंकी हमले में 26 भारतीय नागरिकों की जान गई थी। वहीं, बुधवार को 99.5 प्रतिशत की शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,050 रुपये बढ़कर 1,00,350 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। यह पिछले सत्र में 99,300 प्रति 10 ग्राम पर रही थी। इसके अलावा, चांदी की कीमतें भी 440 रुपये बढ़कर 98,940 रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं। मंगलवार को यह 98,500 रुपये प्रति किलोग्राम थी। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना 62.12 यानी 1.8 प्रतिशत बढ़कर 3,369.65 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। वहीं हाजिर चांदी का भाव 1.24 प्रतिशत से घटकर 32.81 डॉलर प्रति औंस हो गया।

कोल इंडिया का लाभ 12 प्रतिशत बढ़कर 9,604 करोड़ रुपये

एजेंसी

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) का जनवरी-मार्च में समाप्त चालू वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 12 प्रतिशत बढ़कर 9,604.02 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 8,572.14 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध मुनाफा कमाया था। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 41,761.76 करोड़ रुपये और व्यय बढ़कर 29,057.30 करोड़ रुपये हो गया। सीआईएल की घरेलू कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है। कोल इंडिया का कोयला उत्पादन अप्रैल में 6.21 करोड़ टन पर लगभग सपाट रहा। वित्त वर्ष 2024-25 में कोल इंडिया का कोयला उत्पादन 78.11 करोड़ टन रहा जो वित्त वर्ष के लिए कंपनी के लक्ष्य से करीब सात प्रतिशत कम है। कोल इंडिया का 2024-25 के लिए कोयला उत्पादन लक्ष्य 83.8 करोड़ टन था। सीआईएल ने वित्त वर्ष 2025-26 में 87.5 करोड़ टन उत्पादन और 90 करोड़ टन उठाव का लक्ष्य रखा है।

ब्रिटेन के साथ एफटीए के तहत ऑप्टिकल फाइबर पर कोई शुल्क छूट नहीं देगा

नयी दिल्ली। भारत मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत हीरा, चांदी, स्मार्टफोन और ऑप्टिकल फाइबर जैसे कई संवेदनशील औद्योगिक उत्पादों पर ब्रिटेन की कंपनियों को कोई शुल्क रियायत नहीं देगा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने यह भी कहा कि ब्रिटेन से पेट्रोल और डीजल इंजन वाहन के आयात पर शुल्क रियायत पूर्व-निर्धारित कोटा तक सीमित है।

इसी तरह, सीमा शुल्क की रियायती दर पर ब्रिटिश इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के आयात का कोटा केवल कुछ हजार तक सीमित है। प्लास्टिक, हीरा, चांदी, बेस स्टेशन, स्मार्टफोन, टेलीविजन कैमरा ट्यूब, ऑप्टिकल फाइबर, ऑप्टिकल फाइबर बंडल और केबल जैसे संवेदनशील औद्योगिक सामान एफटीए को एफटीए की सूची से बाहर रखा गया है। भारत, ब्रिटेन को इन वस्तुओं पर कोई आयात शुल्क लाभ नहीं देता है। वाहन क्षेत्र को खोलने के बारे में अधिकारी ने कहा कि वैश्विक स्तर पर चौथे सबसे बड़े वाहन विनिर्माता के रूप में भारत के पास वाहन मूल्य श्रृंखला में वैश्विक अगुवा के रूप में उभरने की रणनीतिक क्षमता है। भारत के मजबूत विनिर्माण आधार के बावजूद, वैश्विक वाहन बाजार में इसकी हिस्सेदारी कम बनी हुई है, जो विस्तार की व्यापक संभावनाओं को दर्शाता है। आईसीई (आंतरिक दहन इंजन) यानी परंपरागत ईंधन के वाहनों के लिए ब्रिटेन के बाजार तक पहुंच से देश के वाहन और वाहन कलपुर्जों के निर्यात को बढ़ावा मिलने की संभावना है। अधिकारी ने कहा कि ईवी के लिए कोटा से बाहर शुल्क में कोई कमी नहीं की गई है। ईवी से जुड़ी संवेदनशीलता का ध्यान रखा गया है। आईसीई वाहनों पर कोटा से बाहर शुल्क को लंबे समय में धीरे-धीरे कम किया जाएगा, जिससे हमारे उद्योगों को ब्रिटेन से बढ़ने वाले आयात का मुकाबला करने के लिए वक्त मिल सके। भारत और ब्रिटेन ने मंगलवार को एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए, जो 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात पर शुल्क कम करेगा और ब्रिटिश कंपनियों के लिए भारत को व्हिस्की, कार और अन्य उत्पादों का निर्यात करना आसान बना देगा।

भारत का निजी इक्विटी, उद्यम पूंजी बाजार 2024 में बढ़कर 43 अरब डॉलर पर पहुंचा

नयी दिल्ली। भारत का निजी इक्विटी और उद्यम पूंजी (पीई-वीसी) निवेश वर्ष 2024 में नौ प्रतिशत बढ़कर लगभग 1,600 सौदों के साथ 43 अरब डॉलर पर पहुंच गया। एक नवीनतम रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

वैश्विक प्रबंधन सलाहकार बैन एंड कंपनी की इंडिया प्राइवेट इक्विटी रिपोर्ट 2025 में बुधवार को यह जानकारी दी गई। इस रिपोर्ट को भारतीय उद्यम एवं वैकल्पिक पूंजी संघ (आईवीसीए) के सहयोग से जारी किया गया। इसके मुताबिक वर्ष 2025 में भी पीई-वीसी के लिए संभावनाएं आशावादी बनी हुई हैं। इससे पहले के दो वर्षों में पीई-वीसी बाजार में गिरावट आई थी। वर्ष 2024 में आई तेजी मुख्य रूप से वीसी और वृद्धि निवेशों द्वारा संचालित थी, जबकि पीई सौदे स्थिर रहे। रिपोर्ट कहती है, दो साल गिरने के बाद भारत के निजी इक्विटी और उद्यम पूंजी (पीई-वीसी) निवेश ने 2024 में सुधार दर्ज किया, जो लगभग नौ प्रतिशत बढ़कर 1,600 सौदों के साथ 43 अरब डॉलर तक पहुंच गया। इस तेजी में पारंपरिक क्षेत्रों का विशेष योगदान रहा। इस सुधार ने एशिया-प्रशांत के दूसरे सबसे बड़े पीई-वीसी गंतव्य के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत किया, जिसने कुल निवेश का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा हासिल किया। भारत की कुल वृद्धि मुख्य रूप से वीसी और वृद्धि निवेशों के जरिये हुई, जबकि पीई निवेश 29 अरब अमेरिकी डॉलर पर स्थिर रहा।

प्रेपइंस्टा ने नीट 4.0 पहल के तहत बेहतर शिक्षा की ओर बढ़ाया कदम

नई दिल्ली। प्लेसमेंट की तैयारी कराने वाली भारत की सबसे प्रमुख वेबसाइट प्रेपइंस्टा अब अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् की नेशनल एजुकेशनल अलायंस फॉर टेक्नोलॉजी पहल का हिस्सा बन गया है। इस साझेदारी का उद्देश्य भारतीय छात्रों को इंडस्ट्री में काम आने वाली जरूरी स्किल्स सिखाना है, ताकि वे ग्लोबल जॉब मार्केट में आसानी से मुकाबला कर सकें। अब प्रेपइंस्टा के कोर्सेस नीट 4.0 पोर्टल पर उपलब्ध हैं, जिससे देश के तकनीकी शिक्षा में बड़ा बदलाव आने की उम्मीद है। आसान शब्दों में कहें तो अब स्टूडेंट्स को नौकरी की तैयारी और जरूरी कोर्सेस एक सरकारी पोर्टल पर आसानी से मिल जाएंगे। उनकी परफॉरमेंस पर नजर हैं और कम असेसमेंट भी करवा सकते हैं। प्रेपइंस्टा स्टुडेंट्स को न सिर्फ जॉब पाने लायक बनाता है, बल्कि कॉलेज को भी पूरी प्लेसमेंट प्रोसेस को आसान और स्मार्ट तरीके से संभालने में मदद करता है।

पेज एक का शेष

ऑपरेशन 'सिंदूर'

आतंकवादी बुनियादी ढांचे के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। मिसरी ने कहा भारत की कार्रवाई संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के उस बयान के अनुरूप है जिसमें पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों, आयोजकों, वित्तपोषकों और प्रायोजकों को जवाबदेह ठहराया गया है। सैन्य अधिकारियों के अनुसार, ऑपरेशन सिंदूर के तहत, भारतीय सेना ने मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के मरकज तैयबा, बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के मरकज सुभान अल्लाह और सियालकोट में हिजबुल मुजाहिदीन के महमूना जोया फैसिलिटी और बरनाला में मरकज अहले हदीस में लश्कर के अड्डे और मुजफ्फराबाद के शावाई नाला में उसके शिविर को निशाना बनाया। मिसरी के साथ एक मीडिया ब्रीफिंग में दो महिला अधिकारियों- सेना की सिग्नल कोर की कर्नल सोफिया कुरैशी और भारतीय वायुसेना की हेलीकॉप्टर पायलट विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया कि यह अभियान देर रात 1:05 बजे से 1:30 बजे तक चलाया गया और सभी लक्ष्यों को कुशलतापूर्वक नष्ट कर दिया गया। अभियान के पूरा होने के 15 मिनट बाद रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, कुछ समय पहले, भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में उन आतंकवादी बुनियादी ढांचों पर हमला करते हुए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया जहां से भारत के खिलाफ आतंकवादी हमलों का मंसूबा बनाया गया और इसे निर्देशित किया गया। इसने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों की कार्वाई केंद्रित और नपी-तुली थी। साथ ही यह ध्यान रखा गया कि यह और न बढ़े। बयान में कहा गया किसी भी पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान को निशाना नहीं बनाया गया है। भारत ने लक्ष्य के चयन और क्रियान्वयन के तरीके में काफी संयम दिखाया है। सैन्य सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ऑपरेशन सिंदूर पर कड़ी निगरानी रख रहे थे। इस कार्वाई के बाद उन्होंने केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक की और सफल हमलों के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना की। मिसरी ने कहा, यह कार्वाई नपी-तुली, टकराव को नहीं बढ़ाने वाली, संतुलित और जिम्मेदाराना थी। इसमें आतंकवादी ढांचे को नष्ट करने और आतंकियों को निष्क्रिय करने पर ध्यान केंद्रित किया जिन्हें भारत में भेजा जा सकता था।

भारत की कार्वाई के कुछ घंटे बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारतीय मिसाइल हमलों को युद्ध की कार्वाई करार दिया और कहा कि उनके देश को उचित जवाब देने का पूरा अधिकार है। हालांकि, पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि यदि नयी दिल्ली नरम रुख अपनाती है तो इस्लामाबाद उसके साथ तनाव समाप्त करने के लिए तैयार है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने भारतीय हमलों को अकारण बताया और कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान की संप्रभुता का उल्लंघन किया है। पाकिस्तानी सेना ने कहा कि इन हमलों में कम से कम 26 लोग मारे गए और 46 अन्य घायल हो गए। जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मौलाना मसूद अजहर ने स्वीकार किया कि बहावलपुर में संगठन के मुख्यालय पर भारत के मिसाइल हमले में उसके परिवार के 10 सदस्य और चार करीबी सहयोगी मारे गए। भारतीय अधिकारियों ने कहा कि बहावलपुर और मुरीदके सहित सभी नौ ठिकानों पर हमले सफल रहे। लाहौर से कुछ ही दूरी पर स्थित मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा का एक विशाल मरकज या प्रतिष्ठान है। बहावलपुर जैश-ए-मोहम्मद का मुख्य गढ़ है। वाशिंगटन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारत और पाकिस्तान के बीच शत्रुता बहुत जल्द समाप्त हो जाएगी।

पाकिस्तान के खिलाफ भारत की कार्वाई के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, यह शर्म की बात है। हमने इसके बारे में तब सुना जब हम ओवल (अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय) जा रहे थे। मैं बस यही उम्मीद करता हूं कि यह जल्दी खत्म हो जाए। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और सऊदी अरब एवं संयुक्त अरब अमीरात सहित कई देशों के अपने समकक्षों से बात की। मिसरी ने कहा, पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को लेकर हमारी खुफिया निगरानी ने संकेत दिया कि भारत के खिलाफ और हमलों की आशंका है। इसलिए इन्हें रोकने और धता बताने की अनिवार्यता थी। उन्होंने कहा, जैसा कि आपको पता होगा कि भारत ने आज सुबह ऐसे और सीमा पार हमलों पर जवाब देने, उन्हें रोकने तथा धता बताने के अपने अधिकार का इस्तेमाल किया। मिसरी ने कहा, यह कार्वाई नपी-तुली, टकराव को नहीं बढ़ाने वाली, संतुलित और जिम्मेदाराना थी। उन्होंने आतंकवादी ढांचे को नष्ट करने और आतंकियों को निष्क्रिय करने पर ध्यान केंद्रित किया जिन्हें भारत में भेजा जा सकता था। उन्होंने कहा, पहलगाम हमला अत्यंत बर्बरता के साथ किया गया जिसमें अधिकतर लोगों को उनके परिवार के सामने करीब से सिर में गोली मारकर उनकी जान ले ली गई। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। मिसरी ने कहा कि यह 26 नवंबर 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों के बाद भारत में किसी आतंकवादी हमले में आम लोगों के हताहत होने की सबसे बड़ी संख्या थी।

एयरस्ट्राइक में

शामिल रहा है, जिनमें 2001 में संसद पर हमला, 2000 में जम्मू कश्मीर विधानसभा पर हमला, 2016 में पठानकोट में भारतीय वायुसेना के अड्डे पर हमला और 2019 में पुलवामा आत्मघाती हमला शामिल हैं।

इस बीच, पाकिस्तान में पंजाब की सूचना मंत्री अजमा बुखारी ने कहा कि बहावलपुर हमले में घायल सभी लोगों को विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनका अच्छे से अच्छा इलाज हो रहा है। पाकिस्तान की सेना ने कहा है कि भारतीय हमले में 26 लोग मारे गए हैं और 46 अन्य घायल हो गए।

यूपी में रेड

संसाधनों से लैस है, और प्रदेश के प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। जय हिन्द उउ बाद में, पुलिस महानिदेशक ने ऑपरेशन सिंदूर के परिप्रेक्ष्य में उत्तर प्रदेश के निवासियों एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिये दिशा-निर्देश जारी किये। इनमें अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी महत्वपूर्ण इमारतों की सुरक्षा को सुदृढ़ और उन्नत करने, भौतिक सुरक्षा, निगरानी प्रणाली और परिधि सुरक्षा को मजबूत करने, आंतरिक सुरक्षा योजना के तहत मॉक ड्रिल आयोजित करने, संबंधित सभी सुरक्षा इकाइयों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश शामिल हैं। इसके अलावा सभी पुलिस परिसरों जैसे पुलिस लाइन, कार्यालय, डिपो, पुलिस इकाइयों और नियंत्रण कक्ष को सुरक्षित करने, एक संपूर्ण संसाधन ऑडिट करने और कमी पाए जाने पर शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिये गए हैं। पुलिस वेबसाइट और पुलिस सर्वर के साथ-साथ साइबर सुरक्षा सुदृढ़ करने, महत्त्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर प्रवेश नियंत्रण व्यवस्था को सख्त करने, पहचान पत्रों की जांच और सत्यापन सुनिश्चित करने, सेना, वायुसेना, नागरिक सुरक्षा, खुफिया इकाइयों और अन्य संबंधित एजेंसियों के साथ नजदीकी समन्वय स्थापित करने के भी निर्देश दिये गये हैं।

पुलिस महानिदेशक ने संवेदनशील और निषिद्ध क्षेत्रों में संभावित घुसपैठ और सूचना लीक होने की घटनाओं पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिये हैं। उनके निर्देश में खुफिया तंत्र को और सक्रिय करने और समुचित सुरक्षा व्यवस्था करने, सोशल मीडिया की निगरानी करने, अफवाह फैलाने और भ्रामक सूचनाओं के विरुद्ध त्वरित कार्वाई सुनिश्चित करने की बात शामिल है। आपातकालीन वाहनों को समुचित स्थानों पर तैनात करने, भारत-नेपाल सीमा पर निरंतर चौकसी बरतने और अन्य सुरक्षा बलों के साथ समन्वय स्थापित करके नियमित गश्त करने के निर्देश भी दिये गए हैं। भारतीय सशस्त्र बलों ने पहलगाम आतंकी हमले के दो सप्ताह बाद सख्त जवाबी कार्वाई करते हुए मंगलवार देर रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किये, जिनमें आतंकवादी समूहों लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के गढ़ भी शामिल हैं।

योजना के

बुनियादी ढांचे तक ही सीमित थी। रक्षा मंत्री ने कहा मैं पूरे देश की ओर से सशस्त्र बलों को बधाई देता हूं। मैं सशस्त्र बलों को पूरा सहयोग करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी बधाई देता हूं। उन्होंने कहा हमने भगवान हनुमान के आदर्शों का पालन किया है। जैसे उन्होंने अशोक वाटिका के विध्वंस के समय कहा था - जिन्ह मोहि मारा ते मैं मारे (मैंने केवल उन लोगों को मारा जिन्होंने मुझ पर हमला किया) - हमने भी केवल उन लोगों को निशाना बनाया है जिन्होंने हमारे निर्दोष लोगों को मारा।

बहन-बेटियों

ओर से भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कल रात हमारे बहादुर बलों द्वारा दी गई प्रतिक्रिया बेहद गर्व की बात है। मैं दृढ़ संकल्प के साथ नेतृत्व करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी सलाम करता हूं। यह एक नया भारत है जो हर दुस्साहस का मुंहतोड़ जवाब देता है। ऑपरेशन सिंदूर को भारतीय महिलाओं की गरिमा को निशाना बनाने वालों के लिए एक भावनात्मक प्रतिक्रिया बताते हुए आदित्यनाथ ने कहा जिन लोगों ने भारत की बेटियों के सिंदूर को छुआ, उन्हें कल रात की स्ट्राइक में अपने खून के रिश्ते खोने पड़े। उन्होंने कहा ऐसे समय में, हम में से हर एक को राष्ट्र पहले की भावना के साथ काम करना चाहिए। हमें कभी भी किसी को भारत माता के गौरव और सम्मान के साथ खेलने नहीं देना चाहिए। अपने भाषण के अंत में मुख्यमंत्री ने सभी नागरिक सुरक्षा एजेंसियों को धन्यवाद दिया और सशस्त्र बलों, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और प्रधानमंत्री मोदी के प्रति अपना समर्थन दोहराया। उन्होंने निरंतर सतर्कता और जन जागरूकता का आह्वान किया और अपने संबोधन का समापन जय हिंद के तीन जोरदार नारों के साथ किया। मुख्यमंत्री ने नागरिक सुरक्षा से जुड़ी सभी एजेंसियों के साथ व्यक्तिगत तौर पर बातचीत कर उनकी तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ऐसे मॉक ड्रिल्स से आम जनता को आपात स्थितियों में सही कदम उठाने की जानकारी मिलती है, जो राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। लखनऊके रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित मॉक ड्रिल में आदित्यनाथ ने भारत माता के जयकारों से शुरुआत की। एनडीआरएफ द्वारा जैसे ही मॉक ड्रिल शुरू की गई, सायरन बजने लगा। दुश्मन की एयर स्ट्राइक से बचने के लिए ब्लैकआउट किया गया, नागरिकों ने सुरक्षित स्थानों की शरण ली।

दूसरे सायरन के साथ जब खतरा समाप्त हुआ, तब घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। फायर, चिकित्सा कर्मियों और रेस्क्यू टीमों ने घायलों की मदद की। नागरिकों को ध्वस्त ढांचे से बचाने और केमिकल हमले से निपटने के उपाय भी सिखाए गए।

चारधाम यात्रा

तरह की आपात स्थिति के लिए जिला और तहसील स्तर पर खाद्यान्न सहित आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बनाये रखी जाए। अस्पतालों को आपातकालीन परिस्थितियों के लिए अलर्ट रखा जाए। सभी आवश्यक दवाओं का पूर्ण प्रबंध किया जाय। उन्होंने कहा कि नागरिक सुरक्षा दल और स्वयंसेवी संस्थाओं को बचाव और राहत कार्य के लिए प्रशिक्षण दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए अपरिहार्य परिस्थितियों को छोड़ते हुए कार्मिकों के अवकाश मंजूर न किये जाएं। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को अपने-अपने जिलों में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने के निर्देश दिये।

चेन्नई ने केकेआर को दो विकेट से हराया

रहाणे ने 33 गेंद में चार चौकों और दो छक्कों से 48 रन की पारी खेलकर टीम को तेज शुरुआत दिलायी

कोलकाता। चेन्नई सुपर किंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को दो विकेट से हरा दिया। बुधवार को ईडेन गार्डेंस में खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गत विजेता केकेआर ने 20 ओवर में छह विकेट खोकर 179 रन बनाए थे। जवाब में सीएसके ने 19.4 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 183 रन बनाए और सत्र की तीसरी जीत दर्ज की।

कप्तान अजिंक्य रहाणे की उम्दा पारी के बाद आंद्रे रसेल की तेजतर्रार पारी से कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को यहां चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ छह विकेट पर 179 रन बनाए।

रहाणे ने 33 गेंद में चार चौकों और दो छक्कों से 48 रन की पारी खेलकर टीम को तेज शुरुआत दिलाई तो वहीं रसेल ने 21 गेंद में तीन छक्कों और चार चौकों से 38 रन बनाकर अंतिम ओवरों में रन गति में इजाफा किया। मनीष पांडे ने भी 28 गेंद में एक छक्के और एक चौके से नाबाद 36 रन बनाए। सुपरकिंग्स की ओर से बाएं हाथ के स्पिनर नूर अहमद सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 31 रन देकर चार विकेट चटकाए। रहाणे ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया और सुनील नारायण (26) के साथ दूसरे विकेट के लिए 58 रन जोड़कर टीम को तेज शुरुआत दिलाई जिससे नाइट राइडर्स ने पावर प्ले में एक विकेट पर 67 रन बनाए। रहमानुल्लाह गुरबाज (11) ने खलील अहमद की मैच की पहली गेंद पर चौका जड़ा। उन्होंने अंशुल कंबोज (38 रन पर एक विकेट) पर छक्का मारा लेकिन एक गेंद बाद नूर अहमद को कैच देकर पवेलियन लौट गए। रहाणे और नारायण ने इसके बाद तेजी से रन बटोरे। रहाणे ने कंबोज पर चौके से खाता खोलने के बाद खलील पर भी दो चौके मारे। नारायण ने रविचंद्रन अश्विन का स्वागत दो चौकों और एक छक्के के साथ किया और पांचवें ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया। रहाणे ने अगले ओवर में कंबोज की लगातार गेंद पर छक्का और चौका मारा। नूर ने नारायण को महेंद्र सिंह धोनी के हाथों स्टंप कराके खतरनाक लग रही इस साझेदारी को तोड़ा। अंगकृष रघुवंशी (01) भी इसी ओवर में धोनी को कैच दे बैठे जिससे नाइट राइडर्स का स्कोर तीन विकेट पर 71 रन हो गया। रहाणे ने रविंद्र जडेजा (34 रन पर एक विकेट) पर छक्का जड़ा लेकिन इसी स्पिनर की गेंद पर डेवोन कॉनवे को कैच दे बैठे। सुपरकिंग्स के गेंदबाजों ने बीच के ओवरों में रन गति पर अंकुश लगाया जबकि नाइट राइडर्स के बल्लेबाज बाउंड्री लगाने में नाकाम रहे। नाइट राइडर्स के रनों का शतक 12वें ओवर में पूरा हुआ। रसेल ने बढ़ते दबाव के बीच 15वें ओवर में जडेजा की लगातार गेंदों पर दो चौके और एक छक्के के साथ रन गति में इजाफा किया और फिर अगले ओवर में मथीशा पथिराना की लगातार गेंदों पर भी छक्का और चौका मारा।

रोहित शर्मा ने लिया टेस्ट क्रिकेट से संन्यास

नयी दिल्ली। रोहित शर्मा ने बुधवार को तत्काल प्रभाव से टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की जिससे सबसे लंबे प्रारूप में उनके भविष्य को लेकर सभी अटकलें खत्म हो गई।

यह 38 वर्षीय खिलाड़ी अपने करियर के दूसरे हिस्से में भारत के सबसे सफल टेस्ट बल्लेबाजों में से एक था। रोहित ने 67 टेस्ट में 12 शतक और 18 अर्धशतक की मदद से 40.57 की औसत से 4301 रन बनाए। पिछले साल विश्व कप के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से पहले ही संन्यास ले चुके रोहित अब भारत के लिए केवल वनडे प्रारूप में ही नजर आएंगे। रोहित ने पीटीआई की खबर ब्रेक करने के बाद अपने इंस्टाग्राम पर अपनी टेस्ट कैप के साथ एक फोटो पोस्ट करते हुए लिखा, सभी को नमस्कार, मैं बस यह साझा करना चाहता हूं कि मैं टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले रहा हूं। सफेद जर्सी में अपने देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात रही है। उन्होंने लिखा, इतने सालों तक मिले प्यार और समर्थन के लिए आपका शुक्रिया। मैं वनडे प्रारूप में भारत का प्रतिनिधित्व करना जारी रखूंगा। रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भारत की कप्तानी की। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर पिछली श्रृंखला और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बोर्डर-गावस्कर श्रृंखला के अलावा कप्तान के रूप में उनका प्रदर्शन प्रभावी रहा। इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए, भारत के पास एक नया टेस्ट कप्तान होगा जिसके संभावित उम्मीदवार जसप्रीत बुमराह, लोकेश राहुल, शुभमन गिल और ऋषभ पंत हो सकते हैं। रोहित ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान कठिन दौर का सामना किया, जहां उन्हें खराब फॉर्म के कारण अंतिम एकादश से बाहर होने का फैसला करना पड़ा। पर उन्होंने उस समय संन्यास लेने से इनकार कर दिया था। मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ उनके मतभेदों की भी काफी अटकलें रही थीं जिन्होंने पिछले साल जुलाई में कार्यभार संभालने के बाद भारतीय क्रिकेट में स्टार संस्कृति खत्म करने की बात की थी। दोनों ने लगातार इस बात का खंडन किया। लेकिन गंभीर ने बार बार स्पष्ट किया है कि केवल प्रदर्शन ही टीम में चयन सुनिश्चित करेगा।

संक्षेप

मुशीर, म्हात्रे, शेडगे और रघुवंशी को टी20 मुंबई लीग में अच्छे दाम

मुंबई। युवा मुशीर खान, आयुष म्हात्रे, सूर्यांश शेडगे और अंगकृष रघुवंशी को टी20 मुंबई लीग के तीसरे सत्र के लिये प्रारंभिक दौर की नीलामी में अच्छे दाम मिले हैं। यह लीग 26 मई से आठ जून तक खेली जायेगी। इंडियन प्रीमियर लीग में पंजाब किंग्स के लिये खेल रहे 20 वर्ष के मुशीर को आर्क्स अंधेरी ने 15 लाख रूपये में खरीदा। मुंबई के लिये इस साल रणजी क्रिकेट में पदार्पण करने वाले म्हात्रे ने आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिये पदार्पण किया। उसे ट्रायंफ नाइट्स मुंबई नॉर्थईस्ट ने 14.75 लाख रूपये में खरीदा। शेडगे को भी इसी टीम ने 13.75 लाख रूपये में खरीदा। भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव इस टीम के आइकन खिलाड़ी हैं। के के आर के लिये खेलने वाले रघुवंशी को सोबो मुंबई फाल्कंस ने 14 लाख रूपये में खरीदा। वहीं तनुष कोटियान को नॉर्थ मुंबई पैंथर्स ने 10 लाख रूपये में खरीदा।

मुंबई इंडियंस ने क्रियान्वयन में गलती की : जयवर्धने

मुंबई। मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने कहा कि उनकी टीम ने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान क्रियान्वयन में गलती की और नियंत्रण बनाने के बावजूद हार गए इसलिये पांच बार की चैंपियन अब से बचे हुए प्रत्येक मैच को प्लेऑफ की तरह लेगी। गुजरात टाइटन्स ने बारिश से प्रभावित मैच में मुंबई इंडियंस को तीन विकेट से हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की। गुजरात की टीम ने अंतिम गेंद पर जीत हासिल कर अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि मुंबई को अब प्लेऑफ को लिए क्वालिफाई करने के लिए अपने बचे हुए दोनों मैच जीतने होंगे। जयवर्धने ने मैच के बाद मीडिया से कहा कि मुझे लगता है कि इस हार से सब पता चल जाता है। दोनों टीमों ने कुछ गलतियां कीं। लेकिन हमने शायद उनसे कहीं ज्यादा गलतियां कीं। उन्होंने कहा कि हम ऐसी स्थिति में थे जब हमारे पास पांच मैच में चार हार और एक जीत थी। लेकिन उसके बाद से हम लगभग हर मैच में जीत की स्थिति में थे। हमने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया। जयवर्धने ने कहा कि हमने इस विकेट पर 30 रन कम बनाए। गेंदबाजों ने काफी अच्छी गेंदबाजी की, कई मौके बनाए, अच्छा क्षेत्ररक्षण किया, हमने सबकुछ किया इसलिये यह अच्छा संकेत है। अब से हम प्रत्येक मैच को प्लेऑफ की तरह लेंगे।

कोलकाता शिविर के लिए कोच मनोलो की 28 सदस्यीय संभावित खिलाड़ियों की सूची में सुनील छेत्री शामिल

नयी दिल्ली। भारतीय फुटबॉल के मुख्य कोच मनोलो मार्केज ने अनुभवी फॉरवर्ड सुनील छेत्री को अगले महीने होने वाले एएफसी एशियाई कप 2027 फाइनल राउंड क्वालीफायर के लिए 28 सदस्यीय संभावितों की टीम में शामिल किया। चालीस वर्षीय छेत्री ने भारतीय टीम के संघर्ष को देखते हुए मार्च में संन्यास से बाहर आने का फैसला किया था। उन्होंने दो दशक से अधिक समय तक अग्रिम पंक्ति में जादू बिखरने के बाद पिछले साल संन्यास लेने का अपना फैसला बदल दिया था।

छेत्री ने तब से मालदीव के खिलाफ एक मैत्री मैच में राष्ट्रीय टीम का नेतृत्व किया और बांग्लादेश के खिलाफ 2027 एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर में भी खेले। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बुधवार को एक बयान में कहा, संभावित खिलाड़ी जून में फीफा अंतरराष्ट्रीय विंडो की तैयारी के लिए ट्रेनिंग लेने के लिए 18 मई को कोलकाता में एकत्र होंगे। भारत को एएफसी एशियाई कप 2027 फाइनल राउंड क्वालीफायर के ग्रुप सी में बांग्लादेश, हांगकांग चीन और सिंगापुर के साथ रखा गया है जिसमें मैच होम-एंड-अवे (अपने और दूसरी टीम के मैदान पर राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेले जा रहे हैं। भारत 10 जून को हांगकांग के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। ग्रुप सी में पहले दो मैच भारत और बांग्लादेश के बीच और सिंगापुर और हांगकांग के बीच ड्रॉ रहे जिससे सभी चार टीमों को एक-एक अंक मिला। एआईएफएफ के बयान में कहा गया है, हांगकांग के खिलाफ एशियाई कप क्वालीफायर की तैयारी के लिए, टीम चार जून को थाईलैंड के खिलाफ फीफा अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच खेलने के लिए बैंकॉक जाने से पहले कोलकाता में 10 दिवसीय ट्रेनिंग शिविर में भाग लेगी। इसके बाद टीम अपने एशियाई कप क्वालीफायर के लिए हांगकांग जाएगी। कोलकाता शिविर के लिए संभावितः

गोलकीपरः ऋतिक तिवारी, विशाल कैथ, गुरमीत सिंह चहल, अमरिंदर सिंह।

डिफेंडरः नाओरेम रोशन सिंह, राहुल भेके, कोनशम चिंगलेनसाना सिंह, अनवर अली, थांगजाम बोरिस सिंह, संदेश झिंगन, आशीष राय, सुभाशीष बोस, मेहताब सिंह, टेकचाम अभिषेक सिंह, निखिल प्रभु।

मिडफील्डरः सुरेश सिंह वांगजम, नाओरेम महेश सिंह, आयुष देव छेत्री, उदांता सिंह कुमम, लालेंगमाविया राल्टे, लिस्टन कोलाको, आशिक कुरुनियन, ब्रैंडन फर्नांडिस।

फॉरवर्डः सुनील छेत्री, इरफान यदवाड, मनवीर सिंह, सुहैल अहमद भट, लल्लियानजुआला छांगटे।

प्रमुख कोचः मनोलो मार्केज।

डोपिंग निरोधक छापेमारी में प्रतिबंधित पदार्थों के साथ पकड़ा गया एक भारतीय

नयी दिल्ली। कीनिया की डोपिंग रोधी एजेंसी ने कहा कि हाल ही में देश के आपराधिक जांच निदेशालय (डीसीआई) के सहयोग से प्रतिबंधित दवाओं पर की गई छापेमारी के दौरान एक भारतीय नागरिक को विभिन्न शक्तिवर्धक पदार्थों की अवैध खेप के साथ पकड़ा गया। नैरोबी स्थित कीनिया की डोपिंग रोधी एजेंसी (एडीएके) ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा कि छापेमारी कार्रवाई योज़ खुफिया जानकारी के आधार पर की गई थी लेकिन भारतीय नागरिक की पहचान का खुलासा नहीं किया। कीनिया में मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि इस मामले में व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। एडीएके के सीईओ पेनिनाह वाहोम ने एक बयान में कहा, एडीएके ने डीसीआई के साथ मिलकर एल्गेयो मारक्वेट काउंटी के उच्च उंचाई वाले प्रशिक्षण शहर इटेन में रहने वाले एक भारतीय नागरिक के कब्जे से विभिन्न शक्तिवर्धक पदार्थों की अवैध खेप पकड़ी। उन्होंने कहा कि यह छापा कार्रवाई योज़ खुफिया जानकारी के बाद मारा गया था, जिसमें प्रदर्शन बेहतर करने वाले प्रतिबंधित पदार्थों के वितरण और उपयोग से संबंधित गतिविधियों में संभावित संलिप्तता का संकेत दिया गया था।

पंजाब किंग्स के खिलाफ दिल्ली के लिए करो या मरो का मुकाबला

धर्मशाला। दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिये फॉर्म में चल रही पंजाब किंग्स के खिलाफ बृहस्पतिवार को करो या मरो के मुकाबले में हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी।

पिछले पांच मैचों में तीन हारने और एक बेनतीजा रहने के बाद दिल्ली 11 मैचों में 13 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है। अक्षर पटेल की कप्तानी वाली टीम अपने घरेलू मैदान अरुण जेटली स्टेडियम पर सिर्फ एक मैच सुपर ओवर में जीत पाई है। पहले चार मैच जीतने वाली दिल्ली की टीम को उम्मीद है कि मैदान बदलने से उसकी तकदीर भी बदलेगी। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बारिश में धुले पिछले मैच में दिल्ली की बल्लेबाजी ईकाई ने निराश किया। उसके शीर्ष पांच बल्लेबाज 29 रन के स्कोर पर पवेलियन में थे और आशुतोष वर्मा की पारी के दम पर ही टीम 133 रन बना सकी। पिछले मैच में करुण नायर से पारी की शुरुआत कराने का दाव भी नहीं चला और वह खाता भी नहीं खोल पाये। दक्षिण अफ्रीका के फाफ डु प्लेसी गेंदबाजों की मददगार पिच पर शुरू ही से चौके छक्के लगाने के प्रयास में आउट हो गए। अभिषेक पोरेल अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा पा रहे हैं वहीं अब तक 381 रन बना चुके केएल राहुल लगातार अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे हैं। अक्षर खुद जल्दी आउट हो गए थे। दिल्ली की बल्लेबाजी में हालांकि अभी भी गहराई है। ट्रिस्टन स्टब्स, विपराज निगम और आशुतोष ने उसे सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ स्टेडियम बल्लेबाजों का मददगार रहा है। यहां पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपरजाइंट्स के बीच मैच में बड़ा स्कोर बना था। दूसरी ओर पंजाब किंग्स ने 11 में से सिर्फ तीन मैच गंवाये हैं और तालिका में तीसरे स्थान पर है। दिल्ली की बल्लेबाजी में निरंतरता का अभाव रहा है जबकि पंजाब के सलामी बल्लेबाजों ने उसे हमेशा शानदार शुरुआत दी है। प्रभसिमरन सिंह अभी तक 437 रन बना चुके हैं। कप्तान श्रेयस अय्यर ने भी 405 रन बना लिये हैं जिसमें चार अर्धशतक शामिल है। वह इस आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले दूसरे बल्लेबाज (27) है। प्रियांश आर्य 347 रन बना चुके हैं जबकि नेहाल वढेरा और शशांक सिंह ने भी जरूरत पड़ने पर उम्दा प्रदर्शन किया है। मिचेल स्टार्क, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और विपराज निगम समेत दिल्ली के पास बेहतरीन गेंदबाजी आक्रमण है। दूसरी ओर पंजाब के लिये अर्शदीप सिंह 16 विकेट ले चुके हैं लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ हैट्रिक के साथ 14 विकेट चटकाये हैं। उनके अलावा मार्को जानसेन, अजमतुल्लाह उमरजइ, विजयकुमार विशाख और मार्कस स्टोइनिस के विकल्प भी हैं।

हवाई अड्डा बंद, पंजाब और मुंबई के बीच मैच धर्मशाला की बजाय मुंबई में हो सकता है

नयी दिल्ली। पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर भारत के मिसाइल हमले के बाद धर्मशाला हवाई अड्डा अस्थायी रूप से बंद होने के कारण मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के बीच आईपीएल का मैच मुंबई में कराया जा सकता है क्योंकि दोनों टीमों का यात्रा कार्यक्रम बाधित हो गया है।

बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, इसकी पूरी संभावना है कि हवाई अड्डा बंद रहने पर मैच मुंबई में ही कराया जाये। धर्मशाला में बृहस्पतिवार को पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स का मैच होना है। इसके बाद 11 मई को पंजाब और मुंबई इंडियंस का मैच वहां खेला जाना है। दिल्ली और पंजाब का मैच धर्मशाला में ही होगा क्योंकि दोनों टीमें वहां पहुंच गई हैं। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ (एचपीसीए) के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, हमें बीसीसीआई या केंद्र और राज्य सरकारों से कल के मैच को रद्द करने के बारे में कोई लिखित सूचना नहीं मिली है। जब तक कोई आधिकारिक निर्देश नहीं मिलता, हम कार्यक्रम के अनुसार ही काम करेंगे। पंजाब किंग्स के एक अधिकारी ने कहा, हमें अभी तक स्थल परिवर्तन के बारे में नहीं बताया गया है। हम बीसीसीआई के फैसले का इंतजार कर रहे हैं। धर्मशाला पंजाब किंग्स टीम का दूसरा घरेलू मैदान है। पंजाब टीम को यात्रा संबंधी फिलहाल कोई दिक्कत नहीं है क्योंकि वे इस सप्ताह के अंत तक वहीं रहेंगे। दिल्ली को देखना होगा कि उसके खिलाड़ी वापिस कैसे आयेंगे जिन्हें रविवार को अरुण जेटली स्टेडियम पर गुजरात टाइटंस से खेलना है।

ऑपरेशन सिंदूर : तेंदुलकर समेत खिलाड़ियों ने भारत की कार्रवाई की सराहना की

नयी दिल्ली। पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त करने के लिये भारतीय सेना के आपरेशन सिंदूर की भारतीय खेल जगत ने सराहना की है और चैम्पियन क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने तो कहा कि एकता में निडर, शक्ति में असीम। भारतीय सशस्त्र बलों ने बुधवार तड़के पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिनमें जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ बहावलपुर और लश्कर-ए-तैयबा का अड्डा मुरीदके शामिल है।

यह कार्वाई पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के जवाब में की गई जिसमें 26 लोग मारे गए थे और अधिकांश पर्यटक थे। तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा, एकता में निडर, शक्ति में असीम। भारत की ढाल उसके लोग हैं। दुनिया में आतंकवाद के लिये कोई जगह नहीं है। हम एक टीम हैं। जय हिंद। पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने लिखा, अगर कोई आप पर पत्थर फेंके तो उस पर फूल फेंको लेकिन गमले के साथ। जय हिंद। भारत को 2011 वनडे विश्व कप जीत के नायक युवराज सिंह ने लिखा, हमारे देश की ताकत इसके लोगों की एकता और सही की रक्षा करने के हमारे संकल्प में है। हम एक देश ही नहीं बल्कि एक टीम के रूप में हर उस ताकत के खिलाफ साथ है जो अमन के लिये खतरा है। समरसता चाहने वाले विश्व में आतंकवाद के लिये कोई जगह नहीं हो सकती। पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन ने लिखा, भारत ने आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई की। पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान और ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने कहा जय हिंद। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच और भाजपा के पूर्व सांसद गौतम गंभीर ने आपरेशन सिंदूर तस्वीर के साथ लिखा, जय हिंद। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने आपरेशन सिंदूर की तस्वीर के साथ लिखा, भारतीय सशस्त्र बल ने प्रतिकूलता को सशक्त फतेह में बदल दिया। भारतीय सेना के शौर्य और साहस ने हम सभी को गौरवान्वित किया है। ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज विजेंदर सिंह और पहलवान योगेश्वर दत्त ने भी इसकी सराहना की। विजेंदर ने लिखा, भारत माता की जय। योगेश्वर ने लिखा, आतंकवाद अब बर्दाश्त नहीं करेगा भारत। जय हिंद, जय जवान। शतरंज खिलाड़ी विदित गुजराती ने लिखा, मुझे खुशी है कि भयानक पहलगाम हमले के बाद भारत ने आपरेशन सिंदूर के जरिये माकूल जवाब दिया। आतंकवाद का जवाब दिया ही जाना चाहिये। आपरेशन का कितना सुंदर नाम। भारत माता की जय। भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष और पूर्व फर्राटा धाविका पीटी उषा ने लिखा, भारत में और दुनिया में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं है। पूर्व विश्व चैंपियन महिला मुक्केबाज निकहत जरीन ने लिखा, हमारे फौजी धमकी नहीं देते, कार्रवाई करते हैं। आपरेशन सिंदूर उन वीरों का प्रमाण है जो केवल साहस की भाषा बोलते हैं।

यह लड़ाई जल्द खत्म हो: ट्रंप

वाशिंगटन। भारत द्वारा मंगलवार को आधी रात के बाद पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ढांचे को निशाना बनाकर किए गए सैन्य हमले के तुरंत बाद, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यह लड़ाई बहुत जल्द समाप्त हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि यह शर्मनाक है। ट्रंप ने आगे कहा कि हमने इसके बारे में तब सुना जब हम ओवल (अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय) जा रहे थे। मुझे लगता है कि लोगों को पता था कि अतीत में जो कुछ हुआ है उसके आधार पर कुछ होने वाला है। ट्रंप ने कहा कि वे लंबे समय से लड़ रहे हैं। वास्तव में, अगर आप वास्तव में इसके बारे में सोचें तो वे कई दशकों और सदियों से लड़ रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या उनके पास दोनों देशों के लिए कोई संदेश है, उन्होंने कहा, नहीं, मैं बस उम्मीद करता हूं कि यह बहुत जल्दी खत्म हो जाए। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए हैं, जिसमें आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ बहावलपुर भी शामिल है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सैन्य हमले ऑपरेशन सिंदूर के तहत किए गए। भारत की ओर से यह कार्रवाई पहलगाम आतंकी हमले के दो सप्ताह बाद हुई है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ये कदम पहलगाम में हुए बर्बर आतंकी हमले के मद्देनजर उठाए गए हैं, जिसमें 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की हत्या कर दी गई थी। बयान में कहा गया है, हम इस प्रतिबद्धता पर खरे उतर रहे हैं कि इस हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाएगा। इस बीच अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने दोनों देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों (एनएसए) से आग्रह किया है कि संवाद के रास्ते खुले रखें और टकराव की स्थिति से बचें। रुबियो के कार्यालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। इससे पहले सोशल मीडिया मंच एक्स पर विदेश विभाग ने पोस्ट किया, आज विदेश मंत्री ने भारत और पाकिस्तान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों से बात की। उन्होंने दोनों देशों से संवाद के रास्ते खुले रखने और तनाव नहीं बढ़ने देने का आग्रह किया। वाशिंगटन स्थित भारतीय दूतावास ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने हमलों के तुरंत बाद रुबियो से बात की और उन्हें भारत द्वारा की गई कार्वाई के बारे में जानकारी दी। रुबियो ने पाकिस्तान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार असीम मलिक से भी बात की। रुबियो ने कहा कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं और उम्मीद करते हैं कि यह जल्द खत्म हो जाएगा। मैं भारत और पाकिस्तान के बीच स्थिति पर करीब से नजर रख रहा हूं। उम्मीद है कि यह जल्द खत्म होगा और शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारतीय और पाकिस्तानी नेतृत्व दोनों के साथ बातचीत जारी रहेगी।

पहलगाम आतंकी हमले के शिकार की बेटी ने ऑपरेशन सिंदूर का स्वागत किया, प्रधानमंत्री, सेना को किया सलाम

कोच्चि। कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में मारे गए एन रामचंद्रन की बेटी आरती ने बुधवार को भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि इससे जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों को कुछ तो राहत मिलेगी।

उन्होंने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी शिविरों पर मिसाइल हमलों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भारतीय सेना और केंद्र सरकार को सलाम किया। आरती के पिता की आतंकवादियों ने 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हत्या कर दी थी। वह छुट्टियां मनाने कश्मीर गए थे। आरती ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में यह भी कहा कि इन हमलों के लिए ऑपरेशन सिंदूर से बेहतर कोई अन्य नाम नहीं हो सकता था। उन्होंने कहा कि आतंकवाद और आतंकवादियों को इससे बेहतर कोई करारा जवाब नहीं हो सकता था, जिन्होंने हमारे सामने हमारे पिता, भाइयों या पतियों को मार डाला। उन्होंने कहा, इसलिए इस अभियान को अंजाम देने वालों को सलाम। सरकार, प्रधानमंत्री और सेना के लोगों को बहुत-बहुत धन्यवाद जो इस अभियान को अंजाम दे रहे हैं और जो लगातार इसमें शामिल रहे हैं। आरती ने यह भी कहा कि वह और उनका परिवार सेना के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। उन्होंने कहा, सभी भारतीयों को इस अभियान से सुकून मिलना चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर से हिमांशी (नरवाल) सहित सभी पीड़ति परिवारों को कुछ राहत मिलनी चाहिए। हिमांशी के पति विनय नरवाल आतंकी हमले में मारे गए लोगों में से एक थे।

आतंकवाद के प्रति कतई बर्दाश्त नहीं करने का रवैया होना चाहिए दुनिया का: जयशंकर

एजेंसी

नयी दिल्ली। पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों पर भारत के हमले के कुछ घंटे बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को कहा कि दुनिया को आतंकवाद के प्रति कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनानी होगी। पहलगाम आतंकी हमले के दो सप्ताह बाद ऑपरेशन सिंदूर के तहत सैन्य हमले किए गए। पहलगाम हमले में 26 नागरिक मारे गए थे।

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि भारत ने ठिकानों के चयन और अपनी कार्वाई को अंजाम देने के तरीके में काफी संयम दिखाया है। जयशंकर ने एक्स पर कहा कि दुनिया को आतंकवाद के प्रति कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति दिखानी चाहिए। समझा जाता है कि इस अभियान को भारतीय वायुसेना और थल सेना ने संयुक्त रूप से अंजाम दिया। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उनके देश को भारत द्वारा थोपे गए युद्ध के इस कृत्य का मुंहतोड़ जवाब देने का पूरा अधिकार है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी राष्ट्र और पाकिस्तानी सशस्त्र बल दुश्मन से बहुत अच्छी तरह से निपटना जानते हैं।

अपने सशस्त्र बलों पर गर्व है

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर की गई सैन्य कार्वाई के बाद बुधवार को कहा कि उन्हें भारत के सशस्त्र बलों पर बहुत गर्व है।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने एक्स पर पोस्ट किया कि हमें अपने सशस्त्र बलों पर गर्व है। जय हिंद।

भारतीय सशस्त्र बलों ने पहलगाम आतंकी हमले के दो सप्ताह बाद सख्त जवाबी कार्वाई करते हुए मंगलवार देर रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किये, जिनमें आतंकवादी समूहों लश्कर-ए-तैयबा और जैश- ए- मोहम्मद के गढ़ भी शामिल हैं।

जांबाज सैनिको को सलाम, उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं: कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों पर भारत द्वारा किए गए मिसाइल हमले के लिए बुधवार को भारतीय सशस्त्र बलों के शौर्य को सलाम किया और कहा कि वह सरकार एवं अपने वीर जवानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।

पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर चर्चा और सशस्त्र बलों की सराहना की गई। बैठक में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेता शामिल थे। भारतीय सशस्त्र बलों के प्रति एकजुटता प्रकट करते हुए कांग्रेस ने बैठक में यह फैसला भी किया कि उसकी प्रस्तावित संविधान बचाओ रैलियां और अन्य कार्यक्रम अगले कुछ दिनों तक स्थगित रहेंगे। कार्य समिति की बैठक के बाद पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संवाददाताओं से कहा, भारतीय सशस्त्र बलों पर हम गर्व करते हैं, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके के आतंकी ठिकानों पर साहसिक और निर्णायक कार्वाई करते हुए मुहंतोड़ जवाब दिया है। हम अपने जांबाज सैनिकों के साहस, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रभक्ति को सलाम करते हैं। उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के दिन से ही भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने साफ तौर पर सशस्त्र बलों और सरकार के साथ एकजुटता से खड़े होकर सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ हर निर्णायक कार्वाई का समर्थन किया था। खरगे ने कहा कि पाकिस्तान और पीओके से उत्पन्न होने वाले आतंकवाद के सभी रूपों के विरुद्ध भारत की राष्ट्रीय नीति बहुत स्पष्ट और अडिग है। उनके अनुसार, महान भारत देश की राष्ट्रीय एकता और अखंडता की रक्षा के लिए सभी स्तर पर एकजुटता की सर्वाधिक जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस देश के वीर जवानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। इतिहास गवाह है कि हमारे नायकों ने हमेशा राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखते हुए, देश की एकता और अखंडता के लिए अपनी शहादत दी है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि अपने सशस्त्र बलों पर उन्हें बहुत गर्व है और वह उनके साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा सरकार जो कदम उठा रही है, उसका हम समर्थन करते हैं और हमें हमारे सशस्त्र बलों पर गर्व है। हम अपने जवानों की राष्ट्रभक्ति को सलाम करते हैं।

सुरक्षित स्थानों पर भेजे जा रहे सीमा के निकट रहने वाले लोग

जम्मू। पाकिस्तान की ओर से हो रही गोलीबारी के मद्देनजर नियंत्रण रेखा (एलओसी) और अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) के पास रहने वाले सैकड़ों लोगों को बुधवार को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया।

इससे पहले दिन में पाकिस्तानी सेना ने जम्मू क्षेत्र के पुंछ व राजौरी तथा उत्तरी कश्मीर के बारामूला व कुपवाड़ा के अग्रिम गांवों पर गोलाबारी और मोर्टार से हमला किया जिसमें चार बच्चों और दो महिलाओं समेत 12 लोगों की मौत हो गई तथा 50 से अधिक घायल हो गए। भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकियों के नौ ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिसके तुरंत बाद सीमापार से गोलीबारी हुई।

भारत ने 22 अप्रैल को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला लेने के लिए यह हमले किए जिसमें 26 लोगों की मौत हुई थी। अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास स्थित जोरियन गांव के निवासी लियाकत अली ने कहा कि हालांकि हमारे गांव में सीमा पार से कोई गोलीबारी नहीं हुई है, लेकिन हमें आर एस पुरा में स्थित आईटीआई कॉलेज में स्थानांतरित होने को कहा गया है, जहां मौजूदा तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए सरकार ने हमारे रहने के लिए आवश्यक प्रबंध किए हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने चुना ऑपरेशन सिंदूर नाम

नयी दिल्ली। पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों पर भारतीय सशस्त्र बलों के हमले का नाम ऑपरेशन सिंदूर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुना। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया।

आतंकवादियों ने 22 अप्रैल को पहलगाम में 26 नागरिकों की हत्या कर दी थी जिनमें सभी पुरुष थे और सूत्रों के अनुसार अनेक मृतकों की पीड़ति पत्नियों को ध्यान में रखते हुए जवाबी अभियान के लिए ऑपरेशन सिंदूर नाम सबसे मुफ़ीद समझा गया। सरकार ने एक आधिकारिक ब्रीफिंग में कहा कि लक्ष्यों को रात 1.05 बजे से 1.30 बजे के बीच निशाना बनाया गया, जिसमें पाकिस्तान और पीओके स्थित ठिकानों पर सटीक मिसाइल और ड्रोन हमले किए गए, जिनमें बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा का अड्डा भी शामिल था। प्रधानमंत्री मोदी ने रातभर अभियान पर नजर रखी और बाद में सफल हमले के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल की साप्ताहिक बैठक में सशस्त्र बलों की प्रशंसा की। सूत्रों ने बताया कि पहलगाम में नागरिकों की हत्या का बदला लेने के लिए इस सैन्य अभियान का नाम ऑपरेशन सिंदूर रखना प्रधानमंत्री का विचार था।

चीन ने भारत, पाकिस्तान से संयम बरतने का किया आह्वान

बीजिंग। चीन ने भारत और पाकिस्तान से क्षेत्र में शांति व स्थिरता के व्यापक हित को ध्यान में रखते हुए संयम बरतने का बुधवार को आह्वान किया। भारतीय सशस्त्र बलों ने मंगलवार एवं बुधवार की दरमियानी रात पाकिस्तान एवं पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकवादी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिनमें बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा का ठिकाना शामिल है।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर के तहत ये सैन्य हमले किए गए। पहलगाम आतंकवादी हमले में 26 भारतीय नागरिकों की जान गई थी। भारती की कार्रवाई के बाद चीन के विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा, हम मौजूदा स्थिति को लेकर चिंतित हैं। भारत और पाकिस्तान एक दूसरे के पड़ोसी हैं और हमेशा रहेंगे। वे दोनों चीन के पड़ोसी भी हैं। पहलगाम आतंकवादी हमले का स्पष्ट संदर्भ देते हुए उसने कहा, चीन हर तरह के आतंकवाद का विरोध करता है। इसमें कहा गया, हम दोनों पक्षों से शांति व स्थिरता के व्यापक हित के लिए काम करने, शांति कायम रखने, संयम बरतने और ऐसी कार्वाई करने से बचने का आग्रह करते हैं जिससे स्थिति और जटिल हो सकती है। बयान में कहा गया, आज सुबह भारत द्वारा की गई सैन्य कार्वाई चीन की नजरों में खेदजनक है। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान के मित्र चीन ने इसकी निंदा करते हुए हमले की निष्पक्ष व त्वरित जांच करने का आह्वान किया था। पिछले कुछ दिनों में दोनों देशों ने कूटनीतिक संपर्क भी बढ़ाया है। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री इशाक डार ने 27 अप्रैल को चीन के शीर्ष राजनयिक वांग यी से फोन पर बात की थी। इसके अलावा पाकिस्तान में चीनी राजदूत जियांग जेडोंग ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी से मुलाकात भी की। गौरलतब है कि चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग बुधवार को चार दिवसीय यात्रा पर रूस के लिए रवाना होने वाले हैं। शी के रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ घनिष्ठ व्यक्तिगत संबंध हैं। इस यात्रा के दौरान दोनों नेताओं के बीच बातचीत भी निर्धारित है।

उन चार आतंकवादियों का भी खात्मा किया जाये

इंदौर (मध्यप्रदेश)। पहलगाम आतंकी हमले में अपने पति को खोने वाली एक महिला ने भारतीय सशस्त्र बलों के ऑपरेशन सिंदूर को बुधवार को उचित करार दिया और कहा कि पहलगाम आतंकी हमले में शामिल उन चार दहशतगर्दों का भी खात्मा किया जाना चाहिए जिन्होंने उनके पति की जान ली थी। पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों के खिलाफ भारतीय सशस्त्र बलों के ऑपरेशन सिंदूर के बाद इस महिला ने यह बात कही। दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में मिनी स्विट्जरलैंड के नाम से मशहूर प्रमुख पर्यटक स्थल बैसरन में 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने हमला किया जिसमें 26 लोग मारे गए थे। मृतकों में ज्यादातर पर्यटक थे जिनमें इंदौर के सुशील नथानियल (58)

राष्ट्रीय राजधानी में ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गयी

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और प्रमुख स्थानों पर अतिरिक्त पुलिसकर्मियों तथा अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी पहले से ही हाई अलर्ट पर है और बुधवार को शाम चार बजे कई एजेंसियां मॉक ड्रिल करेंगी। उन्होंने कहा कि हमने प्रमुख स्थानों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए हैं। दिल्ली पुलिस पूरी तरह सतर्क है और किसी को भी कानून-व्यवस्था भंग करने नहीं दिया जाएगा। टीमें महत्वपूर्ण स्थानों पर कड़ी निगरानी रख रही हैं और सोशल मीडिया मंचों पर भी नजर रखी जा रही है।

आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हम साथ हैं : ममता

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सभी एक साथ हैं और लोगों के बीच कोई मतभेद नहीं होना चाहिए।

उनकी यह टिप्पणी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा पाकिस्तान और नेपाल की सीमा से लगे राज्यों के मुख्यमंत्रियों, मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों (डीजीपी) की तत्काल बुलाई गई बैठक के बाद आई है। यह बैठक पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी ठिकानों पर भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा किए गए हमलों के मद्देनजर बुलाई गई। बनर्जी ने राज्य सचिवालय में कहा, इस समय हम सभी को आतंकवाद के खिलाफ मिलकर लड़ाई लड़नी चाहिए और हमारे बीच कोई मतभेद नहीं होना चाहिए। उन्होंने मीडिया संस्थानों से भी तथ्यों के आधार पर खबर देने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि कोई गलत सूचना न फैलाई जाए।

जय हिंद , नारी शक्ति: पहलगाम हमले का बदला लेने के लिए लोगों ने की ऑपरेशन सिंदूर की सराहना

नयी दिल्ली। भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी शिविरों पर मंगलवार देर रात किये गये हवाई हमलों के बाद लोगों ने बुधवार को सोशल मीडिया पर सुरक्षा बलों की सराहना की और ज्यादातर सोशल मीडिया मंच जय हिंद के नारे से पटे दिखाई दिये।

एक्स पर ऑपरेशन सिंदूर, आतंकवाद, कर्नल सोफिया कुरैशी और नारीशक्ति जैसे हैशटैग तेजी से लोकप्रिय हुए। वहीं व्हाट्सएप पर लोगों की बातचीत में मॉक ड्रिल से लेकर पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकवादी ठिकानों पर भारत के लक्षित हमलों को उजागर करने वाले संदेशों की बाढ़ देखी गयी। एक व्यक्ति ने एक्स पर लिखा, ऑपरेशन सिंदूर के नाम से लेकर हमलों की सटीकता तक। दो महिलाओं द्वारा इसकी जानकारी देना। अब तक का बेहतरीन काम। एक अन्य व्यक्ति ने लिखा, यह रोंगटे खड़े कर देने वाला है। भारतीय सशस्त्र बल जय हो, जय हिंद। न्याय हुआ, जय हिंद से लेकर भारतीय सेना ने कर दिखाया जैसे पोस्ट सोशल मीडिया और डिजिटल मंचों पर भरे पड़े हैं। एक अन्य व्यक्ति ने एक्स पर कहा, ऑपरेशन सिंदूर भारत का वज्र था, जिसने सटीकता से आतंक के दिल पर प्रहार किया, पहलगाम के घावों का बदला लिया और हमारे देश को लहूलुहान करने की हिम्मत करने वालों के खिलाफ एक सख्त लाल रेखा खींची। जैश-ए-मोहम्मद के चार, लश्कर-ए-तैयबा के तीन और हिजबुल के दो शिविरों पर हमला किया गया। जय हिंद। सोशल मीडिया पर कई लोगों ने अभियान का नाम ऑपरेशन सिंदूर रखने में निहित गहरे प्रतीकात्मकता को उजागर किया। अभियान के नाम को भारतीय महिलाओं की ताकत और बलिदान के लिए एक श्रद्धांजलि के रूप में व्याख्यायित किया गया। सिंदूर, हिंदू महिलाओं के विवाहित होने का प्रतीक है।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

C M Y K